# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक




रामगढ़ के रजरप्पा स्थित छिन्नमस्तिका मंदिर में पूजा-अर्चना कर बाहर निकलते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनकी पत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन


• बोकारो, रविवार 8 फरवरी 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 262 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित


# आत्मनिर्भर होंगी झारखंड की महिलाएं

## स्वरोजगार के लिए 20-20 हजार रुपये ऋण देने की योजना पर काम कर रही हेमंत सरकार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में मंईयां सम्मान योजना के 50 लाख लाभुकों को बैंकों के माध्यम से स्वरोजगार के लिए 20-20 हजार रुपये ऋण देने की योजना पर राज्य सरकार काम कर रही है। प्रयास सफल रहे तो इस बार बजट में इसे शामिल किया जा सकता है। राज्य सरकार योजना के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बड़ा कदम उठाने की तैयारियां पूरी कर चुकी है। सूत्रों के अनुसार योजना को लेकर शनिवार को बैंकों के साथ वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की बैठक के दौरान सभी बैंक प्रतिनिधियों ने इसके क्रियान्वयन में सहयोग देने को लेकर अपनी ओर से सहमति दी और वरीय प्रबंधन से शीघ्र अनुमति प्राप्त कर लेने की बात भी कही। मंईयां सम्मान योजना



के तहत राज्य में लाभार्थियों को हर माह 2,500 रुपये की सहायता दी जा रही है। इसी को आधार बनाकर महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने का विचार किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बैंकों के सामने यह प्रस्ताव दिया कि महिला लाभुकों से किस्त की अदायगी उन्हें मिलनेवाली सम्मान राशि से की जा सकती है। मंत्री ने कहा कि इस सहायता राशि को सूक्ष्म व्यवसाय के लिए पूंजी के रूप में बदलकर महिलाओं को उद्यमी बनाया जा सकता है। योजना को औपचारिक रूप से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आठ मार्च को करने का प्रस्ताव भी रखा गया है। इस योजना को लेकर मुख्यमंत्री की भी सहमति है। योजना के नाम को लेकर भी मुख्यमंत्री के साथ विमर्श किया जाएगा। ऋण की अदायगी के लिए समय सीमा का निर्धारण वित्त विभाग के प्रतिनिधि और बैंकों के प्रतिनिधि आपस में बैठकर निर्णय लेंगे। वित्त मंत्री ने 12 से 24 महीने का समय तय करने का आग्रह किया है। यह भी प्रस्तावित किया गया है कि अगर लाभुक समय पर ऋण की अदायगी कर देता है तो बैंकों की ओर से व्यवसाय का भौतिक सत्यापन करते हुए ऋण सीमा को बढ़ाकर 50,000 तक किया जा सकता है। इस योजना के लिए ब्याज दर केसीसी के मानकों के अनुरूप रखने का विचार किया गया है। सूत्रों के अनुसार वित्त मंत्री ने बैंकों से कम से कम दस्तावेज पर यह ऋण उपलब्ध कराने का आग्रह किया है।वार्ता के दौरान तय किया गया कि दस रुपये के रेवेन्यू स्टैंप पर आवेदनकर्ता के आग्रह पर ऋण की राशि दी जा सकती है। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने इसकी प्रक्रिया सरल और सस्ती बनाए रखने को कहा है। अनिवार्य दस्तावेज के लिए केवल आधारकार्ड को शामिल करने का आग्रह किया है। उन्होंने बैंकों से आग्रह किया कि आवेदन के सात दिनों के अंदर तमाम प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। बैठक के दौरान विशेष डिजिटल पोर्टल के माध्यम से निगरानी का निर्णय लिया गया। वित्त विभाग के अधिकारी बैंकों के साथ मिलकर इस पोर्टल की संरचनाओं को तैयार करेंगे। इसके माध्यम से समय पर ऋण अदायगी सुनिश्चित की जाएगी।

# रांची में दूसरे दिन भी बम निरोधक दस्ते ने सिविल कोर्ट को खंगाला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड जगुआर के बम निरोधक दस्ते ने लगातार दूसरे दिन भी सिविल कोर्ट परिसर की गहन जांच की। इससे पहले शुक्रवार को कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी देने के बाद भी बीडीएस की टीम ने पूरे कोर्ट परिसर की जांच की थी। शनिवार को कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय बीडीएस की टीम के साथ सिविल कोर्ट पहुंचे, जिसके बाद एक बार फिर से कोर्ट परिसर के चप्पे-चप्पे की जांच की गई। कोतवाली डीएसपी ने बताया कि धमकी मामले की गंभीरता को देखते हुए पूरे कोर्ट परिसर को सुरक्षा घेरे में लेते हुए दूसरे दिन भी सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। कोतवाली डीएसपी ने बताया कि शनिवार को बीडीएस की टीम ने सीबीआई कोर्ट सहित तमाम कोर्ट की जांच की है। बिल्डिंग्स की जांच के बाद पार्किंग स्थल से लेकर हर स्थान की मेटल डिटेक्टर से जांच की गई है। रांची के सीनियर एसपी राकेश रंजन ने बताया



कि धमकी भरा ईमेल कोर्ट प्रशासन को प्राप्त हुआ था। ईमेल की जानकारी मिलते ही रांची पुलिस ने तुरंत एक्शन लिया। एहतियातन पूरे कोर्ट परिसर के साथ-साथ पूरे बिल्डिंग की जांच बम निरोधक दस्ते के द्वारा करवाई गई है। रांची एसएसपी ने बताया कि कोर्ट परिसर की सुरक्षा की व्यवस्था पूर्व से ही बेहतर है। हम किसी भी तरह का कोई रिस्क नहीं ले रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ धमकी भरा ईमेल भेजने वाले की पहचान की कवायद भी शुरू कर दी गई है। साइबर सेल ईमेल भेजने वाले की पहचान करने में जुट गई है। ईमेल आईडी, आईपी एड्रेस और अन्य डिजिटल ट्रेस की जांच की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त

**जामताड़ा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र के देवलवाड़ी पुलिस पिकेट के पास 5 फरवरी को वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने अवैध कोयला परिवहन का खुलासा किया है। इस कार्रवाई में फर्जी कागजात के सहारे ले जाए जा रहे 29.100 मीट्रिक टन कोयले से लदे एक 14 चक्का ट्रक को जब्त किया गया है। पुलिस ने ट्रक चालक को भी गिरफ्तार कर लिया है।

### महिला की गला दबाकर हत्या

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के पालकोट प्रखंड स्थित कुरूम ऊपर खमान गांव में 40 वर्षीय सुलोचना देवी की गला दबाकर हत्या कर दी गई। सूचना मिलने पर पालकोट पुलिस शनिवार को मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। हत्या के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### पिता पर दो माह के मासूम की हत्या का आरोप

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिला के झरिया से एक बेहद सनसनीखेज और दिल को झकझोर देने वाली खबर सामने आई है। लोदना ओपी क्षेत्र के मधुबन 40 धोड़ा मुखिया मोहल्ला में एक पिता पर अपने ही दो माह के मासूम बेटे की हत्या का गंभीर आरोप लगा है। इस मामले में आरोपी की पत्नी ने लोदना ओपी में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। महिला के अनुसार वह बच्चे को दूध पिलाकर सुला दी और खुद भी सो गई। कुछ देर बाद जब उसकी नींद खुली तो उसने देखा कि बच्चे की तबीयत गंभीर है और नाक से खून बह रहा है। घबराई महिला तुरंत बच्चे को लेकर झरिया अस्पताल पहुंची, जहां से डॉक्टरों ने उसे धनबाद रेफर कर दिया। धनबाद पहुंचने पर डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया।

### पुल मरम्मत कार्य को लेकर बदला कई ट्रेनों का मार्ग

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** रांची रेल मंडल के अंतर्गत रांची-लोहरदगा-टोरी रेलखंड पर चल रहे मरम्मत कार्य को देखते हुए रेलवे ने राजधानी एक्सप्रेस सहित कुल 10 ट्रेनों के मार्ग, ठहराव और समय-सारिणी में अस्थायी बदलाव किया है। यह बदलाव अलग-अलग तिथियों में प्रभावी रहेगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार ट्रैक की मजबूती, स्लीपर और सिग्नल सिस्टम के उन्नयन को लेकर यह कार्य किया जा रहा है। इसी कारण कई ट्रेनों को वैकल्पिक मार्ग से चलाया जा रहा है जबकि कुछ पैसेंजर ट्रेनों को अस्थायी रूप से रद्द किया गया है। बदलाव के चलते रांची, लोहरदगा, टोरी, टाटीसिलवे, मेसरा, बरकाकाना समेत आसपास के स्टेशनों से यात्रा करने वाले यात्रियों को असुविधा हो सकती है।

## शादी की सालगिरह पर मां छिन्नमस्तिका मंदिर में मुख्यमंत्री ने टेका मत्था

# सीएम हेमंत ने की राज्य की खुशहाली की कामना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रामगढ़।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पत्नी कल्पना सोरेन के साथ शादी की सालगिरह पर शनिवार को रामगढ़ के प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां छिन्नमस्तिका मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने माता के दरबार में विधिवत पूजा-अर्चना कर मां भवानी से राज्य की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। रामगढ़ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का गृह जिला है और रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर से उनकी गहरी आस्था जुड़ी है। इस कारण मुख्यमंत्री समय-समय पर यहां आकर माता का आशीर्वाद लेते रहे हैं। अपनी शादी की सालगिरह पर मुख्यमंत्री ने मां के चरणों में शीश नवाया, जो उनकी गहरी धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ाव को दर्शाता है। मंदिर



परिसर में मुख्यमंत्री ने परिवार समेत विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। वहीं मंदिर में मौजूद श्रद्धालु मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर काफी उत्साहित नजर आए। वहीं मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर रजरप्पा मंदिर परिसर और आसपास के इलाकों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। रामगढ़ के डीसी फैज अक अहमद मुमताज और एसपी अजय कुमार स्वयं सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करते नजर आए। वहीं रामगढ़ विधायक ममता देवी के साथ-साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में मौके पर मौजूद रहे। रजरप्पा मंदिर के वरिष्ठ पुजारी सुभाशीष पंडा ने बताया कि आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की शादी की सालगिरह है और इसी अवसर पर वे पूरे परिवार के साथ मां छिन्नमस्तिका का आशीर्वाद लेने पहुंचे हैं। उन्होंने मां की विधिवत पूजा-अर्चना कर राज्य और समाज के कल्याण की कामना की। मां छिन्नमस्तिका की पूजा-अर्चना के बाद मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह दौरा पूरी तरह पारिवारिक और धार्मिक है। उन्होंने कहा कि मां का आशीर्वाद लेने आए हैं और मां छिन्नमस्तिका से राज्य की खुशहाली की प्रार्थना की।

# बाइक सवार अपराधियों ने जेवर दुकानदार से की 25 लाख के गहनों की लूट

**नवीन/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** जिले में शनिवार को बाइक सवार तीन अपराधियों ने जेवर दुकानदार से लूट की घटना को अंजाम दिया। बड़कागांव स्थित डेली मार्केट के पास अपराधी जेवर दुकानदार प्रभु सोनी से 25 लाख के जेवरात लेकर फरार हो गए। प्रभु सोनी गहनों से भरे थैला लेकर दुकान खोलने आ रहे थे। इसी बीच दुकान के पास ही उनके हाथ से गहनों से भरा थैला लेकर बदमाश भाग निकले। भागते वक्त बदमाशों ने 4-5 राउंड फायरिंग भी की। दुकान के पास मौजूद सुधीर सोनी के हाथ में गोली लग गई और वो जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को अस्पताल में पहुंचाया गया। एक बाइक पर तीन की संख्या में आए अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया और मौके से भाग निकले। लूट और फायरिंग के बाद घटनास्थल पर अफरातफरी मच गई। सूचना मिलते ही बड़कागांव पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई। घायल सुधीर सोनी को तत्काल बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इधर, पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता ने बताया कि जिस जेवर दुकान के पास यह घटना हुई है, वहां से अपराधी आभूषण लेकर फरार हो गए हैं। साथ ही एक स्थानीय युवक सुधीर सोनी गोली लगने से घायल हुआ है। पुलिस अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

# जंगली हाथियों ने दादा-पोता को कुचलकर मार डाला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रामगढ़/बोकारो।** जिले के महुआटांड़ थाना क्षेत्र में गजराज का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते एक दिन पहले जहां हाथियों ने घर से निकाल तीन बुजुर्गों को कुचल दिया था वहीं शनिवार को एक बार फिर हाथियों के झुंड ने महुआटांड़ थाना क्षेत्र के गंगपुर गांव में कहर बरपाया है। इस घटना में एक ही परिवार के दो लोगों की मौत हो गई जबकि इसी परिवार के तीन बच्चे सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मृतक के परिजन भोला साव ने बताया कि गंगपुर के हाथियों ने सोमर साव के घर पर हमला कर दिया था। इस दौरान घर मे मौजूद सभी लोग छत पर जाने के लिए भागे लेकिन हाथियों ने सोमर साव सहित पूरे परिवार को अपनी चपेट में ले लिया, जिसमें एक बच्चे सहित सोमर साव की मौत हो गई। मृतकों की पहचान सोमर साव और उसके पोते अमन साव (3 वर्ष) के रूप में हुई है जबकि तीन बच्चे सहित एक बुजुर्ग महिला घायल हुए हैं। सभी रामगढ़ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनका इलाज चल रहा है। मामले को लेकर बोकारो डीएफओ संदीप शिंदे ने बताया कि हाथी हमले में दो लोगों की मौत हुई है। हमारी क्यूआर टीम हाथियों को भगाने के लिए दिन-रात काम कर रही है। हमने रामगढ़ और बंगाल से भी हाथी भगाने वाली एक्सपर्ट टीम को बुलाया है।

# शांतिपूर्ण मतदान करवाना पुलिस प्रशासन का प्रमुख लक्ष्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** नगर निगम चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से सुनिश्चित करने को लेकर प्रशासन और पुलिस अलर्ट मोड में हैं। पूर्व में किसी भी तरह के चुनाव में अशांति फैलाने वाले लोगों को नोटिस जारी किया जा रहा है। साथ ही साथ सभी लाइसेंसी हथियार धारकों को जल्द से जल्द हथियार थाना या फिर पुलिस लाइन में जमा करने का निर्देश भी जारी कर दिया गया है। झारखंड में होने वाले निकाय चुनाव की तारीख के जैसे-जैसे नजदीक आ रही है पुलिस अपनी तैयारी को और मुकम्मल करते जा रही है। निकाय चुनाव में किसी भी अव्यवस्था, हिंसा या चुनावी प्रक्रिया में बाधा की आशंका को भांपते हुए रांची पुलिस ने कड़े कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। इस कड़ी में जेल से छूटे दागी अपराधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है, जबकि 500 से अधिक संदिग्धों को सीआरपीसी की धारा 163 के तहत नोटिस जारी किया गया है। रांची के सिटी एसपी पारस राणा के निर्देश पर सभी डीएसपी और थानेदार जेल से जमानत पर छूटे अपराधियों का सत्यापन कर रहे हैं। इनमें वे लोग शामिल हैं जो आपराधिक घटनाओं में लिप्त होकर जेल जा चुके हैं। इन अपराधियों से हर सप्ताह या 15 दिन में एक बार थाना में हाजिरी लगवाई जाएगी। इसका उद्देश्य है कि चुनाव के दौरान ये लोग किसी कानून-व्यवस्था की घटना में शामिल न हों। पुलिस का मानना है कि इससे




अपराधियों पर नकेल कसी रहेगी और चुनावी माहौल सुरक्षित बनेगा। रांची पुलिस ने अब तक 500 से अधिक लोगों को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 163 के तहत नोटिस जारी किए हैं। ये नोटिस उन व्यक्तियों को दिए गए हैं जिनके खिलाफ पहले विवाद, झगड़े, चुनावी गड़बड़ी या कानून-व्यवस्था बिगाड़ने के रिकॉर्ड दर्ज हैं। नोटिस पाने वालों को संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष निर्धारित तारीख पर हाजिर होना अनिवार्य है। वहां शांति बनाए रखने के लिए बांड भरना होगा, जो यह सुनिश्चित करेगा कि वे चुनाव में कोई अवैध या अशांति वाली गतिविधि न करें।बांड भरने के बाद भी अगर कोई गड़बड़ी करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी, जिसमें जेल भेजना भी शामिल है।

# कांग्रेस में अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं : केशव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में नगर निकाय का चुनाव भले ही दलीय आधार पर नहीं हो रहा हो लेकिन कांग्रेस इस चुनाव को दलीय आधार जैसा मानकर ही लड़ रही है। लिहाजा पार्टी अब उन बागी कांग्रेस नेताओं पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की तैयारी में है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने 05 फरवरी को पार्टी के लेटर पैड पर पत्र जारी कर आदेश जारी किया। इसके तहत पार्टी समर्थित उम्मीदवार के अलावा उनसे जुड़े जिन नेताओं ने मेयर, अध्यक्ष, वार्ड पार्षद पद के लिए नामांकन किये हो वह अपना नामांकन वापस ले लें अन्यथा उनपर अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के हस्ताक्षर से जारी आदेश सभी जिलाध्यक्षों, जिला पर्यवेक्षकों के साथ-साथ राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल, प्रदेश प्रभारी के राजू और सह प्रभारी श्रीबेला प्रसाद को भी इसकी इत्तिला दे दी थी। इस पत्र के जरिए नामांकन वापस लेने के साथ ही डिस्ट्रिक्ट पॉलिटिकल अफ़ेयर्स कमेटी नगर निगम के मेयर या नगर परिषद के चेयरपर्सन पद के लिए किसी एक उम्मीदवार को समर्थन देने का फैसला करने का जिक्र करते हुए अन्य कांग्रेस पार्टी से ताल्लुक रखने वाले नेताओं से अपना नामांकन वापस लेने को कहा गया था। यदि कोई प्रत्याशी नाम वापस नहीं लेता है तो उसे पार्टी अनुशासन का उल्लंघन माना जाएगा और अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से दी गयी। यदि कोई उम्मीदवार जिला कांग्रेस अध्यक्ष की सलाह नहीं मानता है और नामांकन वापस नहीं लेता है तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने नगर निकाय चुनाव में पार्टी की अधिकृत रणनीति के अनुसार सभी कार्यकर्ताओं और नेताओं को एकजुट होकर अधिकृत उम्मीदवार का समर्थन करना चाहिए। इससे पार्टी संगठन मजबूत होगा और चुनाव में बेहतर परिणाम मिलेंगे। पार्टी स्टैंड के खिलाफ जाकर कई नगर पंचायत-नगर परिषद के अध्यक्ष पद के लिए कई उम्मीदवार मैदान में डटे हैं। वहीं मेयर पद के लिए तीन नगर निगम क्षेत्र में कांग्रेस के बागी उम्मीदवार, अपने ही पार्टी समर्थित उम्मीदवार के खिलाफ मैदान में हैं। देवघर नगर निगम क्षेत्र से मेयर पद के लिए कांग्रेस समर्थित रवि केशरी हैं, इसके बावजूद डॉ. कुमार गौरव मैदान में हैं। इसी तरह गिरिडीह नगर निगम से कांग्रेस समर्थित डॉ. समीर राज की उम्मीदवारी के बावजूद जुगेश्वर मेहता ताल ठोक रहे हैं। वहीं मानगो नगर निगम से मेयर पद के लिए कांग्रेस समर्थित सुधा गुप्ता के चुनाव मैदान में होने के बावजूद जेबा खान चुनाव मैदान में डटी हुई हैं। शहरी निकाय चुनाव में पार्टी समर्थित उम्मीदवारों के खिलाफ ही चुनाव मैदान में डटे कांग्रेसी नेताओं पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई जरूरी है। इसकी पैरवी करते हुए कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि पार्टी कभी नहीं चाहती कि हमारी पार्टी की नीति, सिद्धांतों और विचारधारा में विश्वास रखने वाले लोग आपस में ही प्रतिद्वंदिता करते दिखे और जनता में भ्रम की स्थिति हो। यह निकाय चुनाव से ज्यादा पार्टी के अंदर की अनुशासन का मामला है कि पार्टी में रहकर क्यों अध्यक्ष के आदेशों की अवहेलना की गई। निकाय चुनाव में पार्टी के दिशा निर्देश नहीं मानने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के प्रदेश अध्यक्ष की ओर से दिए गए संकेत को वाजिब बताते हुए कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि बात चाहे चुनाव की हो या संगठन की अनुशासन तो होना ही चाहिए। उन्होंने कहा कि भले ही चुनाव दलीय आधार पर नहीं हो रहा हो लेकिन चुनाव तो किसी न किसी पार्टी से जुड़े नेता ही लड़ रहे हैं, ऐसे में अनुशासन हीनता पर कार्रवाई होनी ही चाहिए।



C M Y K

## एक नजर

### बदला झारखंड का मौसम, तेजी से गिरा तापमान

**रांची/नबिटा ब्यूरो**। मौसम विभाग के अनुसार, हिमालयी क्षेत्रों में हो रही भारी बर्फबारी और वहां से आने वाली ठंडी हवाओं का सीधा असर झारखंड के मौसम पर पड़ रहा है। विभाग का कहना है कि यह शीत लहर अगले एक सप्ताह तक बनी रह सकती है। पिछले 24 घंटों में कई जिलों में न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। डाल्टनगंज में तापमान 8.02 डिग्री, खूंटी में 8.6 डिग्री, जबकि लातेहार और लोहरदगा में यह 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा।

**13 जिलों में तापमान 10 डिग्री से नीचे**

राज्य के कम से कम 13 जिलों में न्यूनतम न तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है। इनमें रांची, खूंटी, गुमला, लोहरदगा, लातेहार, हजारीबाग, रामगढ़ और पलामू प्रमुख हैं। ठंड के साथ-साथ सुबह के समय घना कोहरा भी लोगों की परेशानी बढ़ा रहा है। यह ठंडा मौसम अगले एक हफ्ते तक जारी रह सकता है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि खूंटी, लोहरदगा, लातेहार, पलामू और रांची में सुबह के समय दृश्यता घटकर मात्र 50 मीटर तक रह सकती है। ऐसे में वाहन चालकों और यात्रियों को विशेष सतर्कता बरतने और सूरज निकलने के बाद ही घर से निकलने की सलाह दी गई है। हालांकि, दिन के अधिकतम तापमान में ज्यादा बदलाव की संभावना नहीं है। अधिकांश जिलों में अधिकतम तापमान 25 से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा, जबकि जमशेदपुर में यह 29 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

### ग्रामीणों ने रेंजर सहित वन कर्मियों का किया घेराव

**बोकारो/नबिटा ब्यूरो**। जिले के गोमिया में जंगली हाथियों के हमलों से नाराज गांव वालों ने वन विभाग की टीम को घेर लिया। गांव वाले काफी आक्रोशित थे। उन्होंने वन विभाग की गाड़ियों में आग लगाने की धमकी भी दी। इस इलाके में हाथियों का आतंक लगातार बना हुआ है। इन हमलों में कई लोगों की जान जा चुकी है। पिछले तीन दिनों में, एक चार साल के बच्चे समेत पांच लोगों की हाथी के हमले में मौत हो गई है। शुक्रवार रात करीब 9:30 बजे, महुआ टॉड पुलिस थाना इलाके के गांगपुर गांव में हाथी के हमले में एक ही परिवार के दो लोगों की मौत हो गई। तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मरने वालों में 50 साल के सोमर साव और उनका चार साल का पोता अमन कुमार शामिल थे। स्थानीय लोगों के मुताबिक, एक हाथी अचानक गांव में घुस आया और घरों के पास लोगों पर हमला कर दिया। गांव वालों ने मौके पर पहुंचे गोमिया क्षेत्र के रेंजर को घेर लिया। पूर्व जेएलकेएम उम्मीदवार पूजा महतो ने रेंजर से सवाल किया कि जंगल में अवैध खनन और पेड़ों की कटाई क्यों नहीं रोकी जा रही है, क्योंकि इन गतिविधियों से जंगल बर्बाद हो रहा है और जंगली जानवर गांवों में घुस रहे हैं, जिससे लोगों पर हमले हो रहे हैं। इस घटना के बारे में बोकारो रेंजर बटुकेश्वर पासवान ने कहा कि वह और उनकी क्विक रिस्पॉन्स टीम हाथियों को भगाने के लिए दिन-रात काम कर रही है। उन्होंने बताया कि घटना में मरने वालों के परिवारों को तुरंत 25,000 का मुआवजा दिया जा रहा है, और घायलों को भी 25,000 के साथ-साथ विभाग द्वारा उनके इलाज का खर्च का पूरा भुगतान किया जा रहा है। मरने वालों के परिवारों को सरकारी नियमों के अनुसार 4 लाख का मुआवजा भी मिलेगा। गांव वालों ने साफ तौर पर मांग की है कि प्रशासन और वन विभाग प्रभावित परिवारों को तुरंत मुआवजा दे, इलाके में स्थायी सुरक्षा व्यवस्था करे, और जंगली हाथियों के आतंक को खत्म करने के लिए एक स्थायी और प्रभावी समाधान लागू करे।

# मेदिनीनगर नगर निगम के 11 मेयर प्रत्याशी चुनाव मैदान में : उपायुक्त

**उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक संग किया प्रेस कॉन्फ्रेंस, प्रेस को चुनाव संबंधी दी जानकारी**

**किसी प्रत्याशी को मिला बिस्किट तो किसी को मिला बेंच, किसी को एयर कंडीशनर तो किसी को बैटरी टॉर्च**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)**। मेदिनीनगर नगर निगम के 11 मेयर प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गए हैं। जबकि बिश्रामपुर नगर परिषद से 21, हुसैनाबाद नगर पंचायत से 7, हरिहरगंज नगर पंचायत के 10 व छतरपुर नगर पंचायत के 24 प्रत्याशी अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ेंगे। उक्त जानकारी पलामू की उपायुक्त समीरा एस ने दी। कॉन्फ्रेंस हॉल में पत्रकारों को नगर निकाय चुनाव से संबंधित जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि मेदिनीनगर निगम के 35 वार्ड में 180 वार्ड पार्षद प्रत्याशी मैदान में है। इसी तरह विश्रामपुर नगर परिषद के 20 वार्ड में 135 वार्ड सदस्य चुनाव मैदान में हैं। उन्होंने बताया कि हुसैनाबाद नगर पंचायत के 16 वार्ड में 77 सदस्य, हरिहरगंज नगर पंचायत के 106 वार्ड सदस्य व छतरपुर नगर पंचायत के 16 वार्ड में 147 प्रत्याशी मैदान में हैं।




उपायुक्त ने बताया कि मेदिनीनगर नगर निगम के वार्ड पार्षद के चुनाव में तीन प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। इनमें वार्ड संख्या 5 की मीरा देवी, वार्ड संख्या 23 के मनोज सिंह व वार्ड संख्या 29 के नवीन कुमार गुप्ता के नाम शामिल है। उन्होंने बताया कि हुसैनाबाद नगर पंचायत के वार्ड संख्या 14 के सुनील कुमार चौधरी भी निर्विरोध चुनाव जीत गए हैं।

उन्होंने बताया कि मेदिनीनगर निगम के 11 प्रत्याशियों के चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं। इनमें अरुणा शंकर को एयर कंडीस्नर, आईसा सिंह को छड़ी, जयश्री गुप्ता को चुड़ियां, जानकी देवी को बैटरी टार्च, नम्रता त्रिपाठी को बेंच, पूनम सिंह को बिस्कूट, मीना गुप्ता को बक्सा, मेघा श्री राम कुमार सिंह को ईट, रिंकू सिंह को बाल्टी, शीला कुमारी को कैमरा, श्वेता विकाश कुमारी को कार्पेट चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है।

मौके पर मौजूद पलामू की पुलिस अधीक्षक रेशमा रमेश ने बताया कि चुनाव प्रचार के दौरान संबंधित प्रत्याशी को आवंटित वाहनों से अधिक पाए जाने पर आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा उन्होंने बताया कि इन कर आवंटित वाहनों के अलावा अन्य किसी वाहनों पर झंडा बैनर पोस्टर नहीं लगे होने चाहिए। एक सवाल के जवाब में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अगर कोई प्रत्याशी के साथ अपना निजी वाहन लेकर चल रहा है तो उस पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं की जा सकती है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन व जिला सूचना पदाधिकारी डॉ असीम कुमार मौजूद थे।

## रांची में सब्जियों के दाम ने बिगाड़ा किचन का बजट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची**। राजधानी और आसपास के बाजारों में इस बार गैर-मौसमी सब्जियों के दामों पर आसमान छूने का दौर चल रहा है। भिंडी, करेला, सहजन, कटहल, नेनुआ और परवल जैसी पसंदीदा सब्जियां आमजन की थाली से बाहर होती जा रही हैं।

परवल का भाव 200 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गया है, जबकि सहजन भी 200 रुपये किलो बिक रही है। कटहल भी 100 रुपये के आसपास लेन-देन हो रहा है। ये सब्जियां को बंगाल, बिहार और दक्षिण भारत से मंगाई जा रही हैं, क्योंकि स्थानीय उत्पादन मार्च से अप्रैल से शुरू होगा।

**आपूर्ति कम होने से दाम बढ़े**

डेली मार्केट के थोक विक्रेता रवि कुमार ने बताया कि आपूर्ति कम होने से दाम चढ़ गए हैं। जब तक लोकल सप्लाई न आए राहत मिलना मुश्किल हैं, दूसरी तरफ, मौसमी सब्जियां जैसे फूलगोभी, बंदागोभी, पालक, मटर व



टमाटर सस्ते दामों पर उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि एक महीने तक बारिश न हुई तो ये सस्ती बनी रहेंगी। खरीदारी करती मीना देवी बोलीं, महंगाई से बजट बिगड़ रहा है, इसलिए सस्ती सब्जियों पर निर्भर हैं। महंगी चीजें सप्ताह में एकाध बार ही ले पाते हैं। महंगी-सस्ती सब्जियों के बढ़ते अंतर से खरीदारी पैटर्न बदल गया है। किसान संघ के पदाधिकारी ने कहा, स्थानीय फसल आने पर ही दाम स्थिर होंगे। आम आदमी अब मौसमी उत्पादों की ओर रुख कर रहा है, जिससे महंगी सब्जियों की मांग घटी है।

## शिक्षा की बदौलत पलामू से पैदा करेंगे आइएएस, आइपीएस, आइएफएस व बीडीओ- सीओ : जीएम रीमा मिश्रा

**चाणक्य आइएएस एकेडमी के मेगा स्कॉलरशिप सम्मान समारोह में मेधावी विद्यार्थी हुए सम्मानित**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)**। मेदिनीनगर के होटल निर्वाण के परिसर में शनिवार को प्रतिष्ठित संस्थान चाणक्य आइएएस एकेडमी रांची का ओपन मेगा टेस्ट' के आधार पर अवार्ड शिरोमणी सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में एकेडमी द्वारा आयोजित स्कॉलरशिप टेस्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके पहले कार्यक्रम का शुभारंभ चाणक्य आईएएस एकेडमी की जीएम रीमा मिश्रा, वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा, बलवंत दुबे, झारखंड हेड सह सीईओ अभिनव मिश्रा, हजारीबाग सेंटर हेड मोहन कुमार व मिथिलेश दुबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। साथ ही मेगा



टेस्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली संस्कृति कुमारी, वैष्णवी कुमारी व प्रीति कुमारी को प्रथम रैंकर्स के रूप में सम्मानित किया गया।

**33 वर्षों का स्वर्णिम इतिहास**

समारोह को संबोधित करती हुई जीएम रीमा मिश्रा ने कहा कि वे चाणक्या आईएएस एकेडमी द्वारा दी गई शिक्षा की बदौलत पलामू से आइएएस, आइपीएस, आईएफएस व बीडीओ- सीओ पैदा करेंगे। सभागार में बैठे हुए छात्र-छात्राएं ही एक न एक दिन देश में परचम लहराएंगे। उन्होंने कहा कि पलामू उनका नैहर है। यहां की बेटी हैं। वे चाहती हैं कि पलामू के बच्चे बड़े पदाधिकारी बनें। चाणक्या आइएएस एकेडमी ने हर घर ऑफिसर मुहिम चलाया है। उन्होंने कहा कि झारखंड सहित कई राज्यों में चाणक्या आईएएस अकैडमी से शिक्षा ग्रहण कर व बड़े-बड़े पदाधिकारी बन अपना परचम लहरा रहे हैं। मौके पर वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा ने कहा कि चाणक्य आइएएस एकेडमी पिछले 33 वर्षों से राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभा रही है। संस्थान के मार्गदर्शन में अब तक 5,300 से अधिक विद्यार्थियों ने आईएएस, आईपीएस सहित अन्य केंद्रीय सेवा में योगदान दे रहे हैं। 20,000 से अधिक विद्यार्थी विभिन्न राज्य लोक सेवा आयोगों व अन्य सरकारी सेवाओं में चयनित होकर देश की सेवा कर रहे हैं। मौके पर अन्य वक्ताओं ने मेधावी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। एकेडमी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने छात्रों को संबोधित करते हुए सिविल सेवा परीक्षा की बारीकियों और सफलता के मंत्र साझा किए। हर घर ऑफिसर मुहिम के तहत इस बात पर जोर दिया कि सही मार्गदर्शन व दृढ़ संकल्प से छोटे शहरों के बच्चे भी देश की सबसे कठिन परीक्षाओं के अंतिम चयन में अपना स्थान प्राप्त कर सकते हैं। समारोह के दौरान बड़ी संख्या में विद्यार्थी व अभिभावक उपस्थित थे।

## नवीन गुप्ता उर्फ लाल बाबू वार्ड 29 से निर्विरोध निर्वाचित

**निर्वाचित पदाधिकारी ने दिया लाल बाबू को जीत का प्रमाण पत्र**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)**। मेदिनीनगर नगर निगम चुनाव की सरगर्मियों के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। निगम के कद्दावर नेता लाल बाबू शनिवार को वार्ड नंबर 29 से निर्विरोध वार्ड पार्षद चुन लिए गए हैं।शनिवार को निर्वाचन पदाधिकारी ने उन्हें जीत का प्रमाण पत्र सौंप दिया। उनकी इस जीत ने उनके समर्थकों में उत्साह भर दिया। निर्विरोध निर्वाचित होने के बाद लाल बाबू ने वार्ड 29 की जनता का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह जीत उनकी नहीं बल्कि वार्ड 29 के देवतुल्य जनता के विश्वास व स्नेह की जीत है। निर्विरोध चुना जाना उनके लिए गौरव की बात है। यह जिम्मेदारी अब और बढ़ गई है। उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वे कभी निर्विरोध वार्ड कमिश्नर का चुनाव जीत पाएंगे। लेकिन आज उन्होंने देख भी लिया। वार्ड की देव तुल्य जनता, साथियों के प्यार व बड़े बुजुर्गों



के आशीर्वाद के कारण यह संभव हो पाया है कि कोई अन्य प्रत्याशी उनके खिलाफ चुनाव नहीं लड़ा। वे सभी वार्ड निवासियों के आभारी हैं। उन्होंने कहा कि वार्ड 29 की जनता से आग्रह करेंगे कि किसी भी काम के लिए वे हमारे पास नहीं, बल्कि मैं उनके घर जाकर उनका काम कराऊंगा। केवल उन्हें सूचित करेंगे और वे जनता के लिए उपलब्ध रहेंगे। उनका लक्ष्य वार्ड 29 का समग्र विकास व हर नागरिक की समस्याओं का समाधान करना है। वार्ड 29 के पार्षद नवीन कुमार गुप्ता उर्फ लाल बाबू अपने पिछले कार्यकाल में कुछ ऐसा कार्यों का कमाल दिखाया है कि जनता उनके काम की कायल है। इन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान जनता के हर समस्याओं को दूर करने का काम किया है। सबसे बड़ी उनकी खासियत है कि ये मृदीभाषी मिलनसार, हंसमुख स्वभाव के एक बेहतर इंसान हैं। शायद यही कारण है कि किसी ने उनके खिलाफ पर्चा दाखिल नहीं किया। झारखंड या देश में बहुत ही काम ऐसे जनप्रतिनिधि होते हैं, जिनके खिलाफ कोई भी चुनावी मैदान में नहीं उतरता है।

## झारखंड को 15वें वित्त आयोग की दूसरी किश्त मंजूर

**रांची/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। केंद्र सरकार के पंचायती राज मंत्रालय ने झारखंड को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 15वें वित्त आयोग की बेसिक ग्रांट की दूसरी किस्त जारी करने की सिफारिश कर दी है। इस तहत राज्य को कुल 275.12 करोड़ रुपये अगले हफ्ते मिल जाएंगे। झारखंड ने पहली किस्त के उपयोग, पंचायों के गठन, ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर योजनाओं की अपलोडिंग, खातों के समापन, ऑडिट और राज्य वित्त आयोग से जुड़ी सभी वैधानिक शर्तों को पूरा किया है। पहली किस्त 24 दिसंबर 2025 को जारी की गई थी, जिसे राज्य ने निर्धारित समय सीमा के भीतर पंचायतों को स्थानांतरित कर दिया। अनुदान की राशि में से 75 प्रतिशत ग्राम पंचायतों, 15 प्रतिशत पंचायत समितियों (ब्लॉक पंचायतों) और 10 प्रतिशत जिला परिषदों को दी जाएगी। झारखंड की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि 15वें वित्त आयोग की अनटाइड ग्रांट की दूसरी किस्त को लेकर केंद्र के विभागीय व्यय विभाग को अनुशंसा किए जाने के विषय में जानकारी मिली हुई है। उन्होंने बताया कि सभी औपचारिक प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं और अगले सप्ताह तक राशि जारी होने की पूरी संभावना है। मंत्री ने कहा कि फंड जारी होते ही यह राशि पंचायतों तक शीघ्र पहुंचाई जाएगी।

## धनबाद में अधिवक्ता हड़ताल समाप्त, सोमवार से करेंगे न्यायिक कार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद**। बीते दस दिनों से कलमबद्ध हड़ताल पर धरने पर बैठे अधिवक्तागण सोमवार से न्यायिक कार्य में हिस्सा लेंगे। शनिवार को अधिवक्ताओं की जनरल बॉडी मीटिंग के बाद एसोसिएशन के अध्यक्ष राधेश्याम गोस्वामी एवं महासचिव जितेंद्र कुमार ने इसकी घोषणा की। इसके पूर्व जनरल बॉडी मीटिंग सुबह 10 बजे शुरू होते ही हंगामा शुरू हो गया। अधिवक्ताओं में गुटबाजी साफ दिखाई दी। एक पक्ष हड़ताल जारी रखने के पक्ष में था, जबकि दूसरा पक्ष हड़ताल वापस लेने की बात कर रहा था। दोनों पक्षों के बी च कई बार गरमागरम बहस भी हुई। शुक्रवार की जनरल बॉडी मीटिंग के विपरीत शनिवार को अधिकांश अधिवक्ताओं ने हड़ताल वापस लेने का प्रस्ताव रखा, जिसके बाद पदाधिकारियों ने हड़ताल स्थगित करने की घोषणा की और कहा कि अधिवक्ता सोमवार से न्यायिक कार्य करेंगे। अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए अध्यक्ष एवं महासचिव ने कहा कि जिला प्रशासन ने अब तक सकारात्मक रवैया अपनाते हुए अधिवक्ताओं को काफी मौखिक आश्वासन दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा दिए गए आश्वासनों को लिखित रूप में दिया जाना चाहिए, क्योंकि एक ओर प्रशासन सड़क किनारे वाहन खड़ा करने की बात कह रहा है, वहीं दूसरी ओर शुक्रवार को ट्रैफिक के कुछ जवान वाहन खड़ा नहीं करने दे रहे थे। ऐसी स्थिति में भविष्य में टकराव की आशंका बनी रह सकती है। इससे बचने के लिए प्रशासन लिखित रूप से यह आश्वासन दे कि जब तक स्थायी पार्किंग की व्यवस्था बहाल नहीं हो जाती, तब तक अधिवक्ता रणधीर वर्मा चौक से लेकर कोर्ट परिसर तक सड़क के दोनों ओर अपने वाहन पार्क कर सकेंगे। पदाधिकारियों ने कहा कि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा एसोसिएशन का दरवाजा बंद रखा गया है, जिसे खोलने के लिए उन्हें स्मार पत्र सौंपा जाएगा और समय दिया जाएगा। इसी कारण फिलहाल आंदोलन स्थगित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही बार एसोसिएशन झारखंड उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर करेगा। यदि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने दरवाजा खोलने की दिशा में कोई पहल नहीं की, तो अधिवक्ता पुनः हड़ताल के लिए विवश होंगे।

## कोल बेड मीथेन से बनाया जाएगा ग्रीन हाइड्रोजन फ्यूल, सीएनजी का होगा सस्ता विकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद**। कोयला खनन के दौरान निकलने वाली खतरनाक गैस अब प्रदूषण फैलाने के बजाय ईंधन बनेगी। आइआइटी-आईएसएम धनबाद के केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के दूसरे साल के छात्रों ने कोल बेड मीथेन जैसी ग्रीनहाउस गैसों को एनवायरमेंट फ्रेंडली हाइड्रोजन फ्यूल में बदलने की टेक्नोलॉजी विकसित की है, जिसका इस्तेमाल सीधे सीएनजी कारों में किया जा सकता है। छात्रों ने यह उपलब्धि एसोसिएट प्रोफेसर एजाज अहमद के मार्गदर्शन में हासिल की।

केमिकल इंजीनियरिंग के छात्र कैलाश कृष्णा, नितिन गौड़ और देवाशीष दास ने एसोसिएट प्रोफेसर एजाज अहमद के निर्देशन में हाइड्रोजन-समृद्ध कोल बेड मीथेनकार विकसित की है। एसोसिएट प्रोफेसर एजाज अहमद बताते हैं कि कोयला खनन के दौरान कोल बेड मीथेन गैस निकलती है। यह एक खतरनाक ग्रीनहाउस गैस है, जिसे कार्बन डाइऑक्साइड से लगभग 25 गुना ज्यादा हानिकारक माना जाता है। इस गैस के निकलने से पर्यावरण प्रदूषण तेजी से बढ़ता है। हालांकि, अगर कोल बेड मीथेन को कैप्चर किया जाए, तो इसके काफी फायदे हैं। प्रोफेसर के अनुसार, 1 किलो कोल बेड मीथेन को कैप्चर करना 25 किलो कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर प्रदूषण कम करने जैसा है, जो पर्यावरण संरक्षण के लिए बेहद जरूरी है।

कोल बेड मीथेन में सल्फर और मीथेन होता है। इसे प्यूरीफाई कर प्योर मीथेन बनाया जाता है। फिर, मीथेन के एक हिस्से को क्रैक किया जाता है, जिससे हाइड्रोजन और कार्बन नैनोट्यूब बनते हैं। इस प्रक्रिया से बनी हाइड्रोजन का इस्तेमाल सीएनजी की जगह सीधे कारों में किया जा सकता है। खास बात यह है कि इसके लिए गाड़ी में कोई मॉडिफिकेशन करने की जरूरत नहीं है और इससे बेहतर माइलेज भी मिलता है। मीथेन से हाइड्रोजन को अलग करने के दौरान बनने वाले कार्बन नैनोट्यूब एक हाई-स्ट्रेंथ मटीरियल हैं। इनका इस्तेमाल बुलेटप्रूफ जैकेट और स्टील इंडस्ट्री में होता है। इनकी बाजार कीमत लगभग 5 लाख रुपये प्रति किलोग्राम है। क्योंकि कार्बन नैनोट्यूब हाइड्रोजन के साथ ही बनते हैं, इसलिए हाइड्रोजन की लागत लगभग शून्य हो जाती है।

प्रोफेसर एजाज अहमद कहते हैं, "हमने एक ऐसे निगेटिव प्रोडक्ट का इस्तेमाल किया है जो पहले पर्यावरण को प्रदूषित करता था। अब, हमने इसका इस्तेमाल करके एक एनवायरमेंट फ्रेंडली फ्यूल तैयार किया गया है जिसका इस्तेमाल बिना किसी बदलाव के किसी भी सीएनजी कार में किया जा सकता है।"

छात्र देवाशीष दास बताते हैं कि सीएनजी कारों से कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन पेट्रोल और डीज़ल गाड़ियों की तुलना में कम होता है, लेकिन यह पूरी तरह खत्म नहीं होता। धनबाद की कोयला खदानों से निकलने वाली कोल बेड मीथेन गैस कहीं ज्यादा खतरनाक है। इसे देखते हुए, सीबीएम से हाइड्रोजन फ्यूल विकसित किया गया है। क्योंकि हाइड्रोजन का कैलोरी वैल्यू सीएनजी से ज्यादा होता है, इसलिए यह गाड़ियों को बेहतर फ्यूल एफिशिएंसी भी देता है। आईआईटी-आईएसएम का यह एक्सपेरिमेंट भविष्य में ग्रीन एनर्जी की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हो सकता है।

## बागियों पर गाज गिराने की तैयारी, अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं : प्रदेश कांग्रेस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची**। झारखंड में नगर निकाय का चुनाव भले ही दलीय आधार पर नहीं हो रहा हो। लेकिन कांग्रेस इस चुनाव को दलीय आधार जैसा मानकर ही लड़ रही है। लिहाजा पार्टी अब उन बागी कांग्रेस नेताओं पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की तैयारी में है।

झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने 05 फरवरी को पार्टी के लेटर पैड पर पत्र जारी कर आदेश जारी किया। जिसके तहत पार्टी समर्थित उम्मीदवार के अलावा उनसे जुड़े जिन नेताओं ने मेयर, अध्यक्ष, वार्ड पार्षद पद के लिए नामांकन किये हो वह अपना नामांकन वापस ले लें अन्यथा उनपर अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के हस्ताक्षर से जारी आदेश सभी जिला अध्यक्षों, जिला पर्यवेक्षकों के साथ साथ राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल, प्रदेश प्रभारी के राजू और सह प्रभारी श्रीबेला प्रसाद को भी इसकी इत्तिला दे दी थी।

इस पत्र के जरिए नामांकन वापस लेने के साथ ही डिस्ट्रिक्ट पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी नगर निगम के मेयर या नगर परिषद के चेयरपर्सन पद के लिए किसी एक उम्मीदवार को समर्थन देने का फैसला करने का जिक्र करते हुए। अन्य कांग्रेस पार्टी से ताल्लुक रखने वाले नेताओं से अपना नामांकन वापस लेने को कहा गया था। यदि कोई प्रत्याशी नाम वापस नहीं लेता है तो उसे पार्टी अनुशासन का उल्लंघन माना जाएगा और अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से दी गयी। यदि कोई उम्मीदवार जिला कांग्रेस अध्यक्ष की सलाह नहीं मानता है और नामांकन वापस नहीं लेता है तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।


### आसनसोल-बोकारो स्टील सिटी-आसनसोल एमईएमयू पैसेंजर ट्रेन

यात्रियों की सुविधा के लिए, **63592/63591 आसनसोल-बोकारो स्टील सिटी-आसनसोल एमईएमयू पैसेंजर** ट्रेन की सेवाएं पुनः आरम्भ की जाएंगी। **आसनसोल** से एक उद्घाटनी स्पेशल ट्रेन अर्थात् **03592 आसनसोल-बोकारो स्टील सिटी उद्घाटनी स्पेशल दिनांक 08.02.2026 (रविवार)** को यात्रा आरम्भ करेगी एवं नीचे उल्लेखित संक्षिप्त संभावित समय-सूची, ठहराव एवं गठन के अनुसार चलेगीः

| स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| **आसनसोल** ↓ | - | **17.00** |
| बर्नपुर | 17.11 | 17.13 |
| जयचण्डी पहाड़ | 18.02 | 18.03 |
| अनारा | 18.28 | 18.30 |
| पुरुलिया | 19.05 | 19.35 |
| पुनदाग | 20.33 | 20.34 |
| **बोकारो स्टील सिटी** | **21.45** | - |

ऊपर उल्लेखित उद्घाटनी स्पेशल ट्रेन यात्रा के दौरान मार्ग में दामोदर, मधुकुण्डा, मुराडीह, रामकनाली, बेरो, गढ़ध्रुवेश्वर, बगलिया, कुसतौर, छर्रा, गौरीनाथधाम, चास रोड, गढ़ जयपुर, डमरुघुटू एवं राधागाँव स्टेशनों पर भी ठहरेगी।

**गठनः** 08 कार एमईएमयू रेक।

**नियमित सेवा**

**आसनसोल** तथा **बोकारो स्टील सिटी** से **63592/63591 आसनसोल-बोकारो स्टील सिटी-आसनसोल एमईएमयू पैसेंजर** की **नियमित सेवा दिनांक 10.02.2026 (मंगलवार) को तथा से** आरम्भ होगी तथा दोनों ट्रेनें नीचे उल्लेखित संक्षिप्त समय-सूची, ठहराव एवं गठन के अनुसार चलेगीः

| आसनसोल-बोकारो स्टील सिटी एमईएमयू पैसेंजर (63592) | | (63592) (63591) स्टेशन | बोकारो स्टील सिटी-आसनसोल एमईएमयू पैसेंजर (63591) | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| - | **07.00** | ↓ **आसनसोल** | **19.30** | - |
| 07.11 | 07.13 | बर्नपुर | 18.52 | 18.54 |
| 08.02 | 08.03 | जयचण्डी पहाड़ | 18.00 | 18.01 |
| 08.28 | 08.30 | अनारा | 17.42 | 17.43 |
| 09.05 | 09.35 | पुरुलिया | 16.55 | 17.05 |
| 10.33 | 10.34 | पुनदाग | 15.58 | 15.59 |
| **11.15** | - | **बोकारो स्टील सिटी** ↑ | - | **15.40** |

ऊपर उल्लेखित ट्रेन यात्रा के दौरान दोनों दिशाओं में दामोदर, मधुकुण्डा, मुराडीह, रामकनाली, बेरो, गढ़ध्रुवेश्वर, बगलिया, कुसतौर, छर्रा, गौरीनाथधाम, चास रोड, गढ़ जयपुर, डमरुघुटू एवं राधागाँव स्टेशनों पर भी ठहरेगी। **यात्रा के दिनः** दिनांक 10.02.2026 से सप्ताह में 06 दिन (रविवार छोड़कर)। **गठनः** 08 कार एमईएमयू रेक। **ट्रेन का प्रकारः** एमईएमयू पैसेंजर।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



### पूर्व रेलवे

**ई–नीलामी आमंत्रण सूचना**

**ई–नीलामी सूचना सं. : सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/25/61** **दिनांक : 04.02.2026**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ तल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 द्वारा वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों का अनुबंध प्रदान करने के लिए ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। नीलामी कैटलॉग का विवरण निम्नानुसार हैंः **कैटलॉग सं.: पीयूबी–एचडब्ल्यूएच–25–61, नीलामी शुरू होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 19.02.2026 को 12.00 बजे। **क्रम सं., लॉट सं., विवरण** निम्नानुसार हैंः **एए/1,** एडीवीटी–एचडब्ल्यूएच–एलएलएच–ओएसएन–17–26–1 [विज्ञापन –स्टेशन परिसर पर (नॉन–डिजिटल], हावड़ा मंडल के तहत तीन (03) वर्ष की अवधि के लिए क्लस्टर–I (लिलुआ स्टेशन से हुगली स्टेशन एवं बेलुड़मठ स्टेशन) के अधीन स्टेशन परिसर के अंदर वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों के लिए अनुबंध प्रदान करना। **एए/2,** एडीवीटी–एचडब्ल्यूएच–जेटीएल–ओएसएन–19–25–1 (विज्ञापन–स्टेशन परिसर पर (नॉन–डिजिटल)), हावड़ा मंडल के तहत तीन (3) वर्ष की अवधि के लिए क्लस्टर–IV (क) झापटेर ढाल स्टेशन से गुमानी स्टेशन तक, (ख) अदलपहाड़ी से कुरुवा स्टेशन तक, (ग) आजिमगंज सिटी स्टेशन से ताकिपुर स्टेशन तक और (घ) चौहट्टा स्टेशन से अजय केबिन तक) स्टेशनों के स्टेशन परिसरों के अंदर वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों के लिए अनुबंध प्रदान करना। **एबी/1,** एडीवीटी–एचडब्ल्यूएच–बीडब्ल्यूएन–ओएसडी–86–26–1 (विज्ञापन–स्टेशन परिसर पर (डिजिटल)), तीन (03) वर्ष की अवधि के लिए 50:50 समय/स्थान साझा करने के आधार पर विभिन्न स्थानों पर बर्द्धमान स्टेशन के अंदर रेलवे द्वारा स्थापित 06 (छह) वीडियो वॉल के माध्यम से रेलवे सूचना और विज्ञापन के प्रदर्शन के लिए अधिकार प्रदान करना। **एसी/1,** एडीवीटी–एचडब्ल्यूएच–डीकेएई–ओएच–160–25–1 (विज्ञापन–आउट ऑफ होम), डानकुनी रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 50:50 समय/स्थान साझा करने के आधार पर रेलवे द्वारा स्थापित 01 (एक) वीडियो वॉल (एलईडी स्क्रीन) के माध्यम से रेलवे सूचना और वाणिज्यिक विज्ञापन के परिचालन, रखरखाव एवं प्रदर्शन के लिए तीन (03) वर्ष की अवधि हेतु अनुबंध प्रदान करना। **एसी/2,** एडीवीटी–एचडब्ल्यूएच–एनडीएई–ओएच–157–25–1 (विज्ञापन–आउट ऑफ होम), नबद्वीपधाम रेलवे स्टेशन के अस्थायी बुकिंग कार्यालय के पास सर्कुलेटिंग एरिया में 50:50 समय/स्थान साझा करने के आधार पर रेलवे द्वारा स्थापित 01 (एक) वीडियो वॉल (एलईडी स्क्रीन) के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के दायरे के साथ रेलवे सूचना के प्रदर्शन के लिए तीन (03) वर्ष की अवधि हेतु अधिकार प्रदान करना। **एसी/3,** एडीवीटी–एचडब्ल्यूएच–केडब्ल्यूएई–ओएच–156–25–1 (विज्ञापन–आउट ऑफ होम), कटवा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 50:50 समय/स्थान साझा करने के आधार पर रेलवे द्वारा स्थापित 01 (एक) वीडियो वॉल (एलईडी स्क्रीन) के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के दायरे के साथ रेलवे सूचना के प्रदर्शन के लिए तीन (03) वर्ष की अवधि हेतु अधिकार प्रदान करना। **एसी/4,** एडीवीटी–एचडब्ल्यूएच–आरपीएच–ओएच–153–25–1 (विज्ञापन–आउट ऑफ होम), रामपुरहाट रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 50:50 समय/स्थान साझा करने के आधार पर रेलवे द्वारा स्थापित 01 (एक) वीडियो वॉल (एलईडी स्क्रीन) के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के दायरे के साथ रेलवे सूचना के प्रदर्शन के लिए तीन (03) वर्ष की अवधि हेतु अधिकार प्रदान करना। **एसी/5,** एडीवीटी–एचडब्ल्यूएच–एचडब्ल्यूएच–ओएच–142–26–1 (विज्ञापन–आउट ऑफ होम), हावड़ा रेलवे स्टेशन में मनुमेंटल फ्लैग एरिया के सामने 04 (चार) ग्लोबॉल टावरों की स्थापना और रखरखाव के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार के प्रदर्शन के लिए तीन (03) वर्ष की अवधि हेतु अनुबंध प्रदान करना। प्रत्याशित बोलीदाताओं को विस्तृत विवरण के लिए ई–ऑक्शन मॉड्यूल के माध्यम से आईआरईपीएस वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने का अनुरोध किया जाता है।

HWH-591/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार, जेल

**बरकट्ठा/हजारीबाग (नबिटासं)।** बरकट्ठा थाना क्षेत्र के कपका तालाब के नजदीक गुप्त सूचना के आधार स्कूटर सवार पर एक युवक के पास से लगभग 7.75 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ पकड़ा गया इस बाबत डीएसपी प्रशांत कुमार बरकट्ठा थाना प्रभारी पंकज कुमार व एएसआई उपेंद्र कुमार ने जानकारी दी कि बरकट्ठा में सूचना मिल रही थी क्षेत्र में ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री हो रही है इसी आधार पर टीम गठित कर छापामारी के लिए कपका गांव पहुंची अहरवा तालाब के पास पुलिस को देखकर स्कूटर सवार भागने लगा पुलिस द्वारा पकड़े जाने पर युवक के पास से 7.75 ग्राम ब्राउन शुगर एक वेट मशीन, एक वन प्लस का मोबाइल बिना नम्बर का एकुजा कंपनी का स्कूटर बरामद किया गया गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान छोटी कुमार पिता पाचू महतो कपका निवासी के रूप में की गई जब्त किए गए ब्राउन शुगर की अनुमानित कीमत लगभग अस्सी हजार रुपए आंकी गई इस संबंध में बरकट्ठा थाना में कांड संख्या 24/26 एनडीपीएस 21बी एवं 22बी 29, एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी छोटी कुमार को जेल भेजा गया।



### बुढ़िया माता मंदिर चट्टीपेटो में जनप्रतिनिधियों का समागम, महायज्ञ की सफलता को लेकर मंथन

**केरेडारी/हजारीबाग (नबिटासं)।** आस्था और सामाजिक समरसता के प्रतीक बुढ़िया माता मंदिर, चट्टीपेटो परिसर में शनिवार को एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, महायज्ञ समिति एवं पत्रकारों की गरिमामयी उपस्थिति रही। आगामी महायज्ञ की सफलता, उद्देश्यों और व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान वक्ताओं ने कहा कि यह महायज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि क्षेत्र में शांति, सद्भाव और जनकल्याण का माध्यम बनेगा। आयोजन को भव्य और अनुशासित बनाने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता रखने पर विशेष जोर दिया गया। श्रद्धालुओं की सुविधा, यातायात, स्वच्छता और प्रशासनिक समन्वय जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी कई उपयोगी सुझाव सामने आए। इस अवसर पर महायज्ञ समिति की ओर से जनप्रतिनिधियों एवं केरेडारी पत्रकार समूह को अंग वस्त्र एवं बुढ़िया माता की स्मृति चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान क्षेत्र में धार्मिक आयोजन को लेकर सामूहिक सहभागिता और सहयोग का प्रतीक रहा। कार्यक्रम में दक्षिणी जिला परिषद सदस्य अनीता सिंह, प्रमुख सुनीता कुमारी, पचरा पंचायत के मुखिया महेश साहू,कंडाबेर मुखिया दिनेश साव सहित कई गणमान्य लोग एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में महायज्ञ को सफल बनाने हेतु तन-मन-धन से सहयोग का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन बुढ़िया माता की जयकारों और मंगलकामनाओं के साथ हुआ, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय और उत्साहपूर्ण हो उठा।



### बाल संस्कार केंद्रों में खेलकूद प्रतियोगिता

**बरही/हजारीबाग (नबिटासं)।** सेवा सप्ताह के षष्ठम दिवस पर प्रखंड के पांच बाल संस्कार केंद्र पड़ीरमा, पुरहारा, बेंदगी, शबरीनगर एवं अंबेदकर नगर में खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे बच्चों की प्रतिभा के प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न खेलों में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जिससे बच्चों में आत्मविश्वास और अनुशासन का भाव विकसित हुआ। इस आयोजन को सफल बनाने में खंड सेवा प्रमुख राजू कुमार, क्षेत्र सेवा प्रमुख त्रिवेणी साव, खंड कुटुंब प्रबोधन संयोजक राजेंद्र केशरी, शाखा सेवा कार्यकर्ता डॉ. बिनोद साव, विहिप सह जिला मंत्री गुरुदेव गुप्ता, भामाशाह सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य रजनीश पांडेय, प्रिंस रविशंकर, सोमनाथ कुमार, योगेश्वर साव, कुंदन कुमार, आशीष केशरी, दीपु चौरसिया, अनिल केशरी, मनोज शंकर सहित अनेक स्वयंसेवकों का सराहनीय योगदान रहा। स्वयं सेवकों ने बताया कि स्वामी विवेकानंद के कथन — त्याग और सेवा ही भारतीय संस्कृति का मूल आधार है, सेवा परमो धर्मह — को चरितार्थ करते हुए संघ के स्वयंसेवक देशभर में एक लाख से अधिक सेवा प्रकल्पों के माध्यम से समाज की कमजोर कड़ी को मजबूत करने का प्रयास कर रहे हैं।



# गिरिडीह में नक्सल विरोधी अभियान भारी मात्रा में हथियार व गोला-बारूद बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** पुलिस अधीक्षक गिरिडीह एवं सुनीलदत्त त्रिपाठी, कमांडेंट 154 बटालियन को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर नक्सलियों के विरुद्ध एक संयुक्त ऑपरेशन की योजना तैयार की गई। पुलिस अधीक्षक गिरिडीह के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक अभियान सुरजीत कुमार तथा कुमार ओम प्रकाश सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी सीआरपीएफ 154 बटालियन एवं सी.एच. तोम्बा सिंह सहायक कमांडेंट सीआरपीएफ 154 बटालियन के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया संयुक्त अभियान के दौरान केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल 154 बटालियन एवं जिला पुलिस गिरिडीह की टीम ने खुखरा थाना क्षेत्र से सटे पारसनाथ पहाड़ी अंतर्गत भालकी पहाड़ी, कानेडीह के समीप बीडीडीएस टीम की सहायता से नक्सलियों द्वारा गड्ढे में छुपाकर रखे गए भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद एवं अन्य प्रतिबंधित सामग्री बरामद की। बरामद सभी सामग्रियों को विधिसम्मत तरीके से जब्त कर लिया गया है तथा मामले में अग्रतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।




बरामद सामग्री की सूची इस प्रकार है 303 बोर बोल्ट एक्शन सिंगल शॉट राइफल 11 नग 22 बोर राइफल 09 नग हैंड ग्रेनेड 06 नग एसएलआर ग्रेनेड प्रोजेक्टर 01 नग एमएन बॉक्स 01 नग चार्जर क्लिप 30 नग इलेक्ट्रिक कॉपर वायर 02 बंडल इस अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक अभियान सुरजीत कुमार कुमार ओम प्रकाश सिंह द्वितीय कमान अधिकारी सी.एच. तोम्बा सिंह सहायक कमांडेंट निरीक्षक जीडी ओम प्रकाश सिंह, जीडी मनोज सोरेन सहित जिला पुलिस बल एवं सीआरपीएफ 154 बटालियन की संयुक्त टीम शामिल रही।

# गिरिडीह में अवैध बालू परिवहन पर बड़ी कार्रवाई, 8 ट्रैक्टर जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले में अवैध बालू खनन एवं परिवहन के खिलाफ खनन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। गुरुवार को जिला खनन कार्यालय, गिरिडीह के खान निरीक्षक विश्वनाथ उरांव के नेतृत्व में मुफ्फसिल थाना पुलिस एवं सशस्त्र बल के सहयोग से दो अलग-अलग स्थानों पर औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें कुल आठ बालू लदे ट्रैक्टरों को जब्त किया गया प्राप्त जानकारी के अनुसार, पहली कार्रवाई दोपहर करीब 12:15 बजे मटरुखा रोड के पास की गई। इस दौरान तीन बालू लदे ट्रैक्टरों को रोका गया। जांच टीम को देखकर चालक वाहन छोड़कर जंगल एवं झाड़ी का लाभ उठाकर फरार हो गए।



जांच में पाया गया कि ट्रैक्टरों पर कोई पंजीकरण संख्या अंकित नहीं थी तथा प्रत्येक ट्रॉली में करीब 100-100 सीएफटी अवैध बालू लदी हुई थी। बालू से संबंधित कोई वैध कागजात भी प्रस्तुत नहीं किए गए इसके बाद दूसरी कार्रवाई अपराह्न करीब 2:30 बजे गिरिडीह डुमरी रोड स्थित बराकर नदी के पास की गई। यहां पांच बालू लदे ट्रैक्टर पकड़े गए। इस दौरान भी चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गए। जांच में सभी ट्रैक्टरों पर बिना निबंधन के अवैध रूप से बालू का परिवहन किया जा रहा था खनन विभाग द्वारा सभी आठ ट्रैक्टरों को बालू सहित विधिवत जप्ती सूची बनाकर मुफ्फसिल थाना को सुपुर्द कर दिया गया है। इस संबंध में खान निरीक्षक विश्वनाथ उरांव ने बताया कि मामला खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम, 1957, झारखंड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 तथा झारखंड मिनरल्स अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण निवारण नियमावली, 2017 के उल्लंघन से संबंधित है।उन्होंने कहा कि अवैध बालू कारोबार में संलिप्त ट्रैक्टर मालिकों, चालकों एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा।

# नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 को लेकर उम्मीदवारों के साथ प्रेक्षकों की बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 के सफल एवं निष्पक्ष संचालन को लेकर शनिवार को समाहरणालय सभाकक्ष में सामान्य प्रेक्षक श्री रविराज शर्मा एवं व्यय प्रेक्षक श्री पंकज नारायण की अध्यक्षता में महापौर एवं वार्ड पार्षद पद के उम्मीदवारों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचन में भाग ले रहे सभी उम्मीदवारों को आदर्श आचार संहिता के सख्ती से अनुपालन तथा चुनाव प्रचार-प्रसार में होने वाले व्यय के आय-व्यय से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

प्रेक्षकों द्वारा उम्मीदवारों को चुनावी व्यय पंजी में प्रविष्टि, व्यय की गणना, पेनल्टी सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियाँ विस्तार से दी गईं। बैठक में बताया गया कि प्रचार-प्रसार में प्रयुक्त होने वाले बैनर एवं पोस्टर पर मुद्रक एवं प्रकाशक का नाम अंकित करना अनिवार्य है। चुनावी सभा, जुलूस एवं प्रचार कार्यक्रमों के आयोजन हेतु पूर्व अनुमति प्राप्त करना आवश्यक होगा। साथ ही मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व सभी प्रकार के प्रचार-प्रसार पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। व्यय प्रेक्षक द्वारा जानकारी दी गई कि नामांकन के समय नाजिर रसीद कटने से लेकर परिणाम घोषित होने तक निर्वाचन से संबंधित सभी आय-व्यय का विवरण संधारित करना अनिवार्य है। व्हाइट, पिंक एवं येलो रंग के निर्धारित प्रपत्रों में दिशा-निदेर्शों के अनुरूप कैश बुक, प्राप्ति एवं भुगतान का ब्यौरा अंकित किया जाना है। संपूर्ण चुनावी व्यय नामांकन के समय रिटर्निंग ऑफिसर को उपलब्ध कराए गए बैंक खाते से ही किया जाएगा। वाउचर संधारण एवं निर्धारित रेट चार्ट के अनुसार व्यय करने के निर्देश भी दिए गए। इसके अतिरिक्त बैठक में वाहन उपयोग, लाउडस्पीकर, सभा एवं जुलूस के संचालन से संबंधित आवश्यक दिशा-निदेर्शों की भी जानकारी दी गई।



## राजद ने मेयर प्रत्याशी गौरव को दिया समर्थन, तेज हुआ चुनावी माहौल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** 23 फरवरी को होने वाले नगर निगम चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। चुनाव चिन्ह वितरण के बाद सभी प्रत्याशी प्रचार में जुट गए हैं।

इसी कड़ी में राष्ट्रीय जनता दल ने मेयर प्रत्याशी गौरव कुमार को समर्थन देने की घोषणा की है। शनिवार को कोलडीहा में आयोजित प्रेसवार्ता में राजद के प्रदेश महासचिव शहबाज कादरी और जिलाध्यक्ष इरफान आलम ने गौरव कुमार के समर्थन का ऐलान किया शहबाज कादरी प्रदेश महासचिव, राजद गौरव कुमार एक सामाजिक और जनसेवक व्यक्ति हैं। कोरोना काल सहित हर मुश्किल समय में उन्होंने जनता का साथ दिया है, इसी को देखते हुए राजद ने उन्हें समर्थन देने का निर्णय लिया है।

# मिनी बस मोटरसाइकिल टक्कर में एक की मौत, छह परीक्षार्थी घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही (हजारीबाग)।** जीटी रोड स्थित गड़लाही मोड़ पंचमाधव के समीप एक मिनी स्कूल बस और मोटरसाइकिल की टक्कर में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बस पलटने से उसमें सवार छह परीक्षार्थी घायल हो गए। सभी घायल छात्र मलकोको से मैट्रिक परीक्षा देने पदमा जा रहे थे।

बताया गया कि सड़क की खराब स्थिति और अर्द्धनिर्मित मार्ग पर बाइक सवार को बचाने के प्रयास में यह हादसा हुआ। सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और प्रशासन को सूचित करते हुए घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल बरही पहुंचाया, जहां छह बच्चों का इलाज किया गया। डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी की अगुवाई में प्राथमिक उपचार के बाद सभी परीक्षार्थियों को सुरक्षित परीक्षा केंद्र भेजा गया। घटना की जानकारी मिलते ही बीडीओ जयपाल महतो और विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। मृतक की पहचान रोमी (पदमा प्रखंड) निवासी जय प्रकाश मेहता के रूप में हुई है। जो अपने घर से बाइक संख्या जेएच-02-0474 से बरकट्ठा स्थित अपने घर चेचकपी जा रहे थे। इधर पुनि सह थाना प्रभारी दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और यातायात बहाल कराया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर जांच शुरू कर दी है।



# दिशा बैठक में जल-नल योजना पर सांसद का सवाल, एसडीओ ने लिया संज्ञान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दारु (हजारीबाग)।** हजारीबाग में आयोजित जिला स्तरीय दिशा की बैठक में सांसद मनीष जायसवाल ने जल नल योजना की प्रगति पर गंभीर सवाल उठाए। बैठक के दौरान दारू प्रखंड के जिनगा पंचायत अंतर्गत महेशरा गांव में बनी विशाल पानी टंकी के वर्षों से बेकार पड़े रहने का मुद्दा प्रमुखता से सामने रखा गया। सांसद प्रतिनिधि बलदेव बाबू ने जानकारी देते हुए बताया कि जल नल योजना के तहत करोड़ों की लागत से बनी यह पानी टंकी आज तक उपयोग में नहीं लाई जा सकी है, जिससे ग्रामीणों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

इस पर सांसद ने बैठक में कड़ी आपत्ति जताई और तत्काल कार्रवाई की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीओ ने तुरंत संज्ञान लिया। इसके बाद दारू प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी हारून रशीद ने मौके पर पहुंचकर पानी टंकी तथा सेवाने नदी के पास स्थित जल स्रोत का निरीक्षण किया और स्थिति का जायजा लिया। अब देखना होगा कि निरीक्षण के बाद इस बहुप्रतीक्षित योजना को धरातल पर उतारने के लिए क्या ठोस कदम उठाए जाते हैं, ताकि लंबे समय से ग्रामीण अपने घरो मे लगे नलों को टक टकी लगा कर बैठे है की कब इस नल से शुद्ध पेयजल की सुविधा मिल सके।



# केरेडारी/चट्टी बरियातू : दोनों कोल माइंस में बहाल हुआ संचालन, मजदूरी बढ़ोतरी पर बनी सहमति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केरेडारी (हजारीबाग)।** केरेडारी कोल माइनिंग परियोजना के अंतर्गत कार्यरत इऋफ्र माइनिंग एंड इंफ्रा लिमिटेड के वर्करों के लिए राहत की खबर है। कंपनी प्रबंधन द्वारा वर्करों की दैनिक मजदूरी दर में 55 रुपये की बढ़ोतरी किए जाने पर सभी पक्षों के बीच सहमति बन गई है, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया है। मजदूरी बढ़ोतरी के बाद मजदूरों में संतोष का माहौल है और माइनिंग कार्य अब पूरी तरह सुचारु रूप से संचालित हो रहा है।

इस निर्णय से जहां वर्करों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, वहीं उत्पादन कार्यों में भी स्थिरता आने की उम्मीद जताई जा रही है। इधर, चट्टीबरियातु कोल माइंस भी प्रशासनिक सहयोग और समन्वय से सुचारु रूप से चालू हो गई है। समाचार लिखे जाने तक केरेडारी एवं चट्टीबरियातु—दोनों कोल माइंस में कार्य सामान्य रूप से जारी है। दोनों माइंस के चालू होने से क्षेत्र में रोजगार और व्यापार को गति मिली है, जिससे स्थानीय बाजारों में फिर से रौनक लौटने लगी है। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई है कि आगे भी कंपनी, मजदूर और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय बना रहेगा और किसी भी तरह के गतिरोध की स्थिति उत्पन्न नहीं होगी।



# जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त ने की सभी कोषांगों की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 के निष्पक्ष, पारदर्शी और सुचारू संचालन हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में सभी कोषांग की समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। बैठक में विभिन्न कोषांगो द्वारा निर्वाचन संबंधी किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठकों में निर्वाचन कार्यों की प्रगति, आदर्श आचार संहिता के अनुपालन और मीडिया निगरानी कोषांगों के कामकाज की समीक्षा की गई।

बैठक में उप विकास आयुक्त, सामान्य प्रेक्षक, गिरिडीह नगर निगम, सामान्य प्रेक्षक, बड़की सरैया नगर पंचायत, सामान्य प्रेक्षक, धनवार नगर पंचायत, व्यय प्रेक्षक, गिरिडीह नगर निगम, व्यय प्रेक्षक, बड़की सरैया नगर, व्यय प्रेक्षक धनवार नगर पंचायत अपर समाहर्ता अनुमंडल पदाधिकारी गिरिडीह, अनुमंडल पदाधिकारी खोरीमहुआ, समेत सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी, सहयोग पदाधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी रामनिवास यादव ने कार्मिक कोषांग, सूचना तकनीकी कंप्यूटर कोषांग प्रशिक्षण कोषांग सामग्री कोषांग मतपत्र कोषांग, परिवहन कोषांग, विधि व्यवस्था कोषांग, प्रेक्षक कोषांग, निर्वाचन व्यय अभ्यर्थी कोषांग, मीडिया/एमसीएमसी कोषांग द्वारा किए जा रहे निर्वाचन संबंधी दैनिक कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कार्मिक कोषांग की समीक्षा करते हुए पी 0 पी 1 पी 2 पी 3 पी 4 तथा सेक्टर पदाधिकारियों का प्रशिक्षण, रैंडमाइजेशन समेत विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की। वहीं सामग्री कोषांग की समीक्षा के क्रम में सभी कोषांग को ससमय सामग्री उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही प्रशिक्षण कोषांग द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण से जुड़ी जानकारी, वाहन कोषांग के तहत वाहनों की पर्याप्त उपलब्धता, सामग्री व आइटी कोषांग द्वारा की गयी तैयारियों की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त किया। इसके अलावा प्रिंट मीडिया व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया/ सोशल मीडिया में फेक न्यूज व पेड न्यूज का सतत अनुश्रवण कराने का निर्देश दिया गया।

■ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करना प्रत्येक पदाधिकारियों का कर्तव्य

वहीं उपायुक्त ने एमसीएमसी कोषांग के तहत किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी प्राप्त किया तथा व्यय एवं अनुश्रवण कोषांग के नोडल अधिकारी को निर्देश किया कि निर्वाचन से संबंधित सभी तरह के व्यय पर नजर रखें इसके अलावा प्रेक्षकों ने स्पष्ट किया कि निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सामान्य प्रेक्षकों ने मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं, संवेदनशील एवं अति संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान, सुरक्षा बलों की तैनाती, मतदान दलों के प्रशिक्षण, बैलेट पेपर एवं अन्य निर्वाचन सामग्री के सुरक्षित भंडारण तथा वितरण की स्थिति की विस्तार से जानकारी ली। बैठक के दौरान आदर्श आचार संहिता के प्रभावी अनुपालन, निष्पक्ष प्रचार-प्रसार, मतदाताओं को भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने तथा मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए उठाए जा रहे कदमों पर भी चर्चा की गई। सामान्य प्रेक्षकों ने सभी पदाधिकारियों को आपसी समन्वय, समयबद्ध कार्य निष्पादन एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए।

# निगम से लेकर बड़की सरिया व धनवार नगर पंचायत तक प्रत्याशियों को मिला चुनाव चिन्ह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** 23 फरवरी को होने वाले नगर निकाय चुनाव को लेकर चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। शनिवार को गिरिडीह नगर निगम, बड़की सरिया नगर पंचायत और धनवार नगर पंचायत के अध्यक्ष, मेयर व वार्ड पार्षद पद के सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए।गिरिडीह नगर निगम के मेयर पद के प्रत्याशियों को समाहरणालय परिसर में निवार्ची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता विजय सिंह विरुवा द्वारा चुनाव चिन्ह प्रदान किया गया।

इस दौरान उन्होंने बताया की अनिल कुमार दास को एयर कंडीशनर अर्जुन बेठा को छड़ी कामेश्वर पासवान को चूड़ियां कृष्णा तुरी को बैटरी टॉर्च गोविंद तुरी को बेंच, गौरव कुमार को बिस्कुट, नागेश्वर दास को बक्सा, पंकज कुमार सागर को ईट, प्रकाश कुमार दास को बाल्टी, प्रदीप पासवान को कैमरा, प्रमिला मेहरा को कारपेट, फूल देवी को सीसीटीवी कैमरा बनारसी लाल दास को चपाती रोलर योगेश्वर महथा को चिमनी शैलेन्द्र कुमार चौधरी को नारियल फार्म और समीर राज चौधरी को कंप्यूटर माउस चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया बताया गया कि मेयर पद के लिए कुल 20 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था, जिनमें एक का नामांकन स्क्रूटनी में रद्द हुआ, जबकि तीन प्रत्याशियों ने नामांकन वापस ले लिया। अब चुनावी मैदान में दो महिला प्रत्याशियों सहित कुल 16 प्रत्याशी डटे हुए हैं।

वहीं बड़की सरिया नगर पंचायत के अध्यक्ष पद एवं सभी वार्ड पार्षद पद के उम्मीदवारों को भी चुनाव चिन्ह प्रदान किए गए। इसी तरह धनवार नगर पंचायत में अध्यक्ष और वार्ड पार्षद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया, जिसमें किसी को मोतियों की माला, किसी को अलमारी, किसी को बेबी वॉकर तो किसी को ब्रिफकेस चुनाव चिन्ह मिला। चुनाव चिन्ह मिलने के बाद सभी प्रत्याशी अब पूरी तरह से चुनावी मैदान में उतर चुके हैं।




## चुनाव चिन्ह मिलते ही प्रत्याशियों व समर्थकों में उत्साह का माहौल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** नगर निकाय चुनाव को लेकर आज अंचल कार्यालय में सभी वार्ड प्रत्याशियों को उनके अपने चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए। चुनाव चिन्ह मिलते ही प्रत्याशियों और समर्थकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला इसी क्रम में वार्ड संख्या 27 से प्रत्याशी नौशाद अहमद चांद मीडिया के समक्ष आए और अपनी प्रतिक्रिया साझा की। उन्होंने कहा कि आज उन्हें आधिकारिक रूप से चुनाव चिन्ह प्राप्त हुआ है, जिससे उनके समर्थकों में काफी खुशी और नया उत्साह देखने को मिल रहा है नौशाद अहमद चांद ने बताया कि उनके समर्थक उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने मीडिया के माध्यम से आम जनता से अपील करते हुए कहा कि वे वार्ड संख्या 27 से प्रत्याशी है।

# चौथी पुण्यतिथि पर रूपेश पांडेय को दी गई श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही (हजारीबाग)।** सरस्वती पूजा विसर्जन जुलूस के दौरान 7 फरवरी 2022 में मॉब लिंचिंग की घटना में जान गंवाने वाले शहीद रूपेश पांडेय की चौथी पुण्यतिथि पर शनिवार को स्व पांडेय के आवास नई टांड़ में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कई लोगों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की।

श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से जिला परिषद सांसद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, युवा भाजपा नेता मुन्ना यादव सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि रूपेश की शहादत समाज के लिए एक पीड़ादायक घटना थी, जिसने कानून व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द पर गंभीर सवाल खड़े किए। माननीय न्यायालय ने दोषियों को सख्त सजा सुनाकर समाज को ऐसी घटना की पुनरावृत्ति रोकने का स्पष्ट संदेश दिया है। इस अवसर पर परिजनों ने भावुक होकर रूपेश की स्मृतियों को साझा किया और उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया।



## खावा रानीडीह में मर्सी हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खावा रानीडीह (गिरिडीह)।** सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए मर्सी हॉस्पिटल द्वारा आज खावा रानीडीह क्षेत्र में एक व्यापक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 150 से अधिक ग्रामीण एवं जरुरतमंद मरीजों ने निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श, जांच एवं दवा वितरण का लाभ उठाया। सुबह से ही शिविर स्थल पर मरीजों की लंबी कतारें देखी गईं, जो क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की आवश्यकता और शिविर की सफलता को दर्शाता है शिविर में मर्सी हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. पी. एच. मिश्रा के साथ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. लीलावती पाडिगेला ने भी अपनी सेवाएं प्रदान कीं। दोनों चिकित्सकों ने मरीजों की व्यक्तिगत जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय सलाह दी।

# मध्याह्न भोजन खाने से 70 बच्चे बीमार

- विद्यालय में मची अफरातफरी
- प्रशासन के हाथ-पांव फूले
- सभी बच्चे खतरे से बाहर
- लोगों ने गुणवत्ता और निगरानी पर उठे सवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मधेपुरा।** शनिवार को मिड डे मील खाने के बाद 70 से अधिक बच्चों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। सभी बच्चों को मधेपुरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी खतरे से बाहर बताई जा रहे हैं। मामला मधेपुरा प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय कारू टोला साहुगढ़ का है। भोजन करने के कुछ ही देर बाद बच्चों को उल्टी, पेट दर्द और घबराहट की शिकायत होने लगी। देखते ही देखते बड़ी संख्या में बच्चे बीमार पड़ने लगे, जिससे स्कूल परिसर में अफरा-तफरी मच गई।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मिड डे मील में छिपकली गिरने की आशंका जताई जा रही है। मिड डे मील पारस एग्रो स्वयंसेवी संस्था के माध्यम से स्कूल में उपलब्ध कराया जाता है। जैसे ही बच्चों की हालत बिगड़ने की जानकारी मिली, विद्यालय प्रशासन ने तत्काल इसकी सूचना शिक्षा विभाग और स्वास्थ्य विभाग को दी। इसके बाद एंबुलेंस और निजी वाहनों की मदद से सभी बच्चों को मधेपुरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

सदर अस्पताल में डॉक्टरों की टीम ने बच्चों का प्राथमिक उपचार शुरू किया। चिकित्सकों के अनुसार अधिकांश बच्चों की हालत स्थिर है और वे खतरे से बाहर हैं। हालांकि एक बच्ची की तबीयत अधिक खराब बताई जा रही है, जिसका इलाज डॉक्टरों की निगरानी में किया जा रहा है। उसे आईसीयू भर्ती कराया गया। अस्पताल परिसर में बच्चों के परिजनों की भारी भीड़ जमा हो गई और वे घटना को लेकर नाराजगी जाहिर की।

घटना की जानकारी मिलते ही जिला शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार सदर अस्पताल पहुंचे और भर्ती बच्चों का हालचाल जाना। उन्होंने डॉक्टरों से बच्चों के स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी ली और परिजनों से भी बातचीत की। डीईओ संजय कुमार ने बताया कि सभी बच्चों का समुचित इलाज कराया जा रहा है और घबराने की कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि एक बच्ची की स्थिति थोड़ी गंभीर थी, लेकिन सुधार हो गया।

डीईओ ने स्पष्ट किया कि मिड डे मील एनजीओ के माध्यम से संचालित किया जाता है और इस लापरवाही की जांच शुरू कर दी गई है। भोजन की गुणवत्ता, सप्लाई और वितरण से जुड़े सभी बिंदुओं की गहन जांच की जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जांच में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इस घटना के बाद मिड डे मील की गुणवत्ता और निगरानी व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। अभिभावकों ने बच्चों की सेहत से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को दंडित किया जाएगा और बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

## लाठी-डंडे से पीटकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भोजपुर जिले के तीयर थाना क्षेत्र अंतर्गत उत्तरदाहा गांव में शनिवार की सुबह आपसी झगड़े में लाठी-डंडे से पीट-पीटकर एक युवक की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 35 वर्षीय गुड्डू महतो के रूप में हुई है, जो उत्तरदाहा गांव निवासी मदन महतो के पुत्र थे।

पुलिस के अनुसार, गाली-गलौज को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था। उसी विवाद में शनिवार की सुबह मारपीट की घटना हुई, जिसमें गुड्डू महतो को लाठी-डंडों से गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। जिससे मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही तीयर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में आरोप मृतक के पड़ोसियों पर लगाया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि आवेदन मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सांसद पप्पू यादव गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** 31 साल पुराने एक मामले में गिरफ्तार सांसद पप्पू यादव को कोर्ट के आदेश पर ज्यूडिशियल कस्टडी में बेउर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तारी के बाद उन्हें पटना सिविल कोर्ट में पेश किया गया, जहां सुनवाई के बाद न्यायालय ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। हालांकि, उनकी स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए जेल भेजने से पहले इलाज की व्यवस्था की गई है। प्रशासन के अनुसार, सांसद पप्पू यादव का इलाज पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कराया जाएगा। पूरे घटनाक्रम के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। जानकारी के अनुसार, यह मामला करीब 31 साल पुराना है, जिसमें सांसद पप्पू यादव के खिलाफ न्यायालय में सुनवाई लंबित थी। इसी सिलसिले में पुलिस ने पटना से उन्हें गिरफ्तार किया।

गिरफ्तारी के बाद उन्हें सीधे सिविल कोर्ट लाया गया। कोर्ट परिसर में किसी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी। सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की दलीलें सुनी गईं। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सांसद पप्पू यादव को ज्यूडिशियल कस्टडी में भेजने का आदेश दिया। इसके बाद उन्हें बेउर केंद्रीय कारागार भेजे जाने की प्रक्रिया शुरू की गई।

### 31 साल पुराने मामले में भेजा गया बेऊर

हालांकि, जेल प्रशासन को उनके स्वास्थ्य को लेकर विशेष निर्देश दिए गए हैं। अदालत ने स्पष्ट किया कि इलाज में किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। आवश्यक होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा। प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक, सांसद पप्पू यादव को पहले मेडिकल जांच के लिए ले जाया गया। डॉक्टरों की टीम उनकी स्वास्थ्य स्थिति पर नजर रखे हुए है।

इलाज के बाद ही आगे की कानूनी प्रक्रिया और जेल शिफ्टिंग को लेकर निर्णय लिया जाएगा। जेल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के बीच समन्वय बनाया गया है। सुरक्षा के लिहाज से अस्पताल परिसर में भी पुलिस बल तैनात है। सांसद पप्पू यादव की गिरफ्तारी के बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। उनके समर्थक पूरे मामले पर नजर बनाए हुए हैं। वहीं विपक्ष और सत्तापक्ष के नेताओं की प्रतिक्रियाएं भी सामने आने लगी हैं। प्रशासन का कहना है कि मामला पूरी तरह कानूनी प्रक्रिया के तहत आगे बढ़ाया जा रहा है। आने वाले दिनों में इस केस को लेकर राजनीतिक बयानबाजी और तेज होने की संभावना है।

### रात में नाबालिग जोड़ा चढ़े ग्रामीणों के हत्थे

# प्रेमी को निर्वस्त्र कर गांव में घुमाया

### वीडियो वायरल होने से अवसाद में आकर प्रेमिका ने की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेतिया।** पश्चिमी चंपारण जिले के शिकारपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से सामने आई घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। गुरुवार रात ग्रामीणों ने एक नाबालिग प्रेमी जोड़े को पकड़ लिया। किसी तरह नाबालिग लड़की वहां से भागकर अपने घर पहुंच गई, जबकि नाबालिग लड़के को ग्रामीणों ने बंधक बना लिया।

आरोप है कि लड़के के हाथ बांधकर उसकी बेरहमी से पिटाई की गई, बाल काट दिए गए, निर्वस्त्र किया गया और शुक्रवार सुबह उसके चेहरे पर कालिख पोतकर चप्पलों की माला पहनाकर पूरे गांव में घुमाया गया। इस अमानवीय कृत्य का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया।

वीडियो वायरल होने के बाद नाबालिग लड़की गहरे मानसिक दबाव और सामाजिक अपमान में चली गई। इसी तनाव के बीच उसने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद गांव में मामले को दबाने का प्रयास किया गया, लेकिन मृतका के परिजनों ने पुलिस को सूचना दे दी।

सूचना मिलते ही शिकारपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। घटनास्थल पर एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह के नेतृत्व में एफएसएल टीम ने पहुंचकर कई अहम साक्ष्य जुटाए हैं। मृतका के परिजनों का आरोप है कि गांव के कुछ लोगों ने साजिश के तहत उनकी नाबालिग बेटी को घर से बुलाया और लड़के के साथ फंसाकर उस पर झूठे व आपत्तिजनक आरोप लगाए।

परिजनों का यह भी कहना है कि दोनों नाबालिगों के साथ मारपीट की गई और वीडियो वायरल कर दिया गया। उन्होंने पंच पति इश्तेखार अहमद, उनकी पत्नी रवैया समेत अन्य ग्रामीणों पर हत्या का आरोप लगाया है।

हालांकि पुलिस ने पंच पति इश्तेखार अंसारी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह ने बताया कि नाबालिग के फंदे से लटकने की सूचना मिली है।

मृतका के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि मामला हत्या का है या आत्महत्या का। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं से गंभीरता से जांच कर रही है। यह घटना न केवल कानून-व्यवस्था बल्कि समाज की संवेदनशीलता पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है।

# झामुमो, भाजपा और कांग्रेस में त्रिकोणीय संघर्ष के आसार

### निकाय चुनाव में मेयर के 11 प्रत्याशी मैदान में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में नगर निकाय चुनाव के तहत रांची नगर निगम के मेयर पद के लिए शुक्रवार को नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी हो गई। स्क्रूटनी के बाद जहां कुल 19 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे, वहीं अंतिम तिथि तक 8 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन वापस ले लिया। इसके बाद अब मेयर पद के लिए 11 प्रत्याशी शेष रह गए हैं।

हालांकि मैदान में 11 प्रत्याशी मौजूद हैं, लेकिन चुनावी संघर्ष मुख्य रूप से तीन प्रमुख राजनीतिक दलों भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा के बीच सिमटता दिखाई दे रहा है। भाजपा ने रोशनी खलखो को समर्थित प्रत्याशी बनाया है, कांग्रेस ने रमा खलखो को मैदान में उतारा है, जबकि झामुमो ने सुजीत विजय आनंद कुजूर को मेयर पद का उम्मीदवार घोषित किया है। मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों में मुकाबला रोशनी, रमा और सुजीत के बीच होने की संभावना जताई जा रही है।

इस चुनाव में आजसू समर्थित प्रत्याशी सुरेंद्र लिंडा भी मैदान में बने हुए हैं। उनकी मौजूदगी से आदिवासी वोट बैंक को लेकर मुकाबला और दिलचस्प होने की उम्मीद जताई जा रही है।

वहीं, नाम वापसी के बाद भाजपा के भीतर चल रही अंदरूनी खींचतान भी काफी हद तक शांत हो गई है। पार्टी लाइन से अलग चल रहे भाजपा से जुड़े राजेंद्र मुंडा, सुनील फकीरा कच्छप और संजय टोप्पो ने अपना नामांकन वापस लेकर पार्टी नेतृत्व को राहत दी है।

इसी तरह झामुमो ने भी पार्टी अनुशासन का पालन कराते हुए बगावत करने वाले कार्यकताओं को मनाने में सफलता हासिल की है।

कथरीना तिर्की, रामशरण तिर्की, अजीत लकड़ा, सुजीत कुमार कुजूर और बीरू तिर्की ने मेयर पद के लिए दाखिल अपने नामांकन वापस ले लिए हैं।

नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही रांची मेयर चुनाव की राजनीतिक तस्वीर काफी हद तक स्पष्ट हो गई है। अब आने वाले दिनों में चुनाव प्रचार तेज होने और सियासी सरगर्मी बढ़ने की संभावना है।

# जिले में खोले जायेंगे मछली आउटलेट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** बिहार के बजट में मत्स्य पालन, उत्पादन और विपणन को बढ़ावा देने की घोषणा के बाद भोजपुर जिले में मछली कारोबार को नई दिशा मिलने जा रही है।

गंगा और सोन नदी के साथ-साथ आधा दर्जन छोटी नदियों और सैकड़ों तालाबों से समृद्ध भोजपुर जिले में अब तक बाजार और भंडारण की कमी के कारण मत्स्यपालकों को उनकी मछलियों का उचित मूल्य नहीं मिल पाता था।

इसी समस्या के समाधान के लिए आरा नगर निगम क्षेत्र में चार और नगर परिषद क्षेत्र में एक-एक फिश कैच बिहार ब्रांड के खुदरा मछली आउटलेट खोले जाएंगे।

ये आउटलेट सुधा बूथ की तर्ज पर विकसित किए जाएंगे। प्रस्तावित स्थानों में सिडिकेट, धोबीघटवा और नवादा क्षेत्र शामिल हैं, जहां दो-दो जगहों पर आउटलेट खोलने की योजना है।

मछली आउटलेट की स्थापना के लिए 15.15 वर्गफुट भूमि की आवश्यकता होगी। इसके लिए जिलाधिकारी, नगर निगम और नगर परिषद को पत्र भेजा गया है। प्रशासनिक स्तर पर प्रक्रिया अंतिम चरण में है और जल्द ही अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने की उम्मीद है।इन आउटलेट्स पर भोजपुर जिले में उत्पादित देशी मछलियां ही उपलब्ध कराई जाएंगी। इसका संचालन मत्स्य विभाग के निगम अथवा फेडरेशन के माध्यम से किया जाएगा। इससे आम उपभोक्ताओं को ताजी, स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण मछली एक ही स्थान पर मिल सकेगी।

जिला मत्स्य पालन पदाधिकारी अमरजीत कुमार ने बताया कि यह योजना सात निश्चय-3 के तहत लागू की जा रही है। खुदरा मछली बाजार खोलने को लेकर डेयरी मदर और पशुपालन विभाग द्वारा पत्र जारी किया गया है, जिसमें कृषि प्रगति और प्रदेश की समृद्धि के लिए डेयरी और मत्स्य पालन पर विशेष जोर दिया गया है।

भोजपुर जिला मछली उत्पादन की दृष्टि से काफी समृद्ध है।

# बेलागंज में निपुण टीएम मेला का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेलागंज।** शनिवार को सीआरसी रामेश्वर प्लस टू उच्च विद्यालय बेलागंज गया में निपुण टीएम मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्रिक रामेश्वर उच्च विद्यालय बेलागंज के संचालक मोहम्मद अबरार आलम ने एवं समन्वय श्रीकांत सिंह ने विद्यालय के द्वारा लगाए गए प्रोजेक्ट वर्क का निरीक्षण किया एवं उनके प्रदर्शनी और प्रस्तुति की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को निपुण शिक्षा पद्धति बताइ।

उन्होंने कहा कि आप बच्चों को जो भी सिखाएंगे वह बच्चे आपका अनुकरण अनुसरण करेंगे। प्रोजेक्ट वाइज शिक्षा प्रभावकारी तरीके से प्रस्तुत किया जाता है। इस अवसर पर प्रथम स्थान प्राप्त उर्दू प्राथमिक विद्यालय बाजितपुर को पुरस्कृत किया गया। वहीं दूसरे स्थान पर मध्य विद्यालय इंदौर बीघा के प्रस्तुति एवं प्रदर्शन को द्वितीय स्थान के लिए चयन किया गया।

# फर्जी दारोगा और सिपाही सहित चार धराये

### लकड़ी एवं फाइबर का पिस्टल बरामद, कर रहे थे वाहन चेकिंग


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डेहरी आन सोन।** डेहरी मुफसिल थाना के पहलेजा पावरग्रिड के पास शनिवार को पुलिस ने फर्जी दारोगा, सिपाही समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

उनके पास से एक बिना नंबर प्लेट की स्कॉर्पियो, दो लोहे एवं लकड़ी से बना नकली रायफल, पांच प्लास्टिक का बना हुआ पिस्टल, फायबर एवं लोहे से बना एक पिस्टल, दो सेट वर्दी, एक फायबर स्टिक, एक कांबेट पिट्ठू बैग, एक बैटन रोल और दो हालिस्टर जब्त किया गया है।

ये सभी पुलिस के वेश में सड़क पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। पुलिस गिरफ्तार लोगों से पूछताछ कर जेल भेज दी।

एसडीपीओ अतुलेश झा ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली की पहलेजा पावर ग्रिड के पास कुछ युवक पुलिस की वर्दी पहने वाहन चेकिंग तथा आते-जाते लोगो को रोक-टोक कर रहे हैं। जब वे वहां



पहुंचे तो दो युवक पुलिस की वर्दी में व अन्य दो सादे ड्रेस में वहां चेकिंग अभियान चला रहे थे।

वहीं, पर बिना नंबर प्लेट की स्कॉर्पियो भी खड़ी थी। एक युवक की पुलिस की वर्दी पर कंधे पर डबल स्टार लगा हुआ था तथा दूसरा बिना स्टार की वर्दी पहने हुआ था। दो सादे ड्रेस में थे। जब उन सभी से पूछताछ की गई तो कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया ना ही कार्य से संबंधित किसी तरह का पहचान पत्र दिखाया गया।

एएसपी ने बताया कि चारों से नाम पता पूछने पर डबल स्टार लगाए हुए युवक ने अपना नाम शत्रुघ्न कुमार ग्राम शम्भू बिगहा थाना डेहरी मुफसिल का निवासी बताया। उसकी वर्दी के नेमप्लेट में सूर्य जी लिखा हुआ था।

बिना स्टार वाली वर्दी पहने उसी गांव का राहुल कुमार तथा सादे लिबास में एक युवक इसी गांव का शशि कुमार जबकि एक युवक औरंगाबाद जिले के नरारी खोड़ निवासी प्रिंस कुमार बताया जाता है। इनके पास से दो लोहे एवं लकड़ी से बना नकली रायफल, पांच प्लास्टिक का बना हुआ पिस्टल, फायबर एवं लोहे से बना एक पिस्टल, दो सेट वर्दी, एक फायबर स्टिक, एक कांबेट पिट्ठू बैग, एक बैटन रोल और दो हालिस्टर जब्त किया गया है।

एएसपी ने कहा कि हाल में पुलिस वर्दी में घटित लूट की घटना को ले यह बड़ी कार्रवाई है। पुलिस वर्दी का उपयोग अनधिकृत रूप से करना अपराध है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** जिले के दो युवकों की एक भीषण सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। यह दर्दनाक हादसा सीतामढ़ी जिले के नानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मौराहा पुल के पास हुआ। मृतक दोनों युवक एक ही बाइक पर सवार थे और रिश्तेदार की बरात से लौट रहे थे।

मृतकों की पहचान मुजफ्फरपुर जिले के औराई थाना क्षेत्र के घनश्यामपुर गांव निवासी रोशन कुमार पंडित (18 वर्ष) और जितेंद्र दास (20 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक सीतामढ़ी में एक रिश्तेदार की शादी समारोह में शामिल होने गए थे। नाच-गाना और भोजन करने के बाद वे देर रात बाइक से घर लौट रहे थे।परिजनों के अनुसार, रास्ते में अचानक घना कुहासा छा गया, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसा इतना भीषण था कि दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही नानपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। रो-रोकर परिजनों का बुरा हाल है, वहीं पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## दारोगा ने किया पीटीसी पर उस्तरे से हमला

**नवगछिया।** जनपद में दो पुलिसकर्मियों के बीच हुए विवाद में गंभीर लापरवाही और अनुशासनहीनता सामने आई है। मामूली कहासुनी के दौरान दारोगा द्वारा पीटीसी पर उस्तरे से हमला किए जाने के मामले में पुलिस अधीक्षक नवगछिया ने कड़ी कार्रवाई करते हुए एक पुलिस पदाधिकारी और एक पीटीसी को निलंबित कर दिया है। बता दें कि घटना शुक्रवार 06 फरवरी की सुबह करीब 9 बजे की है, जब नवगछिया पुलिस को सूचना मिली कि पुलिस लाइन में पदस्थापित दो पुलिसकर्मियों के बीच विवाद के दौरान पीटीसी विशाल कुमार सिंह घायल हो गए हैं। सूचना मिलते ही घायल को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां वे खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक नवगछिया ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में विशेष जांच टीम का गठन किया। जांच में यह तथ्य सामने आया कि पूर्व में पैसे के लेन- देन को लेकर चल रहे विवाद के कारण जयराम मांझी ने पीटीसी विशाल कुमार सिंह पर दाढ़ी बनाने वाले उस्तरे से हमला कर उन्हें घायल कर दिया।

# सुलझ नहीं रही नालंदा में टूरिस्टों के मौत की मिस्ट्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** राजगीर स्थित दिगंबर जैन धर्मशाला में शुक्रवार को जो दृश्य सामने आया, उसने पुलिस से लेकर आम लोगों तक को झकझोर कर रख दिया। एक ही कमरे में चार लोगों के शव फंदे से लटके मिले। हाथ बंधे हुए थे, मुंह पर टेप चिपका था और कमरे के भीतर एक लाख रुपये से अधिक नकद व 25 पत्ते नींद की गोलियां मौजूद थीं। प्रथम दृष्टया यह मामला सामूहिक आत्महत्या का दिखता है, लेकिन हालात किसी गहरी साजिश की ओर भी इशारा कर रहे हैं।

धर्मशाला का कमरा अंदर से बंद था। दरवाजे या खिड़की से बाहर निकलने का कोई स्पष्ट रास्ता नहीं मिला। अगर दरवाजा बाहर से बंद होता तो हत्या की थ्योरी मजबूत हो सकती थी, लेकिन अंदर से बंद होने के कारण मामला उलझ गया।

फिर भी, जिस तरह हाथ बांधे गए थे, वह तरीका सामान्य नहीं बल्कि पेशेवर सा प्रतीत होता है। यहीं से आत्महत्या की कहानी में शक की परतें चढ़ने लगीं।

मृतकों की पहचान जी.आर सुमंगला (करीब 75 वर्ष), उनके बेटे जी.आर नागा प्रसाद, बहुएं श्रुथा जी.आर और शिल्पा जी.आर के रूप में हुई है। चारों कर्नाटक के तुमकुर जिले के बैलेडा, पोस्ट गुब्बी (ग्रामीण) के निवासी थे।

जानकारी के मुताबिक, ये सभी नेपाल की यात्रा कर लौटे थे। सवाल यह है कि नेपाल से लौटने के बाद राजगीर आकर आत्महत्या करने का निर्णय क्यों लिया गया। क्या यात्रा के दौरान या उससे पहले कुछ ऐसा हुआ, जिसने इस अंत की पटकथा लिखी?

बताया जा रहा है कि कमरा पिछले तीन दिनों से बंद था। इसके बावजूद धर्मशाला प्रबंधन ने कोई पूछताछ नहीं की। धर्मशाला के प्रबंधक मुकेश जैन ने बताया कि जब तक कोई शिकायत या आवाज नहीं आती, वे मेहमानों को परेशान नहीं करते। चूंकि सभी जैन धर्म के थे, इसलिए लगा कि वे पूजा-पाठ या ध्यान में लीन होंगे। लेकिन यही लापरवाही अब सवालों के घेरे में है।

जांच के दौरान एक चौंकाने वाली जानकारी सामने आई। सूत्रों के अनुसार, जी.आर नागा प्रसाद अपने ही भांजे की हत्या के मामले में आरोपी रह चुका है जो जमानत पर था। इसी बिंदु पर शक की सुई उसी पर टिकने लगी। आशंका जताई जा रही है कि उसने पहले महिलाओं के हाथ बांधे, मुंह पर टेप लगाया और उन्हें आत्महत्या के लिए मजबूर किया। इसके बाद उसने खुद भी फंदा लगा लिया हो।

# 103 ग्रामीण सड़कें बनेंगी दो लेन की

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अरवल।** मुख्यमंत्री सात निश्चय पार्ट 3 के तहत ग्रामीण सड़कों को दो लेन बनाने की योजना है। योजना के तहत जिले में 103 ग्रामीण सड़कों को दो लेन किया जाएगा।

इसके लिए ग्रामीण कार्य विभाग ने सर्वे का काम शुरू कर दिया है, सर्वे के बाद सूची सरकार को सौंपी जाएगी। अरवल प्रखंड में 17, वंशी में 15, कुर्था में 21, कलेर में 24, करपी में 26 ग्रामीण सड़कों का सर्वे किया जाना है।

ग्रामीण सड़कें टू लेन में बदलने से सफर आसान होगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था व विकास को गति मिलेगी। साथ ही ग्रामीण इलाकों का मुख्य शहरों और राष्ट्रीय राजमार्गों से संपर्क मजबूत होगा।

संकरी सड़कों पर होने वाले ट्रैफिक जाम और धीमी गति से छुटकारा मिलेगा। सिंगल लेन सड़कों की तुलना में टू लेन सड़कें अधिक सुरक्षित होंगी, जिससे दुर्घटनाएं कम होंगी। किसानों को अपनी फसल मंडी तक पहुंचाने में आसानी होगी और ग्रामीण क्षेत्र में जमीन की वैल्यू भी बढ़ेगी। मौजूदा सड़क की चौड़ाई बढ़ाकर 5.5 मीटर किया जाएगा। सड़क चौड़ीकरण के साथ बेहतर जल निकासी के लिए नालियों का काम भी किया जाएगा ताकि बारिश में सड़कें खराब न हों।

भारी वाहनों ट्रकों और ट्रैक्टरों के भार को सहने के लिए सड़कों की मोटाई और गुणवत्ता में सुधार किया जाएगा। अभी एक लेन सड़क होने से भारी वाहन गुजरने पर सड़क खराब हो जाती है और बार-बार मरम्मत करनी पड़ती है।

ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता अशोक कुमार ने बताया कि जिले भर की 103 ग्रामीण सड़कों को सर्वे करने के लिए विभाग से सूची आई है। सड़कों का सर्वे किया जा रहा है, इसके बाद रिपोर्ट विभाग को सौंप जाएगी। उसके बाद सड़क को दो लेन करने की कार्ययोजना तैयार होगी।

## पशुओं का टैगिंग हुआ अनिवार्य

**सिवान।** सरकारी योजनाओं का लाभ सिर्फ वैसे पशुपालकों को ही मिलेगा, जिनके पशुओं की ईयर टैगिंग हुई होगी। हालांकि पशुपालक जिले में कराई जा रही पशु ईयर टैगिंग की अनदेखी कर रहे हैं। यह पशुपालकों की अनदेखी आगे चलकर महंगी पड़ सकती है। विभागीय दावा है की जिन पशुओं की टैगिंग हुई रहेगी, उन्हीं पशुओं का टीकाकरण होगा। अन्यथा इसे वंचित रह जाएंगे। बताया गया है कि पशु स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करते हुए ईयर टैगिंग का काम तेजी से पूरा किया जा रहा है। साथ ही पशुपालकों को पशु ईयर टैगिंग से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी भी दी जा रही है। इयर टैग के दौरान विभाग द्वारा पशुओं के नक्ष, वर्तमान स्थिति, दूध की क्षमता, उम्र आदि सब कुछ नोट कर उसे ऑनलाइन कर दिया जा रहा है। जबकि इयर टैग पर दिए गए एक विशेष नंबर जो उस नंबर से उक्त पशु के बारे में ऑनलाइन जानकारी मिलते रहेगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में पशुओं का सरकारी बीमा, आनलाइन खरीद बिक्री सहित अन्य लाभ भी इसी इयर टैगिंग के आधार पर होगी।

# पीयू में छात्र संघ का चुनाव 28 को

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पटना विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव 28 फरवरी को होना है। इसको लेकर विवि में बैठकों का दौर है। बैठक में चुनाव को लेकर नित्य नियम-परिनियम पर चचाएं हो रही है। चुनाव कराने के लिए 10 कालेजों और चार पीजी विभागों में कुल 14 निर्वाचन इकाई बनाए गए हैं। जिसमें कुल 40 मतदान केंद्रों पर वोटिंग होगी। इस चुनाव में 19 हजार, छह सौ से अधिक विद्यार्थी वोट करेंगे।लागू नियम के अनुसार छात्र संघ के उम्मीदवार को कालेज कैंपस में मात्र पांच समर्थकों के साथ जाकर कैंपेनिंग करने की अनुमति प्रदान की जाएगी।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. शंकर ने बताया कि कालेज परिसर में कैंपेनिंग के दौरान उम्मीदवार और उनके समर्थकों गले में परिचय पत्र लटकाना होगा। तभी उन्हें कैंपस में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी। कैंपेनिंग के दौरान उम्मीदवार के साथ पांच से आदमी से अधिक नहीं होना चाहिए।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि कैंपेनिंग के दौरान उम्मीदवार या समर्थ किसी प्रकार का धर्म विरोधी या जाति आधारित टिप्पणी तथा कॉलेज या विभाग में चल रही कक्षाओं को बाधित नहीं करेंगे। सभी कॉलेजों को निर्देशित किया गया है उम्मीदवार को सिर्फ पांच समर्थकों के साथ परिसर में प्रवेश देंगे। समर्थकों पर को भी कालेज के गेट पर भीड़ नहीं लगाने का निर्देश दिया गया है। चुनाव पूरी नियमावली के साथ कराई जाएगी। चुनाव को देखते हुए विवि ने चुनाव संपन्न होते तक शिक्षकों और कर्मचारियों का अवकाश रद्द कर दिया है। विशेष परिस्थिति में अवकाश के लिए नियंत्री पदाधिकारी से अनुमति लेनी होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने इसे तत्काल प्रभाव से लागू कर कर दिया है।

### गांधी मैदान में बागवानी महोत्सव का दूसरा दिन उत्साहपूर्ण

# बागवानी से आय वृद्धि, आत्मनिर्भरता की दिशा में बिहार अग्रसर : कृषि मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने बताया कि गांधी मैदान, पटना में आयोजित बागवानी महोत्सव के दूसरे दिन किसानों, उद्यमियों, युवाओं एवं आम नागरिकों ने बड़ी संख्या में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। महोत्सव का उद्देश्य किसानों को पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर फसल विविधिकरण एवं बागवानी आधारित कृषि की ओर प्रेरित करना है जिसमें आधुनिक तकनीक, नवाचार और बाजार से जुड़ी जानकारियां उपलब्ध कराई जा रही हैं। मंत्री ने बताया कि आज के कार्यक्रम में किसानों के लिए विशेष तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया जिसमें देश के प्रतिष्ठित कृषि वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा किए। 'फसल विविधिकरणः पारंपरिक खेती बनाम बागवानी फसलें' विषय पर डॉ राजेंद्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के वैज्ञानिक डॉ नीरज ने विस्तार से जानकारी दी। वहीं विदेशी फसलों की उत्पादन तकनीक एवं संरक्षित खेती पर बिहार कृषि विश्विवद्यालय, सबौर, भागलपुर के वैज्ञानिकों तथा मां एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड के विशेषज्ञों श्रीमती संगीता, एस के सिंह एवं दिलीप महाराज ने मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया कि मखाना के प्रसंस्करण एवं विपणन पर भोला पासवान शास्त्री कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ. अनिल कुमार, औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती पर सी आई एमएपी, लखनऊ के वैज्ञानिक डॉ राकेश कुमार तथा प्याज की वैज्ञानिक खेती पर बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के वैज्ञानिक डॉ एम डी ओझा ने उपयोगी जानकारियां दीं। इसके अतिरिक्त 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' योजना अंतर्गत सूक्ष्म सिंचाई के लाभों पर अवनीश कुमार भी चर्चा हुई। कार्यक्रम के दौरान वैज्ञानिकों एवं उद्यान विभाग के पदाधिकारियों के साथ किसानों का संवाद, चित्रकला प्रतियोगिता, क्विज एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया जिससे महोत्सव और अधिक जीवंत बन गया। कृषि मंत्री ने बताया कि महोत्सव स्थल पर कुल 60 सुव्यवस्थित काउंटर स्थापित किए गए हैं जहां किसानों एवं आगंतुकों को बागवानी क्षेत्र से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं, नवीनतम तकनीकी नवाचारों तथा उत्पादों की समग्र, प्रामाणिक और व्यावहारिक जानकारी एक ही मंच पर उपलब्ध कराई जा रही है। इसके साथ ही आगंतुक इन काउंटरों के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाले बागवानी उत्पादों की खरीदारी भी उत्साहपूर्वक कर रहे हैं। इन दो दिनों के दौरान उद्यानिकी पौधों एवं बागवानी उत्पादों की कुल 13.5 लाख रुपये की बिक्री दर्ज की गई। मंत्री ने बताया कि किसानों, उद्यमियों और युवाओं को बागवानी से जुड़ी नवीनतम तकनीकों, उन्नत पौध सामग्री तथा फल-सब्जी उत्पादन, प्रसंस्करण, संरक्षण और विपणन की आधुनिक प्रणालियों से अवगत कराने के उद्देश्य से यह महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। यह महोत्सव बागवानी क्षेत्र में ज्ञान, नवाचार और नए अवसरों को सुदृढ़ करने का एक प्रभावी मंच सिद्ध होगा।

# मुख्यमंत्री ने पशुपालन निदेशालय एवं प्रशिक्षण केन्द्र के नवनिर्मित भवन का किया निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार वेटनरी कॉलेज कैम्पस में पशुपालन निदेशालय तथा राज्य स्तरीय संसाधन एवं प्रशिक्षण केन्द्र के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने फार्मर्स ट्रेनिंग हॉल सहित भवन के विभिन्न भागों का जायजा लिया और वहां उपलब्ध करायी जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस भवन परिसर की चहारदीवारी को ऊंचा करायें। साथ ही परिसर को साफ सुथरा एवं व्यवस्थित रखें। उन्होंने कहा कि भवन अच्छा बना है। यहां किसान आकर प्रशिक्षण ले सकेंगे जिससे उन्हें काफी फायदा होगा। हमलोग कृषकों एवं पशुपालकों के हित में लगातार काम कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के सचिव शीर्षत कपिल अशोक, जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम., निदेशक, पशुपालन उज्ज्वल कुमार सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने पूर्वी भारत में मजबूत की अपनी मौजूदगी, बिहार में चार नई शाखाएं शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने आज पूर्वी भारत में अपने नेटवर्क के विस्तार की घोषणा की। इसके तहत बिहार में महाराजगंज, सिवान, खगड़िया और हसनपुर में चार नई शाखाएं खोली गई हैं। यह विस्तार बैंक की वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और खासकर अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे व्यवसायों, घर खरीदने की चाह रखने वालों और वंचित समुदायों को सहयोग देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उज्जीवन एसएफबी देश के 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 98.8 लाख से अधिक ग्राहकों को सेवाएं देता है। बिहार में खोली गई ये चार नई माइक्रो बैंकिंग शाखाएं मुख्य रूप से ग्रुप लोन और इंडिविजुअल लोन पर ध्यान देंगी जिनका उद्देश्य महिला उद्यमियों, छोटे कारोबारियों और स्वरोजगार करने वालों को सशक्त बनाना है। इन शाखाओं से 40-45 स्थानीय रोजगार के अवसर भी पैदा होने की उम्मीद है जिससे बिहार की अर्थव्यवस्था को लाभ मिलेगा। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के हेड-माइक्रोबैंकिंग एवं गोल्ड लोन विभास चंद्रा ने कहा बिहार हमारे लिए एक अहम विकास बाजार है जहां उद्यमशीलता की मजबूत भावना और भरोसेमंद बैंकिंग सेवाओं की बढ़ती मांग दिखती है। नई शाखाओं की शुरुआत जमीनी स्तर पर वित्तीय सशक्तिकरण के प्रति उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हम पूर्वी भारत में अपनी मौजूदगी को मजबूत करना चाहते हैं। इसके लिए हम ऐसी आसान, सुलभ और ग्राहक-केंद्रित बैंकिंग सेवाएं प्रदान करेंगे जो व्यक्तियों, छोटे कारोबारियों और युवा उद्यमियों की बदलती जरूरतों को पूरा कर सकें। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक का लायबिलिटी और एसेट, ग्राहक आधार उसकी संतुलित और समावेशी विकास रणनीति को दर्शाता है। बैंक ग्राहकों को सेविंग्स और करेंट अकाउंट्स, फिक्स्ड और रिकरिंग डिपॉजिट्स, डीमैट और इंश्योरेंस सेवाएं साथ ही माइक्रोफाइनेंस, आवास, एमएसएमई, कृषि, वाहन और गोल्ड लोन जैसी व्यापक वित्तीय सेवाएं लगातार प्रदान करता है।

# बजट में बिहार सहित पूर्वोत्तर राज्यों के विकास के लिए कई योजनाओं की घोषणा : किरण रिजीजू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** केंद्रीय मंत्री किरण रिजूजू ने केंद्र सरकार द्वारा पेश बजट 2026-27 को लेकर कहा कि पूर्वोत्तर भारत का भविष्य बिहार पर टिका हुआ है। इस बार का बजट विकसित भारत की नींव को और मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों के लिए इस बजट में कई योजनाएं की घोषणा की गई हैं। बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजूजू ने कहा कि इस बजट में बिहार के लिए काफी कुछ है। बिहार के युवाओं के रोजगार के लिए बल दिया गया है। ग्रामीण इलाकों में रोजगार के अवसर पैदा करने पर इस बजट में ध्यान दिया गया है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए भी कई प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' बहुत गति से आगे बढ़ चुका है जो रुकने वाला नहीं है। 2047 में विकसित भारत के लिए पिछले दो कार्यकाल में यह एक्सप्रेस जिस गति से आगे बढ़ा है उससे कई गुना रफ्तार से अब आगे बढ़ेगा।

उन्होंने कहा कि छोटे कार्यों के लिए जो कई प्रावधान होते थे, उसे हटाने की भी पहल इस बजट में की गई है। एक हाई लेवल लिगरेट्री रिफॉर्म्स कमिटी बनाई गई है जो आम लोगों के कागजी कार्रवाई पूरा करने में दिक्कत होती थी, उसे कम करने को लेकर कार्य करेगी।

# दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन ने किया 'सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन'

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजधानी पटना के एजी कॉलोनी स्थित आर सी सेंट्रल स्कूल में शनिवार को दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन के तत्वावधान में दो घंटे का सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सैकड़ों छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सड़क सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत एवं सरल परिचय से हुई जिसमें बच्चों को आसान भाषा में सड़क की उपयोगिता और सुरक्षित रहने के महत्व के बारे में समझाया गया। इसके बाद छात्रों को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई जिसमें ट्रैफिक नियमों का पालन करने, जेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग करने, मोबाइल का प्रयोग न करने, हेलमेट व सीट बेल्ट पहनने तथा दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प दिलाया गया।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए ट्रैफिक सिग्नल गेम का आयोजन किया गया जिसमें रेड, येलो और ग्रीन सिग्नल के माध्यम से खेल-खेल में यातायात नियम सिखाए गए। साथ ही पोस्टर व पेंटिंग प्रतियोगिता, भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता, यातायात संकेत पहचान गतिविधि, रंग भरो प्रतियोगिता (प्राइमरी वर्ग) तथा सड़क सुरक्षा क्विज का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं के विषय 'सुरक्षित सड़क, सुरक्षित जीवन', 'आज सावधानी, कल खुशहाली', हेलमेट का महत्व और स्कूल जाते समय सुरक्षा जैसे रहे। अतिरिक्त गतिविधियों में ट्रैफिक साइन कार्ड पहचान, सही-गलत खेल और हेलमेट पहनने का डेमो बच्चों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम के अंत में सक्रिय प्रतिभागियों और विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा कुछ छात्रों को 'सड़क सुरक्षा एंबेसडर' की उपाधि से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन के निदेशक डॉ. राकेश दत्त मिश्र, अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष डॉ. ऋचा दुबे, कोषाध्यक्ष प्रेम सागर पाण्डेय सहित विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश कुमार मिश्र तथा शिक्षकगण राजकुमार दूबे, शिव कुमार साहू, सविता कुमारी, ज्योति कुमारी, अमृता सिन्हा, निशा कुमारी, काजल कुमारी, दीक्षा कुमारी, रामविनय सिंह, नरेश प्रसाद, राकेश कुमार, चंचला कुमारी, धर्मेन्द्र कुमार सुधांशु एवं अन्य की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में कम उम्र से ही सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करना था जिसमें फाउंडेशन और विद्यालय परिवार पूरी तरह सफल रहा।

# आरबीआई ने ब्याज दरों में किया यथास्थिति का फैसला

### एफवाई27 में 5.25 प्रतिशत अंतिम दर की संभावना : एचडीएफसी बैंक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** आरबीआई ने उम्मीद के मुताबिक नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं किया है क्योंकि हालिया विकास की गति और घोषित व्यापार समझौतों से संभावित सकारात्मक प्रभावों को देखते हुए उसे राहत मिली है। वित्त वर्ष 2027 की पहली छमाही के लिए जीडीपी वृद्धि के पूर्वानुमानों में किए गए संशोधन में यह बात परिलक्षित हुई। हाल ही में हुए व्यापार समझौते की घोषणा के मद्देनजर, हम वित्त वर्ष 2027 के लिए अपने 6.9 प्रतिशत के विकास पूर्वानुमान में 20-30 बीपीएस की वृद्धि की उम्मीद करते हैं। दूसरी ओर आरबीआई ने वित्त वर्ष 2027 की पहली छमाही के लिए अपने मुद्रास्फीति पूर्वानुमानों को भी संशोधित किया है और मुद्रास्फीति में वृद्धि के जोखिमों के प्रति आगाह किया है। हम देखते हैं कि कीमती धातुओं की कीमतों में वृद्धि के अलावा, आधार धातुओं की कीमतों और इनपुट लागतों में वृद्धि के साथ-साथ मौसम संबंधी व्यवधानों के कारण होने वाले किसी भी जोखिम से भविष्य में मुद्रास्फीति के अनुमानों में और अधिक वृद्धि की संभावना बढ़ जाती है। आज के संचार से हमारे इस दृष्टिकोण की पुष्टि होती है कि यह ब्याज दर में कटौती के चक्र का अंत होने की संभावना है और वित्त वर्ष 2027 में 5.25% अंतिम दर हो सकती है। हाल ही में आरबीआई द्वारा उठाए गए कदमों के चलते सिस्टम में तरलता की स्थिति में सुधार हो रहा है, इसलिए हम वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में तरलता पर और घोषणाओं की उम्मीद नहीं करते हैं और उम्मीद करते हैं कि परिस्थितियां व्यापक रूप से अनुकूल बनी रहेंगी जिससे धन का हस्तांतरण संभव हो सकेगा।

# हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद विशाल युवा केंद्र का मामला वर्षों से लंबित

### जिम्मेदारी युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग की : आनंद रंजन झा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**वैशाली / पटना।** कुशल युवा कार्यक्रम के अंतर्गत फ्रेंचाइजी मोड में संचालित विशाल युवा केंद्र का मामला युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग की प्रशासनिक निष्क्रियता के कारण कई वर्षों से लंबित है। पटना उच्च न्यायालय द्वारा विभाग को आनंद रंजन झा के पक्ष में निर्णय लेने की स्पष्ट आजादी दिए जाने के बावजूद न तो केंद्र का बैंक खाता अद्यतन किया गया है न ही नामांकन पुनः प्रारंभ किया गया है और न ही लंबित वैध भुगतान का निस्तारण किया गया है।

यह निर्विवाद तथ्य है कि वर्ष 2017 से विशाल युवा केंद्र का वास्तविक, निरंतर एवं पूर्ण संचालन आनंद रंजन झा द्वारा किया जा रहा है। केंद्र से संबंधित भवन किराया, कंप्यूटर सिस्टम, मानव संसाधन, बिजली, इंटरनेट सहित समस्त परिचालन व्यय उनके द्वारा ही वहन किए गए हैं। इसके बावजूद विभागीय व्यवस्था के तहत भुगतान एक ऐसे एनजीओ को किया जाता रहा जिसकी केंद्र संचालन में कोई प्रत्यक्ष भूमिका नहीं रही है। आनंद रंजन झा ने प्रश्न उठाया कि जब विशाल युवा केंद्र के नाम से विधिवत बैंक खाता उपलब्ध है और उसका संचालन वही कर रहे हैं तो किसी अन्य एनजीओ को भुगतान देना नियमों के विपरीत तथा गंभीर प्रशासनिक त्रुटि है। कोरोना काल में भुगतान रोके जाने से केंद्र आर्थिक संकट में चला गया। वर्ष 2021 में श्रम अधीक्षक एवं जिला कौशल प्रबंधक द्वारा की गई जांच में एकतरफा एवं भ्रामक रिपोर्ट के आधार पर केंद्र का नामांकन बाधित है जबकि भवन का वैध किरायानामा आनंद रंजन झा के नाम पर है और किराया नियमित रूप से ऑनलाइन भुगतान किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि संबंधित एनजीओ के विरुद्ध व्यवहार न्यायालय, हाजीपुर में लंबित हैं जबकि उसी एनजीओ द्वारा आनंद रंजन झा के विरुद्ध दायर तथ्याभाव में खारिज हो चुका है। एनजीओ के पदाधिकारियों पर 10 लाख के चेक बाउंस का मामला भी न्यायालय में विचाराधीन है। इसी बीच विभाग से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी के 5 लाख रिश्वत लेते हुए पकड़े जाने की घटना ने विभागीय निर्णय-प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आनंद रंजन झा ने मांग की है कि विशाल युवा केंद्र के नाम से संचालित वैध बैंक खाते को तत्काल स्वीकृति दी जाए, सभी लंबित भुगतान उसी खाते के माध्यम से किए जाएं तथा केंद्र का नामांकन शीघ्र पुनः प्रारंभ किया जाए। ताकि केवाइपी के अंतर्गत युवाओं का प्रशिक्षण कार्य पुनः सुचारु हो सके।

# विशेष आइपीओ समिति ने पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी की स्थापना को दी मंजूरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** एनएसई ने अपने आईपीओ से जुड़े नियम और निगरानी व्यवस्था को और मजबूत किया है। इसके लिए एक विशेष आईपीओ समिति दोबारा गठित की है। यह समिति लिस्टिंग की पूरी प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगी और उसकी निगरानी करेगी। पुनर्गठित समिति में तबलेश पांडेय चेयरपर्सन (नन इंडेपेंडेंट डायरेक्टर), श्रीनिवास इंजेती, प्रो. (डॉ.) ममता बिस्वाल, न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अभिलाषा कुमारी, प्रो. जी. शिवकुमार सभी मेंबर (पब्लिक इंटरेस्ट डायरेक्टर), आशीष कुमार चौहान-मेंबर (मैनेजिंग डायरेक्टर व सीईओ) होंगे। इसके साथ ही एनएसई के बोर्ड ने नियामकीय मंजूरी के अधीन एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी की स्थापना को मंजूरी दी है। इसके माध्यम से एक कोयला एक्सचेंज स्थापित किया जाएगा। प्रस्तावित सहायक कंपनी का नाम नेशनल कोल एक्सचेंज/भारत कोल एक्सचेंज/इंडिया कोल एक्सचेंज हो सकता है। इसे मिनिस्ट्री ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स ने स्वीकृति दी है। इस कंपनी का गठन कोयला मंत्रालय द्वारा जारी प्रस्तावित कोल रेगुलेशंस, 2025 के अनुरूप किया जाएगा। एनएसई ने प्रस्तावित सहायक कंपनी में 100 करोड़ रुपए तक के पूंजी निवेश को मंजूरी दी है।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष लिया स्वच्छता का संकल्प

### डॉ नीतू कुमारी नवगीत द्वारा खादी मॉल में चलाया गया जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत स्वच्छता सर्वेक्षण वर्ष 2025-26 के संबंध में लोगों को जानकारी देने के उद्देश्य से पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत द्वारा पटना के गांधी मैदान एरिया तथा खादी मॉल में जागरूकता अभियान चलाया गया जिसके तहत लोगों से अपील की गई कि स्वच्छता रैंकिंग में पटना के बेहतरीन प्रदर्शन के लिए आगे आएं और स्वच्छता सर्वेक्षण में बढ़-चढ़ कर भाग लें। पटना नगर निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि स्वच्छ आदतों को अपनाना जरूरी है, तभी शहर की स्वच्छता सुनिश्चित की जा सकती है। नीतू नवगीत ने यह भी कहा कि स्वच्छ आदतें और कूड़ा निष्पादन हमारे दैनिक जीवन में बहुत महत्वपूर्ण हैं। गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग डस्टबिन में डालें। पॉलिथीन बैग की जगह कपड़े के बैग का इस्तेमाल करें। प्लास्टिक को रीसाइकल करें साथ ही प्लास्टिक को रीसाइकल करने के लिए जमा भी करें। कूड़ा डस्टबिन में डालें, उन्हें कभी भी जमीन पर न फेंके, डस्टबिन का सदा उपयोग करें। नीतू नवगीत के साथ अन्य कई लोगों ने भी स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया और अपने शहर को साफ रखने के लिए उचित तरीके से कूड़ा निष्पादन करने और दूसरे लोगों को इसके लिए प्रेरित करने संबंधित संकल्प लिया।

# अलकतरा घोटाला मामले में ट्रांसपोर्टर को सजा, मंत्री समेत 17 बरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** केंद्रीय जांच ब्यूरो पटना की एक विशेष अदालत ने करोड़ों रूपयों के बहुचर्चित अलकतरा घोटाले के एक मुख्य मामले में आज जहां एक ओर एक ट्रांसपोर्टर को आठ माह के सश्रम कारावास की सजा के साथ पचास हजार रुपए का जुर्माना भी किया, वहीं दूसरी ओर इसी मामले में राज्य के पूर्व पथ निर्माण मंत्री मोहम्मद इलियास हुसैन समेत 17 अभियुक्तों को बरी कर दिया। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश सुनील कुमार ने मामले में सुनवाई के बाद कोलकाता के एक ट्रांसपोर्टर कृष्ण कुमार केडिया को भारतीय दंड विधान की विभिन्न धाराओं में दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। इस मामले में अदालत ने पूर्व पथ निर्माण मंत्री मोहम्मद इलियास हुसैन, उनके निजी सचिव मोहम्मद शहाबुद्दीन बेग, तत्कालीन पथ निर्माण विभाग के आयुक्त सह सचिव डी पी महेश्वरी समेत अन्य 17 अभियुक्तों को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। मामला बिहार सुपौल जिले के पथ निर्माण विभाग में करीब एक करोड़ नौ लाख रुपए के 2166 मैट्रिक टन अलकतरा के घोटाले का था। आरोप के अनुसार ट्रांसपोर्टर ने वर्ष 1992 से 1996 के बीच छह आपूर्ति आदेश के अनुसार हल्दिया से अलकतरा का उठाव किया था, लेकिन 2166 मैट्रिक टन अलकतरा की कम आपूर्ति की थी। इस मामले में 28 लोगों के खिलाफ आरोप का गठन किया गया था जिनमें से सुनवाई के दौरान 10 लोगों की मृत्यु हो गई। सीबीआई ने इस मामले में आरोप साबित करने के लिए 25 गवाहों का बयान अदालत में कलम बंद करवाया था। मामले की प्राथमिकी आर सी 32 ए / 1997 के रूप में दर्ज की गई थी।

# कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के पटना पश्चिम अध्यक्ष बने प्रवीण आनंद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के संगठन को विस्तार देते हुए प्रवीण आनंद को पटना पश्चिमी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह घोषणा प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने राष्ट्रीय नेतृत्व के अनुमोदन के बाद की। नवनियुक्त अध्यक्ष प्रवीण आनंद ने प्रदेश नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें एक सशक्त संगठन की जिम्मेदारी मिली है। उन्होंने संकल्प लिया कि वे व्यापारियों की समस्याओं और मांगों को हर स्तर पर मजबूती से उठाएंगे। प्रवीण आनंद ने कहा आने वाले समय में जिले के हर प्रखंड में सदस्य बनाए जाएंगे और विभिन्न व्यापारिक संगठनों को कैट से जोड़कर एक प्रभावी टीम का निर्माण किया जाएगा। उनकी नियुक्ति पर गिरेन्द्र कुमार, संदीप कुमार, अल्तमश हैदर, सहवाज आलम, श्रवण कुमार और राहुल कुमार सहित कई व्यवसायियों ने बधाई दी।

# एटीएम कार्ड फंसा 18 हजार की निकासी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी मुफस्सिल थाना के जमुहार स्थित नारायण मेडिकल कालेज स्थित एटीएम में कर फंसा 18500 रुपये की निकासी कर ली गई। पुलिस के अनुसार नारायण मेडिकल कॉलेज में कार्यरत उत्तम कुमार अस्पताल के पास एटीएम से राशि निकालने गए तो उनका कार्ड फस गया जिसकी शिकायत उन्होंने एटीएम के अंदर दी हुई मोबाइल पर संपर्क किया। शिकायत के बाद उसे एक बैंक के पास बुलाया गया। बैंक के पास कोई नहीं मिला। इस बीच 18,500 रूपये तीन बार में निकाल लिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# तेजस्वी प्रसाद यादव का प्रदेश कार्यालय पटना में भव्य स्वागत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ सुरेश पासवान ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव का आज अभिनंदन समारोह का आयोजन राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश कार्यालय पटना में किया गया जिसमें पार्टी के सभी सांसद, विधायक पार्टी के राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय सभी पदाधिकारियों तथा बिहार के सभी जिला के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अभिनंदन समारोह के अवसर पर मेरे द्वारा अंग वस्त्र एवं भगवान बुद्ध का मूर्ति भेंट किया गया तथा कर्पूरी सभागार में उपस्थित सभी लोगों के द्वारा मोमेंटो, अंग वस्त्र, गुलदस्ता तथा फूल माला से नेता का स्वागत किया गया तथा उनसे पार्टी को बिहार के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर पर खड़ा करने का आग्रह किया गया। अपने संबोधन में तेजस्वी जी पार्टी को मजबूत बनाने के लिए सबका सहयोग मांगते हुए कहा कि आपके बदौलत पार्टी को फिर से एक बार राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिलवाने के लिए अथक प्रयास किया जाएगा। देश भर में संगठन को मजबूत करने के लिए सघन दौरा कर पार्टी के विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

## संपादकीय

# हंगामे के बीच संसद में बदली वैश्विक तस्वीर

बजट सत्र के सातवें दिन संसद में जिस तरह की स्थितियां पैदा हुई, वे निश्चित रूप से लोकतांत्रिक परंपराओं में संवाद के समांतर एक बार फिर मतभेदों के तीखे होने को ही दर्शाता है। मौजूदा सत्र में पिछले कई दिनों से लगातार हंगामे की स्थिति बनी रही और सदन की कार्यवाही बाधित होती रही। राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद बुधवार को प्रधानमंत्री धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देने वाले थे, लेकिन शोर-शराबे और हंगामे की वजह से सदन को स्थगित कर दिया गया था।विपक्षी दलों की ओर से उठाए गए सवालों और उतार-चढ़ाव के बीच आखिर गुरुवार को प्रधानमंत्री ने राज्यसभा को संबोधित किया। जबकि विपक्ष के नेता को न बोलने देने का मुद्दा उठाते हुए विपक्षी दलों ने सदन का बहिष्कार किया। दूसरी ओर सरकार का कहना था कि विपक्ष सदन नहीं चलने दे रहा।जाहिर है, राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जहां समग्र चर्चा होनी चाहिए थी, वहां सदन हंगामे की वजह से बाधित हुआ। इसके बावजूद प्रधानमंत्री ने सरकार के फैसलों और नीतियों को स्पष्ट करते हुए राज्यसभा में अपनी राय रखी।पिछले कुछ समय से बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बीच दुनिया भर में तेजी से नीतिगत स्तर पर भी बदलाव होते देखे जा रहे हैं और नई व्यवस्था की जमीन बनती दिख रही है। इसी संदर्भ में प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में इसका उल्लेख करते हुए कहा कि मौजूदा दौर में स्थितियां संभाली नहीं जा पा रही हैं, तो ऐसे में स्पष्ट दिख रहा है कि दुनिया एक नई वैश्विक व्यवस्था की ओर बढ़ रही है।इससे पहले दूसरे विश्वयुद्ध के बाद जो वैश्विक व्यवस्था बनी थी, वह अब बदल रही है और अगर इसे तटस्थ भाव से देखा जाए, तो साफ लग रहा है कि झुकाव भारत की ओर है। दरअसल, हाल के वर्षों में विकसित देशों के कूटनीतिक टकरावों और उससे उपजे हालात के बीच वैश्विक दक्षिण के रूप में देखे जाने वाले देशों की समस्याओं पर आवाज उठने की प्रक्रिया जिस तरह धीमी पड़ रही थी, उसमें भारत को एक उम्मीद की नजर देखा जा रहा था।इसी को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया भर में वैश्विक दक्षिण को लेकर होने वाली चर्चा के सूत्रधार के साथ-साथ भारत को वैश्विक दक्षिण की बुलंद आवाज के रूप में देखा जाता है।भारत के कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते नीतिगत स्तर पर आने वाले समय में काफी अहम साबित होने वाले हैं और उसके परिणामों को लेकर अभी से उत्सुकता है। इस संदर्भ में प्रधानमंत्री ने हाल ही में यूरोपीय संघ के साथ समझौतों का उल्लेख करते हुए कहा कि जब कोई विकसित देश किसी विकासशील देश के साथ अपनी पहल से समझौता करता है, तो यह अर्थजगत के लिए एक बड़ा संदेश है।

**इस व्यापारिक प्रगति से मोदी सरकार की अंतरराष्ट्रीय साख में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह साख किसी प्रचार या दावे पर नहीं, बल्कि ठोस परिणामों पर आधारित है। भारत आज विश्व मंच पर एक ऐसे राष्ट्र के रूप में देखा जा रहा है, जो अपने हितों की रक्षा करते हुए वैश्विक स्थिरता और सहयोग में भी सकारात्मक भूमिका निभाता है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति और वैश्विक व्यापार के परिदृश्य में कोई भी समझौता केवल आंकड़ों या कर-प्रतिशतों तक सीमित नहीं होता, वह राष्ट्र की संप्रभुता, नेतृत्व की दृढ़ता और भविष्य की दिशा का भी संकेतक होता है। भारत और अमेरिका के बीच हालिया व्यापारिक सहमति, जिसके अंतर्गत प्रस्तावित 50 प्रतिशत टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत किया गया है, इसी दृष्टि से एक अत्यंत महत्वपूर्ण और दूरगामी घटना है। यह निर्णय केवल आर्थिक राहत नहीं, बल्कि बदलते वैश्विक शक्ति-संतुलन और भारत की बढ़ती सौदेबाजी क्षमता का प्रमाण है।**

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौताः नरेन्द्र मोदी नेतृत्व की वैश्विक दृढ़ता

(ललित गर्ग)

यहां देर आए, दुरुस्त आए की कहावत पूरी तरह चरितार्थ होती है। जब अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर ऊँचे टैरिफ का दबाव बनाया गया था, तब यह आशंका व्यक्त की जा रही थी कि भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्था को अंततः झुकना पड़ेगा। वैश्विक व्यापार का हालिया इतिहास इस बात का साक्षी रहा है कि बड़ी शक्तियां अक्सर दबाव की राजनीति के माध्यम से अपने हित साधती हैं। किंतु फरवरी 2025 में आरंभ हुई इस व्यापारिक प्रक्रिया का फरवरी 2026 में सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ना यह दर्शाता है कि भारत ने न तो जल्दबाजी दिखाई और न ही अपने राष्ट्रीय हितों से समझौता किया। भारत ने समय लिया, परिस्थितियों का मूल्यांकन किया और अंततः संतुलित व सम्मानजनक परिणाम प्राप्त किया।

50 प्रतिशत से 18 प्रतिशत तक की टैरिफ कटौती का तात्कालिक प्रभाव व्यापारिक जगत और शेयर बाजार में दिखाई दिया। निवेशकों का भरोसा लौटा, निर्यातकों को राहत मिली और बाजार में सकारात्मक संकेत उभरे। किंतु इस निर्णय का वास्तविक महत्व इससे कहीं अधिक व्यापक है। यह इस बात की पुष्टि करता है कि भारत अब केवल नियमों का पालन करने वाला देश नहीं, बल्कि नियमों के निर्माण और पुनर्परिभाषा में अपनी भूमिका सुनिश्चित करने वाला राष्ट्र बन चुका है। अमेरिका जैसी महाशक्ति का अपने रुख में नरमी लाना भारत की आर्थिक ताकत, रणनीतिक धैर्य और राजनीतिक आत्मविश्वास का प्रत्यक्ष प्रमाण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति की सबसे बड़ी विशेषता यही रही है कि उसमें संवाद है, पर दबाव के आगे समर्पण नहीं। चाहे वह रक्षा सहयोग हो, ऊर्जा सुरक्षा हो या व्यापारिक समझौते-हर क्षेत्र में भारत ने अपने हितों को केंद्र में रखते हुए आगे बढ़ने का प्रयास किया है। इस व्यापारिक डील में भी भारत ने बिना झुके, बिना रुके और बिना कमजोर पड़े अपनी शर्तें स्पष्ट रूप से रखीं। यही कारण है कि अंततः अमेरिका को अपने प्रस्तावों में संशोधन करना पड़ा। यह केवल एक व्यापारिक जीत नहीं, बल्कि राजनीतिक परिपक्वता और नेतृत्व की दृढ़ता का उदाहरण है। इस समझौते से भारतीय उद्योगों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में एक उन्नत स्थिति प्राप्त होगी। कम टैरिफ का अर्थ है कि भारतीय उत्पाद अमेरिकी बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी होंगे, उनकी पहुंच बढ़ेगी और मेक इन इंडिया को नया प्रोत्साहन मिलेगा। टेक्सटाइल, फार्मास्यूटिकल्स, ऑटोमोबाइल, कृषि-आधारित उत्पाद और उभरते तकनीकी क्षेत्र-सभी को इससे दीर्घकालिक लाभ होने की संभावना है। भारत अब केवल सस्ता श्रम या कच्चा माल उपलब्ध कराने वाला देश नहीं, बल्कि मूल्यवर्धित उत्पादन और नवाचार की दिशा में अग्रसर अर्थव्यवस्था बनता जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसदीय दल की बैठक में जिस संयम और आत्मविश्वास के साथ भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को निरंतर धैर्य का परिणाम बताया, वह उनकी कूटनीतिक शैली का सार है। यह समझौता किसी अचानक हुए घटनाक्रम का नतीजा नहीं, बल्कि एक वर्ष तक चली रणनीतिक प्रतीक्षा, विकल्पों के विस्तार और संतुलित संवाद का परिणाम है। मोदी ने स्पष्ट संकेत दिया कि सरकार ने विपक्ष की आलोचनाओं और तात्कालिक दबावों के बावजूद धैर्य नहीं छोड़ा, क्योंकि वैश्विक व्यापार और भू-राजनीति में जल्दबाज़ी अक्सर महंगी पड़ती है। अमेरिका का झुकना किसी भावनात्मक मित्रता का परिणाम नहीं, बल्कि ठोस रणनीतिक विवशता का नतीजा है। बीते एक वर्ष में भारत ने यह स्पष्ट कर दिया कि उसके पास विकल्प हैं-रूस के साथ ऊर्जा सहयोग, यूरोपीय संघ के साथ ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में अपनी बढ़ती भूमिका।

यदि वाशिंगटन भारत पर एकतरफा दबाव बनाए रखता, तो अमेरिकी कंपनियां दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते बड़े बाजार से बाहर हो जातीं। ट्रंप द्वारा 500 अरब डॉलर के आयात, शून्य टैरिफ और रूसी तेल त्यागने जैसे नाटकीय दावे इसी दबाव की राजनीति का हिस्सा थे, जिन्हें भारत ने न तो सार्वजनिक टकराव का मुद्दा बनाया और न ही स्वीकारोक्ति दी। मोदी का इन पर मौन यह दर्शाता है कि भारत इस घटनाक्रम को अंतिम समझौते के रूप में नहीं, बल्कि दिशा-निर्धारण के रूप में देख रहा है। इसके विपरीत, भारतीय विपक्ष इस पूरे प्रकरण में अपनी राजनीतिक अधीरता और रणनीतिक अपरिपक्वता को उजागर करता रहा। उसने टैरिफ को लेकर तात्कालिक लाभ-हानि की भाषा में सरकार को घेरने की कोशिश की, जबकि अंतरराष्ट्रीय व्यापार वार्ताएं समय, धैर्य और बहुस्तरीय गणनाओं की मांग करती हैं। विपक्ष यह समझने में असफल रहा कि कूटनीति में कभी-कभी पीछे हटना नहीं, बल्कि प्रतीक्षा करना ही सबसे बड़ा कदम होता है। आज जब अमेरिका को अपना अड़ियल रुख छोड़ना पड़ा है और भारत फिर से वैश्विक प्रतिस्पर्धा की अग्रिम पंक्ति में खड़ा दिख रहा है, तब यह स्पष्ट है कि मोदी की नीति न केवल दबाव से मुक्त थी, बल्कि दूरदर्शी भी। यही नीति भारत को एक आत्मविश्वासी, प्रभावशाली और सौदे की शर्तें तय करने वाली शक्ति के रूप में स्थापित कर रही है।



इस पूरे घटनाक्रम का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि यह वैश्विक व्यापार में दबाव आधारित राजनीति के अंत का संकेत देता है। लंबे समय से बड़ी अर्थव्यवस्थाएं टैरिफ, प्रतिबंध और नीतिगत दबावों के माध्यम से छोटे या उभरते देशों को अपनी शर्तें मानने के लिए विवश करती रही हैं। भारत ने इस प्रवृत्ति को न केवल चुनौती दी, बल्कि यह भी सिद्ध किया कि आत्मविश्वास, आर्थिक क्षमता और राजनीतिक इच्छाशक्ति के बल पर किसी भी दबाव को संतुलित संवाद में बदला जा सकता है। भारत-अमेरिका संबंधों के संदर्भ में यह समझौता एक नए राजनीतिक आभामंडल के निर्माण का भी संकेत देता है। यह संबंध अब केवल रणनीतिक या सामरिक सहयोग तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि आर्थिक साझेदारी के एक नए स्तर की ओर बढ़ रहा है। इसका प्रभाव केवल इन दो देशों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वैश्विक राजनीति में बहुध्रूवीय व्यवस्था को और अधिक मजबूती देगा। दुनिया धीरे-धीरे यह स्वीकार कर रही है कि भविष्य का नेतृत्व किसी एक शक्ति के हाथ में नहीं, बल्कि संतुलित साझेदारियों के माध्यम से उभरेगा, और भारत उसमें एक केंद्रीय भूमिका निभाने के लिए तैयार है। इस व्यापारिक प्रगति से मोदी सरकार की अंतरराष्ट्रीय साख में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह साख किसी प्रचार या दावे पर नहीं, बल्कि ठोस परिणामों पर आधारित है। भारत आज विश्व मंच पर एक ऐसे राष्ट्र के रूप में देखा जा रहा है, जो अपने हितों की रक्षा करते हुए वैश्विक स्थिरता और सहयोग में भी सकारात्मक भूमिका निभाता है। यही संतुलन उसे अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं से अलग पहचान देता है। महाशक्ति बनने की भारत की यात्रा भावनात्मक नारों पर नहीं, बल्कि आर्थिक आंकड़ों, रणनीतिक समझौतों और वैश्विक स्वीकार्यता पर आधारित है। दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है, और इस प्रकार के व्यापारिक समझौते उस यात्रा के महत्वपूर्ण पड़ाव हैं। यह स्पष्ट होता जा रहा है कि भारत को आगे बढ़ने से रोक पाना अब किसी के लिए आसान नहीं है। निश्चित तौर पर यह व्यापारिक समझौता भारत की परिपक्व कूटनीति और दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति और वैश्विक व्यापार की दुनिया में कोई भी निर्णय केवल आर्थिक गणित नहीं होता, वह राष्ट्र की संप्रभुता, आत्मसम्मान और नेतृत्व की परिपक्वता का भी प्रमाण होता है। देर से लिया गया सही निर्णय, जल्दबाजी में किए गए गलत समझौतों से कहीं अधिक मूल्यवान होता है। भारत ने धैर्य रखा, आत्मसम्मान बनाए रखा और अंततः अपने हितों के अनुरूप परिणाम हासिल किया। निश्चित ही नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत न केवल सुरक्षित है, बल्कि आत्मविश्वास के साथ भविष्य की ओर अग्रसर है और यह विश्वास ही उसे महाशक्ति बनने की उड़ान देता है।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# रणबांकुरे- कहानी नायक जदुनाथ सिंह की

(यशवीर सिंह)

जदुनाथ सिंह का जन्म 21 नवंबर 1916 को यूपी के शहाजहांपुर के खजूरी गांव में हुआ था। वह नवंबर 1941 में भारतीय सेना की राजपूत रेजीमेंट में भर्ती हुए। मिलिट्री ट्रेनिंग पूरी करने के बाद उनकी पोस्टिंग राजपूत रेजीमेंट की पहली बटालियन में हुई।

जम्मू-कश्मीर के भारत में विलय के बाद पाकिस्तान बेहद बेचैन था, वह किसी भी तरह जम्मू-कश्मीर के ज्यादा से ज्यादा इलाकों पर कब्जा करना चाहता था। वह पहले ही राज्य के कई इलाकों पर कब्जा कर चुका था। पाकिस्तान के हर हथकंड़े को फेल करने के लिए भारत सरकार ने राज्य में महत्वपूर्ण जगहों पर सेना तैनात की हुई थी। ऐसी ही एक जगह है नौशेरा, जहां की तैन धार चौकी पर फरवरी 1948 में भारतीय सेना की 1राजपूत के 27 जवान तैनात थे। यहां के पोस्ट कमांडर नायक यदुनाथ सिंह थे।

दरअसल नौशेरा के कुछ इलाकों पर पाकिस्तान ने कब्जा कर लिया था, इन इलाकों पर भारतीय सेना की 50 पैरा ब्रिगेड ने 1 फरवरी 1948 को एक जोरदार हमला बोल कर वापस नियंत्रण हासिल किया। इस ऑपरेशन में पाकिस्तानी सेना को भारी नुकसान हुआ और उसे पीछे हटना पड़ा।

आगे की कहानी बताने से पहले आपको याद दिलाते हैं 'लक्ष्य फिल्म' का वो डायलॉग, जिसमें ओमपुरी ऋतिक रोशन से कहते हैं - 'अगर पाकिस्तानी हारे तो लौटकर जरूर आता है।' नौशेरा में भी कुछ ऐसे ही हुआज पाकिस्तानी सेना पूरी तैयारी के साथ लौटी। उसने 6 फरवरी 1948 को तैन धार पर हमला किया, जहां उसका सामना तैन धार चौकी पर जदुनाथ सिंह और उनके साथियों से हुआ।

### पाकिस्तान के तीन हमलों को किया नाकाम

रात में घने कोहरे का फायदा उठाकर पाकिस्तान ने भारतीय चौकी पर हमला किया, उसकी तरफ से कई बार चौकी पर कब्जा करने का प्रयास किया गया। लेकिन भारतीय सैनिकों ने उनका हर प्रयास विफल कर दिया।

हर शहीद भारतीय सैनिक की जानकारी रखने वाली वेबसाइट-ऑनरपॉइंट डॉट इन पर दी गई जानकारी के अनुसार, भारी मुश्किलों के बाद भी जदुनाथ सिंह ने एक छोटी सी टुकड़ी का नेतृत्व करते हुए दुश्मन के शुरुआती हमले को नाकाम कर दिया। भीषण गोलीबारी में जदुनाथ सिंह की टुकड़ी के चार जवान घायल हो गए। बिना हिम्मत हारे उन्होंने तुरंत अपनी टुकड़ी को संगठित कर अगले हमले की तैयारी की।

राष्ट्रीय समर स्मारक की वेबसाइट पर दी गई जानकारी के अनुसार, 06 फरवरी 1948 को शत्रु सेनाओं ने उनकी चौकी पर एक के बाद एक हमला करना शुरु कर दिया। वे और उनकी टुकड़ी शत्रु द्वारा लगातार किए गए तीन हमलों से अपनी चौकी को बचाने में कामयाब रहे।

ऑनरपॉइंट डॉट इन पर दी गई जानकारी के अनुसार, भारी मुश्किलों के बाद भी जदुनाथ सिंह ने एक छोटी सी टुकड़ी का नेतृत्व करते हुए दुश्मन के शुरुआती हमले को नाकाम कर दिया। भीषण गोलीबारी में जदुनाथ सिंह की टुकड़ी के चार जवान घायल हो गए। बिना हिम्मत हारे उन्होंने तुरंत अपनी टुकड़ी को संगठित किया और अगले हमले की तैयारी की।

### तैनधार क्यों महत्वपूर्ण?

नौशेरा सेक्टर में स्थित तैनधार रिज की बहुत रणनीतिक अहमियत बहुत ज्यादा थी। अगर इस पहाड़ी पर दुश्मन का कब्जा हो जाता तो वह श्रीनगर एयरफील्ड के लिए खतरा पैदा कर सकता था। यह एयरफील्ड भारतीय ऑपरेशन्स के लिए एक अहम लाइफलाइन थी। नायक जदुनाथ सिंह का जन्म 21 नवंबर 1916 को यूपी के शहाजहांपुर के खजूरी गांव में हुआ था। उनके पिता बीरबल सिंह राठौर एक किसान थे। जदुनाथ के अलावा बीरबल सिंह के छह बेटे और एक बेटी थी। पढ़ाई के अलावा जदुनाथ खेतों में काम कर अपने पिता की मदद किया करते थे। वह नवंबर 1941 में भारतीय सेना की राजपूत रेजीमेंट में भर्ती हुए। मिलिट्री ट्रेनिंग पूरी करने के बाद उनकी पोस्टिंग राजपूत रेजीमेंट की पहली बटालियन में हुई।

# सत्ता की निष्कंटक राह बरास्ते सुनेत्रा की ताजपोशी

**महाराष्ट्र में भले ही शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को पिछले विधानसभा चुनाव में सफलता नहीं मिली हो, लेकिन राज्य की राजनीति के सबसे मंजे हुए खिलाड़ी शरद पवार हैं। यह बात छुपी हुई नहीं है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दोनों धड़ों के बीच सुलह और एकीकरण की बात चल रही थी। राजनीति जज्बात से नहीं, हालात के हिसाब से चलती है। महाराष्ट्र में सुनेत्रा पवार का शपथ ग्रहण इसका उदाहरण है। सुनेत्रा के आंसू अभी सूखे भी नहीं, पति अजित पवार के निधन के शोक से उबरना तो दूर की बात है। फिर भी उन्होंने सियासी तकाजे को ही प्राथमिकता दी और महाराष्ट्र की पहली महिला उपमुख्यमंत्री बनकर इतिहास रच दिया। पारिवारिक वज्रपात के बीच सिंहासन पर बैठने को लेकर उनकी आलोचना स्वाभाविक है, क्योंकि समाज के सोचने का अपना ढंग है। सियासी हस्तियों से भी उसे सामाजिक परंपराओं और पारिवारिक संस्कारों को अपनाने की उम्मीद रहती है। सुनेत्रा सामाजिक सवालों से बच नहीं सकतीं।**

(उमेश चतुर्वेदी)

लेकिन सवाल यह है कि सुनेत्रा की ताजपोशी से महाराष्ट्र की राजनीति पर क्या प्रभाव पड़ने जा रहा है? प्रश्न यह भी उठता है कि आखिर क्या वजह रही कि सुनेत्रा ने आनन-फानन में शपथ ले ली। महाराष्ट्र के राजभवन में जनवरी महीने के आखिरी दिन जो राजनीतिक इतिहास रचा गया, उसकी कहानी किसने लिखी थी। महाराष्ट्र में भले ही शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को पिछले विधानसभा चुनाव में सफलता नहीं मिली हो, लेकिन राज्य की राजनीति के सबसे मंजे हुए खिलाड़ी शरद पवार हैं। यह बात छुपी हुई नहीं है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दोनों धड़ों के बीच सुलह और एकीकरण की बात चल रही थी। शरद पवार तो खुलकर स्वीकार भी कर चुके हैं कि उनकी ओर से जयंत पाटिल, अजित पवार से बात कर रहे थे। कहा तो यहां तक जा रहा है कि 12 फरवरी को दोनो पार्टियों के विलय पर अजित और शरद में सहमति हो चुकी थी। लेकिन अजित के न रहने के बाद समीकरण बदल गए। अजित के साथ गए अहम नेताओं प्रफुल्ल पटेल, आर आर पाटिल और सुनील तटकरे जैसे नेताओं की आशंकाएं बढ़ गईं। उन्हें डर था कि अगर विलय हुआ तो शरद पवार की पार्टी पर नियंत्रण बढ़ जाएगा। इसके चलते सुप्रिया सुले की पार्टी पर पकड़ बढ़ जाएगी। सुप्रिया के नियंत्रण में इन नेताओं का काम करना असहज होता। प्रफुल्ल कभी शरद पवार के बेहद नजदीकी होते थे। अजित के साथ जाकर एक तरह से उन्होंने शरद पवार के साथ दगाबाजी ही की है। उन्हें ज्यादा आशंका थी कि विलय के बाद पार्टी पर पकड़ होने के चलते शरद के बहाने सुप्रिया का चाबुक उन पर चल सकता है। लेकिन अगर पार्टी अलग रहती है और सुनेत्रा के हाथ कमान रहती है तो इन नेताओं की सियासी सेहत बनी और बची रह सकती है। यही वजह है कि अजित के निधन के चलते हुए आधिकारिक शोक की मियाद खत्म होते ही प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे जैसे नेता सक्रिय हो गए। विधायक दल की बैठक बुलाई गई और सुनेत्रा को तत्काल उसका नेता चुनकर उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के लिए तैयार कर लिया गया। शरद पवार भले ही इस सियासी पटकथा का लेखक सुनील तटकरे और प्रफुल्ल पटेल को मानते हों, लेकिन महाराष्ट्र के सियासी हलकों में कहा जा रहा है कि असल में यह पटकथा राज्य की बीजेपी ने लिखा है। पटेल और तटकरे जैसे नेताओं ने सिर्फ इसे अमल में लाने में भूमिका निभाई है।

सवाल उठ सकता है कि अगर सुनेत्रा शपथ नहीं लेतीं तो क्या बीजेपी की सियासी सेहत गड़बड़ा सकती थी, क्योंकि राज्य में बीजेपी के 132 और एकनाथ शिंदे की अगुआई वाली शिवसेना के 57 विधायक हैं। राज्य में बहुमत के लिए महज 145 सीटें चाहिए होती हैं। इस लिहाज से देखें तो बीजेपी की अगुआई वाली सरकार को कोई खतरा नहीं होने जा रहा था। अजित समेत एनसीपी के 41 विधायक पिछले चुनाव में चुने गए हैं। अजित के न रहने पर यह संख्या 40 रह गई है। लेकिन बीजेपी की चिंता दूसरी है। शरद पवार की राजनीतिक स्थिति भले ही ठीक ना हो, लेकिन जैसे ही दोनों एनसीपी का विलय होता, शरद ताकतवर होकर उभरते। महाराष्ट्र का यह चाणक्य एक बार फिर स्थापित होता और बीजेपी के लिए नई सिरदर्दी खड़ी हो जाती। शरद पवार इतने प्रभावी और सियासी रूप से तिकड़मी हैं कि बीजेपी के लिए संकट बनकर उभर जाते। उनकी प्रभावी सक्रियता के चलते शिवसेना के गुटों को भी एक करने की वे कोशिश कर सकते थे। भले ही यह सोच कल्पना लग रही हो, लेकिन एकबारगी स्वीकार कर लें कि ऐसा होता तो महाराष्ट्र की राजनीति कैसी होती।



महाराष्ट्र में जिला परिषदों के चुनाव हो रहे हैं। पहले विधानसभा और बाद में स्थानीय निकाय चुनावों में कांग्रेस की अगुआई वाली महाविकास अघाड़ी को सफलता नहीं मिली। अजित पवार के न रहने के चलते कांग्रेस को सक्रिय होना चाहिए था। अजित की अगुआई वाले जिला परिषद उम्मीदवार उनके न रहने की वजह से थोड़े आशंकित और निराश भी हैं। इस निराशा को कांग्रेस भुना सकती थी। वह एनसीपी के उम्मीदवारों पर डोरे डाल सकती थी और अपने उम्मीदवारों को नए जोश से भर सकती थी। अजित बेशक सत्ता में थे, लेकिन उन्हें विपक्षी खेमे के लिए अब भी हसरतभरी निगाह से ताकतवर नेता के रूप में देखा जा रहा था। अजित के न रहने के बाद विपक्षी नेतृत्व के लिए आसमान खुल गया है। शरद पवार की उम्र हो गई है। शरद के बाहर जाने के बाद से ही कांग्रेस राज्य में कमजोर हुई है। सुप्रिया सुले का नेतृत्व ऐसा नहीं है कि वह राज्यव्यापी प्रभाव हासिल कर पाए। यह माहौल कांग्रेस के लिए ज्यादा उपयुक्त हो सकता है। ऐसे माहौल में कांग्रेस को अपने ताकतवर नेतृत्व को स्थानीय स्तर पर आगे लाना चाहिए था। लेकिन वह ऐसा करती नहीं दिख रही। 2014 के बाद से उसने जिस नैरेटिव युद्ध की शैली को अपनाया है, राष्ट्रीय स्तर पर उसी युद्ध प्रक्रिया को जारी रखे हुए है। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के पास फुर्सत नहीं है कि वह महाराष्ट्र या किसी अन्य राज्य की राजनीति के बारे में स्थानीय जरूरतों के लिहाज से सोचे और स्थानीय समुदायों के लिए उन्हीं के बीच से प्रभावी नेतृत्व उभारे।

रणनीतिक लिहाज से देखें तो महाराष्ट्र में बीजेपी सभी दलों पर एक बार फिर बीस पड़ती नजर आ रही है। उसने सुनेत्रा को अपने खेमे में लाकर एक तीर से दो निशाने साध लिए हैं। उसने एनसीपी की ओर निश्चिंतता हासिल कर ली है, शरद पवार को एक बार फिर किनारे रखने में सफल हुई है और अपने लिए खतरा बनने की शरद की संभावनाओं को एक तरह से नेस्तनाबूद कर दिया है। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई देश की आर्थिक राजधानी भी है। इसी वजह से केंद्रीय सत्ता के बाद सबसे ज्यादा प्रभावशाली महाराष्ट्र की सत्ता मानी जाती है। माना जाता है कि कारपोरेट और औद्योगिक जगत पर सबसे ज्यादा पकड़ महाराष्ट्र के सिंहासन की होती है। मौजूदा राजनीति में आर्थिकी सबसे ज्यादा प्रभावी है। महाराष्ट्र की सत्ता पर पकड़ देश की आर्थिक ताकतों की नब्ज पर पकड़ बनाती है। यह बताने की जरूरत नहीं है कि बीजेपी अपनी इस पकड़ को कमजोर होते नहीं देखना चाहती। इसलिए उसने सुनेत्रा को साधने में देर नहीं लगाई। इसके लिए एनसीपी के ही नेताओं को अपना औजार बनाया और सफल रही। वैसे भी शरद पवार उम्र के उस पड़ाव पर हैं, जहां से उनके लिए गुंजाइश कम है। उनके पास सक्रिय रहने के लिए ज्यादा वक्त नहीं है। बेशक वे अब भी कमजोर हों, लेकिन बीजेपी के लिए सबसे बड़ी चुनौती उद्धव ठाकरे नहीं, शरद पवार ही हैं। सुनेत्रा को अपने खेमें में लाकर बीजेपी ने शरद की इस बची-खुची चुनौती भी खत्म करने में कामयाब रही है। सुनेत्रा के साथ से एकनाथ शिंदे के लिए महायुति से बाहर निकलने की सोचना या बीजेपी पर दबाव बढ़ाने का मौका खत्म हो जाता है। कुछ ऐसी ही स्थिति शिंदे के साथ के चलते सुनेत्रा की भी रहेगी। बीजेपी सुनेत्रा के जरिए शिंदे को संतुलित करेगी तो शिंदे के जरिए सुनेत्रा को काबू में रखेगी। लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# कटिहार में शिक्षक पर कार्रवाई

## बच्चों का निवाला पर डाका डाल रहे थे गुरुजी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार।** कटिहार - जिले के समेली प्रखंड के आदर्श मध्य विद्यालय खैरा में बच्चों के मध्यान भोजन के चावल चोरी का मामला सामने आने के बाद शिक्षा विभाग ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक भोला प्रसाद मंडल पर एमडीएम चावल के हेराफेरी और गबन करने के मामले में पोठिया थाने में प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दे दिया है। बताया जाता है कि 2 फरवरी को विद्यालय परिसर से एक ऑटो के माध्यम से चावल भेजे जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, वीडियो वायरल होने के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया और विद्यालय परिसर में जमकर हंगामा हुआ।

मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सत्येंद्र सिंह, सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी और प्रखंड मध्यान साधनसेवी की तीन सदस्यीय जांच टीम गठित की गई। जांच टीम ने चावल चोरी की पुष्टि करते हुए जांच रिपोर्ट जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं एमडीएम डीपीओ को सौंप दिया। जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्रामीणों और छात्र छात्राओं सहित जनप्रतिनिधियों के बयान से स्पष्ट होता है कि प्रभारी प्रधानाध्यापक भोला प्रसाद मंडल के द्वारा एमडीएम चावल में गबन का प्रयास किया है और विभिन्न पंजियों की जांच में ओवरराइटिंग, छेड़छाड़ और अनावश्यक इंट्री पाई गई है। मामले में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सत्येन्द्र सिंह ने बताया है कि प्रभारी प्रधानाध्यापक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए संबंधित थाना को पत्र भेज दिया गया है। आगे प्रखंड नियोजन समिति की बैठक बुलाई गई है जिसमें आगे की कारवाई पर निर्णय लिया जाएगा।वही मामले पर जिला शिक्षा पदाधिकारी राहुलचंद्र चौधरी ने पत्र जारी कर प्रभारी प्रधानाध्यापक को निलंबित करने एव कानूनी कार्रवाई के लिए नियोजन इकाई को पत्राचार कर दिया है।

## शंभू लाल यादव लगातार चौथी बार बने पैक्स अध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलरामपुर (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के भिमियाल पंचायत में प्राथमिक कृषि शाखा समिति (पैक्स) का चुनाव शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। उत्क्रमित मध्य विद्यालय झलझली में मतदान केंद्र बनाया गया था। तथा मतदान अपने निर्धारित समय 7बजे पूर्वांहन से शुरू होकर 4.30 बजे अपराह्न तक चला। उक्त पैक्स में कुल 1356 मतदाताओं में 914 मतदाताओं ने अपने मत अधिकार का प्रयोग किया। यहाँ अध्यक्ष पद के लिए तीन दावेदार अपनी भाग्य आजमा रहे थे। मतदान सम्पन्न होने तुरंत पश्चात मत पेटीयों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रखंड मुख्यालय के ब्रजग्रह में पहुंचाया गया। जिसके बाद मतगणना का कार्य प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ प्रशांत कुमार की देख रेख में किया गया। मतगणना के पश्चात बीडीओ ने चुनाव परिणाम घोषित करते हुए बताया कि निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष शंभू लाल यादव को कुल 427 मत प्राप्त हुआ।

# फंदे से झूलता युवक का शव बरामद

## जांच के लिए घटनास्थल पर एफएसएल की टीम पहुंची

नवबिहार टाइम्स संवाददाता





**मनिहारी (कटिहार)।** मनिहारी थाना क्षेत्र के कुमारीपुर पंचायत के पश्चिम टोला वार्ड संख्या 13 में अपने रिश्तेदार के यहां आये युवक का फंदे से झुलता शव पुलिस ने बरामद किया है। घटनास्थल पर पहुंचे डीएसपी बिनोद कुमार ने बताया कि युवक विनय पंडित (25) बरारी सूजापुर निवासी कुमारीपुर अपने रिश्तेदार के घर आया था। लेकिन शनिवार को गले मे फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। श्री कुमार के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग का प्रतीत होता है।

बताया कि पुलिस सभी बिन्दुओं पर जांच कर रही है। दो महिला से भी इस बाबत पूछताछ की जा रही है। मौके पर एफएसएल टीम भी पहुंचकर साक्ष्य संग्रह कर जांच मे जूट गयी है। पुलिस शव कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कटिहार भेजा है। पुलिस जांच के बाद ही सच सामने आ सकेगा। मामला आत्महत्या या हत्या का है?

# गोली मारकर विधवा की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** सहायक थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 41 के हवाई अड्डा इलाके में बीती रात एक विधवा महिला काजल देवी (30) की हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है । काजल देवी स्वर्गीय सुरेश यादव की पत्नी थीं। घटना के



बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतका अपने ससुराल में रहती थी और उसके दो मासूम पुत्र हैं जिसमें एक की उम्र 8 वर्ष और दूसरे की 7 वर्ष बताई जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार करीब तीन साल पहले काजल देवी के पति सुरेश यादव की मृत्यु हो चुकी थी। जिसके बाद वह अकेले ही अपने बच्चों का पालन-पोषण कर रही थी। हत्या के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि यह हत्या किन परिस्थितियों में और किस वजह से की गई।घटना की सूचना मिलते ही सहायक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। वही मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी भी घटनास्थल का निरीक्षण किए। इस दौरान उन्होने बताया कि प्रथम दृष्टया मे मामला आपसी प्रेम प्रसंग व अवैध संबंध का लग रहा है।

# अज्ञात अपराधियों की गोली से एक की हालत गंभीर, अपराधी फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आजमनगर (कटिहार)** । थाना क्षेत्र के अमरसिंह पुर पंचायत के कमालपुर गांव में रात्रि करीब 7:30 बजे गांव के 8 वर्षीय एक बच्चे के साथ एक व्यक्ति घर से निकलकर कुछ दूरी में मंचूरण खाने के लिए गया था। जहां अज्ञात अपराधियों ने उन्हें गोली मारकर फरार हो गया।



हालांकि गोली उक्त व्यक्ति के जांघ में लगी है। आनन फालन में ग्रामीणों द्वारा जख्मी हालत में नोमान आलम (20) को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आजमनगर में भर्ती कराया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल कटिहार रेफर कर दिया।

अपराधियों का कोई पता नहीं चल पाया । घटना को लेकर थानाध्यक्ष नीरज कुमार से दूरभाष पर हुई बातचीत में उन्होंने कहा कि मामले की तहकीकात की जा रही है। अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। छापेमारी जारी है।

# अनियंत्रित ट्रक के चपेट में आने से महिला की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कदवा (कटिहार)।** सोनैली - बारसोई मुख्य सड़क पथ के कदवा थाना क्षेत्र के पहलागढ़ पंचायत के हरदा मोर के समीप सालमारी की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक के चपेट में आने से एक महिला शबीना खातून (55) की घटन स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार प्राणपुर थाना क्षेत्र के सिरांडा ग्राम निवासी महिला शबीना खातून हरदा स्थित अपनी बेटी की घर मुस्लिम टोला आई थी। वहां से वह अपने घर सिरांडा जाने के लिए पैदल सिंगलपुर आ रही थी।



इसी क्रम में सालमारी की तरफ से आ रही तेज रफ्तार की ट्रक के चपेट में आ गई। जिससे महिला की घटनास्थल पर हीं दर्दनाक मौत हो गई। घटना को देख आस पास में मौजूद लोगों की भाड़ी संख्या में भीड़ इखठ्ठी हो गई वहां इखठ्ठे लोगों ने आक्रोश होकर सड़क जाम कर दिया। जिस कारण घंटो सड़क बाधित रही। घटना की सूचना पर कदवा पुलिस आनन-फानन में घटना स्थल पर पहुंचकर लोगों को समझते बुझाते हुए सड़क जाम को हटवाया। वहीं आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा ट्रक चालक राजु राय एवं उप चालक मो० नसीम अंसारी को कदवा पुलिस के हवाले कर दिया। कदवा पुलिस द्वारा दोनों को गिरफ्तार कर कदवा थाना लाया। मृतिका के शव को कागजी प्रक्रिया के बाद अंत्यपरीक्षण हेतु कटिहार भेज दिया । घटना के बाद मृतक के परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है। वहीं ग्रामीणों में मातमी सन्नाटा छाया हुआ है।

## विशाल गुप्ता बने भाजपा युवा मोर्चा के जिला मंत्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बरारी (कटिहार)।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा में संगठनात्मक विस्तार के तहत सेमापुर मंडल उपाध्यक्ष विशाल गुप्ता को जिला भाजपा युवा मोर्चा का जिला मंत्री मनोनीत किया गया है। उनकी नियुक्ति पर पार्टी कार्यकताओं और नेताओं में हर्ष का माहौल है। मनोनीत होने के बाद विशाल गुप्ता ने पार्टी के प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है। उसका निर्वहन वे पूरी निष्ठा, समर्पण और मजबूती के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को और सशक्त बनाने के लिए वे जमीनी स्तर पर कार्य करेंगे। उनकी नियुक्ति पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज राय, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह,भाजपा जिला महामंत्री गोविंद अधिकारी, सौरभ मालाकार, रामनाथ पांडे,मंडल अध्यक्ष संतोष भगत, जयप्रकाश यादव, राघवेंद्र प्रताप सिंह,एमएलसी प्रतिनिधि रवि कुमार आजाद, मंडल महामंत्री जेपी यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष मनीष कुशवाहा, कुमार सागर, अनंत जायसवाल, पल्लवी चौधरी, मुकेश चौधरी सहित जिला के तमाम नेताओं एवं पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# 22 लीटर विदेशी शराब के साथ तीन मोटरसाइकिल सवार तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोर (कटिहार)।** डंडखोरा पुलिस क्षेत्र में शराबबंदी को प्रभावी बनाने के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।शुक्रवार की रात पुलिस हमसैली मोड़ पर वाहन जांच अभियान चलाकर दो मोटरसाइकिल पर सवार तीन शराब तस्करों को 21.975 लीटर विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है।




मामले को लेकर थानाध्यक्ष विजय कुमार महतो ने बताया कि शुक्रवार की देर शाम गुप्त सूचना मिली थी कि बाइक सवार तीन युवक भारी मात्रा में शराब लेकर हमसैली मोड़ की ओर जा रहे हैं। सूचना के सत्यापन एवं तस्करों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा हमसैली मोड़ पर वाहन जांच अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि इस क्रम में संदिग्ध बाइक की तलाशी में एक बाइक जिसको श्रवण कुमार (26), पिता- विष्णुदेव चौधरी,साकिन- साहेबटोला भवाड़ा, थाना-मुफस्सिल चला रहा था, से 8.925.लीटर तथा दूसरा बाइक जिस पर मोहन कुमार (27) पिता- चक्रधर महतो, दहियारगंज, थाना- हसनगंज पिन्टु कुमार राजवंशी (32) पिता सहदेव राजवंशी, रामपुर, थाना-मुफस्सिल कटिहार निवासी सवार था, से 13 लीटर विदेशी शराब बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि शराब एवं बाइक को जब्त करते हुए तीनों को हिरासत में लेकर थाना लाया गया,जहॉ उनके विरुद्ध मद्य निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मौके पर एसआई अरबिंद कुमार,रीतेश कुमार सहित पुलिस बल मौजूद रहे।

## सोशल मीडिया पर हथियार लहराने का फोटो वायरल, अपराधी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आजमनगर (कटिहार)** । आजमनगर थाना क्षेत्र में अवैध हथियार लहराते हुए दिखाना एक युवक को भारी पड़ गया। सोशल मिडिया पर वायरल फोटो पर आजमनगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युवक को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शाहबाज आलम (25) के रूप में हुई है। इस बाबत पुलिस सूत्र से मिली जानकारी में बताया गया है कि गुरुवार की रात लगभग 10:13 बजे पुलिस को सूचना मिली कि सोशल मीडिया पर एक युवक का अवैध हथियार के साथ फोटो वायरल हो रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा तत्काल जांच शुरू की गई । फोटो में दिख रहे युवक की पहचान आजमनगर थाना क्षेत्र के बाघलिया वार्ड संख्या-07 निवासी शाहबाज आलम, पिता- काबुल अंसारी उर्फ कलीमुद्दीन के रूप में की गई।

# जल संसाधन मंत्री से मिलकर मुखिया ने कटाव रोकने की मांग की

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ग्रामीण** । जिले के कुरसेला से लेकर अमदाबाद तक नदी किनारे बसे मनिहारी प्रखंड के अनेक पंचायत कालांतर मे बाढ कटाव की समस्या से जूझते रहे हैं। दशकों से बाढ व कटाव के दंश से अनेक गांव का अस्तित्व सिमट गया है। कई गांव बेचिरागी हो चुक हैं। सैकडों लोग विस्थापित होकर ऊंचे स्थलों पर लेने को विवश हैं। रोजी रोजगार की तालाश मे हजारो गरीब विस्थापित परिवार अन्य प्रातों मे पलायन कर गये हैं।



मनिहारी प्रखंड के धुरियाही पंचायत दशकों से गंगा की कटाव से गंभीर रुप से पीडित है। इसकी अनेक आर्थिक, सांस्कृतिक रुप से समृद्ध गांव गंगा मे विलीन हो चुके हैं। धुरियाही पंचायत के अस्तित्व पर अब खतरा मंडराने लगा है। धुरियाही पंचायत के मुखिया राज कुमार मंडल पंचायत के अस्तित्व पर मंडराते कटाव की कहर के मद्देनजर सूबे के जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी से मिलकर कटाव रोधी कार्य अविलंब कराये जाने की गुहार लगायी है।

# प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मनसाही (कटिहार)** । छात्रों को व्यवहारिक शिक्षा को प्रोत्साहित करने एवं जिससे वे वास्तविक दुनिया की समस्याओं को पता लगाने के उद्देश्य से आदर्श मध्य विद्यालय धनपाड़ा में प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग कार्यक्रम प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन ग्राम पंचायत राज कुरेठा के मुखिया अवधेश प्रसाद यादव द्वारा किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार आनंद ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को व्यवहारिक शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना हैं। जिससे वह वास्तविक दुनिया के समस्याओं का पता लगा सके तथा प्रोजेक्ट के माध्यम से समस्याओं का पता लगा सके।

इस प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग मेले का आयोजन करने से बच्चों में रचनात्मक सहयोग और आलोचनात्मक सहयोग बढ़ता हैं, यह 21वीं सदी के कौशलों को उजागर करता हैं और कक्षाओं को पारंपरिक शिक्षण विधियां से दूर ले जाता हैं,इसमें कक्षा आठ के छात्रों द्वारा स्टीम में परियोजनाएं प्रदर्शित करते हैं,जिससे अक्सर विद्यालय, प्रखंड, जिला एवं राज्य स्तरीय चयन की ओर ले जाते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों में श्वेता सिंह,शुभांगी पारई, अमित कुमार,रवि कुमार बच्चों में सुहानी भारती, नैंसी कुमारी आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# कलश यात्रा निकाल कर हुआ भागवत सप्ताह का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा (कटिहार)** । प्रखंड मुख्यालय से सटे दक्षिण टोला काली मंदिर के पास भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ नगर भ्रमण कर हुआ। कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में कुंवारी कन्या एवं महिलाएं शामिल होकर बलुआ टोला शिवमंदिर के पोखर से कलश भर कर नगर भ्रमण करते हुए यज्ञस्थल पर पहुंची।जहां वैदिक मंत्रों के साथ कलश स्थापना और यज्ञ देवता भागवत भगवान तथा गणेश जी के प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा



कर पूजन किया गया। फिर अपराह्न 3 बजे से कथावाचक स्वामी शिवानंदजी महाराज के द्वारा संगीत भागवत कथा का वाचन प्रारंभ किया गया।

व्यास पीठ का उद्घाटन कथावाचक एवं जिला संत्संग समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर सत्यनारायण मंडल ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया।बजरंग दल डंडखोरा की अगुवाई में स्थानीय लोगों के सहयोग से आयोजित इस धार्मिक आयोजन को लेकर प्रखंड क्षेत्र में चर्चा जोरों पर है।कार्यक्रम आयोजन में मनंजय कुमार झा, सूरज विश्वास, प्रकाश कुमार झा, प्रीतम विश्वास, संजय गुप्ता, प्रकाश साह, विद्यानंद साह, मिथिलेश कुमार, जयप्रकाश महतो, शेखर कुमार सहित दर्जनों अन्य की सक्रिय सहभागिता देखी गई।

# कांग्रेस की ओर से मनरेगा बचाओ संग्राम धरना का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार ।** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से शनिवार को समाहरणालय के मुख्य द्वार पर मनरेगा बचाओ अभियान के तहत मनरेगा बचाओ संग्राम धरना का आयोजन किया गया। धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता कटिहार जिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने की।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय सांसद व कांग्रेस वर्किंग कमिटी के सदस्य तारिक अनवर मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिलीप विश्वास ने किया।

धरना को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसद तारिक अनवर ने कहा कि पूर्ववर्ती यूपीए सरकार में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह एवं राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के अध्यक्ष सोनिया गांधी के अथक प्रयास से देश में पहली बार मनरेगा कानून को लाया गया। यह कांग्रेस सरकार की देन है। इस कानून के तहत ग्रामीण क्षेत्र के मजदूरों को 100 दिन की रोजगार की गारंटी दी गई , साथ ही न्यूनतम राशि भी निर्धारित की गई। अब तक लाखों लोग इस कानून के तहत रोजगार प्राप्त किया और अपने जीवन को बेहतर बनाया। लेकिन मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने इस कानून को बदल दी है। केंद्र सरकार ने मनरेगा से न सिर्फ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम को हटाया , बल्कि अब इस नए कानून को लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मनरेगा की जगह जिस कानून को लाया गया है। उसमें कई तरह की खामियां हैं। दरअसल मौजूदा केंद्र की मोदी सरकार न केवल जन विरोधी है, बल्कि युवाओं , महिलाओं एवं बेरोजगार लोगों को रोजगार देने से बचना चाहती है। उन्होंने कहा कि मनरेगा को बचाने के लिए देशभर में आंदोलन किया जा रहा है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिशा निर्देश पर जगह-जगह मनरेगा बचाओ अभियान के तहत तरह-तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिला कांग्रेस कमेटी कटिहार की ओर से यह कार्यक्रम आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि जिस तरह मौजूदा केंद्र सरकार आम लोगों के हक और हकूक पर हमला कर रही है। इससे देश की जनता पूर्ण रूप से परेशान है। उन्होंने केंद्र सरकार से रोजगार को लेकर बनाए गए नए कानून को वापस लेने की मांग करते हुए मनरेगा की अस्तित्व को बनाये रखने की जरूरत पर बल दिया और कहा कि मनरेगा को मजबूत किया जाए और इसके लिए पर्याप्त धनराशि आवंटित की जाए।

## स्वास्थ्य प्रशिक्षक रमेश राम को दी गई विदाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमदाबाद (कटिहार)** । प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लगभग 25 वर्षों तक सेवा देने वाले स्वास्थ्य प्रशिक्षक रमेश राम ओहदार के सेवानिवृत्त होने पर शनिवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. जय कुमार के नेतृत्व में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने सेवानिवृत्त रमेश राम ओहदार को फूल-माला पहनाकर, उपहार एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. जयकुमार ने कहा कि रमेश राम ओहदार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की रीढ़ रहे हैं। उन्होंने 8 मई 2001 को पदभार ग्रहण किया था और अपने लंबे कार्यकाल में पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ सेवा दी।

# जनता दरबार में डीएम ने सुनी 41 आवेदकों की समस्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार** । जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी की अध्यक्षता में उनके कार्यालय वेश्म में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए 41 आवेदकों के आवेदनों पर सुनवाई की गई।सबसे अधिक 22 मामले राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित रहे। जिसमें मुख्यतः भूमि मापी, मुआवजा प्राप्ति, अतिक्रमण, भूदान, अवैध कब्जा, नामांतरण, वासगीत पर्चा तथा ए.सी.पी. लाभ से जुड़ा रहा। वहीं डीसीएलआर से संबंधित 07, गृह रक्षा वाहिनी से संबंधित 01, विद्युत से संबंधित 01, निबंधन से संबंधित 02, एसडीओ से संबंधित 03, लोक जन शिकायत से संबंधित 03, सिविल सर्जन से संबंधित 01, थाना से संबंधित 01 एवं आवेदन प्राप्त




हुये ।जिला पदाधिकारी सुनवाई के दौरान कई आवेदकों की समस्याओं का ऑन द स्पॉट कर दिया गया, वहीं शेष मामलों को शीघ्र निपटारा के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया।

डीएम ने अंचलाधिकारियों को प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में प्राप्त मामलों का निस्तारण कर उसकी रिपोर्ट ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट कराने का निर्देश दिया।जिला पदाधिकारी ने आम जनता से अपील की है कि सप्ताह में सोमवार एवं शुक्रवार को प्रत्येक कार्यालय में पदाधिकारी जनसामान्य से सीधे मिलकर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करते हैं। इसलिए नागरिक संबंधित कार्यालय में जाकर अपनी समस्याओं का निदान प्राप्त कर सकते हैं।उन्होंने कहा कि उन कार्यालयों में भी समस्याओं का निराकरण किया जाता है।

## कंज्यूमर गुड्स मार्केट में एंट्री हो गई है

# मुकेश अंबानी की झोली में आई एक और विदेशी कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुकेश अंबानी के रिलायंस समूह की झोली में एक और विदेशी कंपनी आई है। दरअसल, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की एफएमसीजी कंपनी रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने ऑस्ट्रेलिया की पॉपुलर बेटर-फॉर-यू बेवरेज कंपनी गुडनेस ग्रुप ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड में मेजॉरिटी हिस्सेदारी हासिल कर ली है। इस डील के जरिए आरसीपीएलकी ऑस्ट्रेलिया के कंज्यूमर गुड्स मार्केट में एंट्री हो गई है। इस डील के तहत, आरसीपीएल गुडनेस ग्रुप के हेल्दी बेवरेज ब्रांड्स जैसे कि नेक्सबा और पीएसीई को प्रमोट करने में मदद करेगी। बता दें कि पीएसीई एक हाइड्रेशन ब्रांड है जिसे ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट कप्तान पैट कमिंस के साथ मिलकर बनाया गया है और इसे भारत सहित नए बाजारों में प्रमोट किया जाएगा। रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के डायरेक्टर टी. कृष्णकुमार ने कहा- गुडनेस ग्रुप ग्लोबल के हेल्थ-फोकस्ड कंज्यूमर ब्रांड जैसे नेक्सबा और पीएसीई के जुड़ने से आरसीपीएल के हेल्दी बेवरेज पोर्टफोलियो को मजबूती मिलेगी। हमारी मजबूत सप्लाई चेन और डिस्ट्रीब्यूशन क्षमताओं के साथ रिलायंस कंज्यूमर यह सुनिश्चित करेगा कि गुडनेस ग्रुप ग्लोबल के ब्रांड नए बाजारों में विस्तार करें और पूरे भारत में आसानी से उपलब्ध हों। सिडनी में हेडक्वार्टर वाली गुडनेस ग्रुप अपने प्रोडक्ट्स पूरे ऑस्ट्रेलिया और 20 से ज्यादा इंटरनेशनल मार्केट में बेचती है। इसका फ्लैगशिप ब्रांड नेक्सबा प्लांट-बेस्ड,



जीरो-कैलोरी स्वीटनर का इस्तेमाल करके बनाए गए गट-हेल्थ बेवरेज पर फोकस करता है। वहीं, रिलायंस कंज्यूमर भारत के बाहर भी अपने एफएमसीजी कारोबार को लगातार बढ़ा रही है। इसके ऑपरेशन कतर, ओमान, बहरीन, नेपाल और श्रीलंका जैसे मार्केट में हैं। ऑस्ट्रेलिया की यह डील कंपनी के लिए एक और विदेशी मार्केट जोड़ती है। हाल ही में रिलायंस कंज्यूमर ने तेजी से बढ़ते ब्यूटी प्रोडक्ट मार्केट में अपनी पैठ मजबूत करने के लिए ब्रिलक्रीम, टोनी एंड गाय और बाडेडास जैसे अंतरराष्ट्रीय ब्रांड के वैश्विक अधिकार हासिल कर लिए हैं। ब्रिलक्रीम पुरुषों के हेयर स्टाइलिंग उत्पादों का एक प्रसिद्ध ब्रिटिश ब्रांड है। भारतीय और वैश्विक बाजारों में इस ब्रांड की मजबूत पहचान है। वहीं, टोनी एंड गाय प्रीमियम हेयर केयर और स्टाइलिंग ब्रांड है, जबकि जर्मन ब्रांड बाडेडास अपने प्राकृतिक वनस्पति अर्क वाले प्रीमियम उत्पादों के लिए जाना जाता है।

# चीन की ओर मुड़ गए भारत आने वाले रूसी तेल के टैंकर

## मॉस्को ने ड्रैगन को दे दिया बड़ा ऑफर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील ने रूसी तेल के आयात पर भी ब्रेक लगा दिए हैं। अमेरिका ने भारत पर लगाए 50 में से 25 फीसदी टैरिफ सिर्फ इसी शर्त पर हटाया है कि दिल्ली रूस से कच्चा तेल खरीदना बंद करे। साथ ही भारत को अब अमेरिका और वेनेजुएला से तेल खरीदना होगा। इसका असर दिखाई भी दिया। भारत ने अब रूस से तेल खरीदना काफी कम कर दिया है। वहीं रूस अब चीन को ज्यादा तेल बेच रहा है। भारत-अमेरिका ट्रेड डील के बाद रूस ने तेल की कीमत और घटा दी है। उसने चीन को सस्ता तेल खरीदने का ऑफर भी दिया है।

रॉयटर्स के मुताबिक इस हफ्ते रूस से चीन को होने वाले तेल निर्यात पर छूट काफी बढ़ गई है। तेल बेचने वाले दुनिया के सबसे बड़े कच्चे तेल खरीदार, चीन से मांग बढ़ाने के लिए दाम कम कर रहे हैं। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि भारत से होने वाली संभावित बिक्री में कमी की भरपाई की जा सके। अगर भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद कर दिया, तो चीन ही सस्ते रूसी तेल का एकमात्र बड़ा खरीदार रह जाएगा। दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा तेल निर्यातक रूस पहले से ही पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों के कारण भारत से घटती मांग से जूझ रहा है। इस वजह से रूस का तेल जहाजों में जमा हो रहा है। जेपी मॉर्गन के विश्लेषकों (इनमें नताशा केनेवा भी शामिल हैं) ने 4 फरवरी के एक नोट में लिखा है कि चीन के स्वतंत्र रिफाइनर इस स्थिति का सबसे ज्यादा फायदा उठा रहे हैं। वे भारी छूट और घरेलू नीतियों के सहारे रूस से आने वाले ज्यादातर तेल को खरीद रहे हैं। इससे उनकी कमाई बढ़ रही है, उत्पादन बढ़ रहा है और रणनीतिक भंडार भी मजबूत हो रहा है। जेपी मॉर्गन के विश्लेषकों (इनमें नताशा केनेवा भी शामिल हैं) का मानना है कि अमेरिका के साथ ट्रेड डील के बाद भी भारत हर दिन 8 लाख से 10 लाख बैरल रूसी कच्चा तेल खरीदेगा। यह भारत के




कुल कच्चे तेल आयात का 17 से 21त्न होगा। पिछले साल जून में भारत रूस से हर दिन करीब 20 लाख बैरल तेल खरीद रहा था। केप्लर (चश्चद्यद्गह्र) के आंकड़ों के मुताबिक जनवरी में भारत का रूसी तेल आयात घटकर 11 लाख बैरल प्रति दिन रह गया, जो नवंबर 2022 के बाद सबसे कम है। व्यापारिक सूत्रों के मुताबिक चीन को भेजे जाने वाले रूसी ईएसपीओ मिश्रण तेल पर छूट इस हफ्ते बढ़कर लगभग 9 डॉलर प्रति बैरल हो गई है। पिछले कुछ महीनों में यह छूट 7 से 8 डॉलर प्रति बैरल थी। वहीं बाल्टिक सागर से निर्यात होने वाले रूसी यूराल्स ग्रेड तेल पर छूट लगभग 12 डॉलर प्रति बैरल है। यही यूराल्स तेल आमतौर पर भारत को भेजा जाता है। सूत्रों का कहना है कि यह छूट और भी बढ़ सकती है। महीनों में रूसी कच्चे तेल पर कई सालों की सबसे कम छूट का फायदा उठा रहे हैं। वे इतना ज्यादा रूसी तेल खरीद रहे हैं कि उन्होंने ईरान से तेल लेना भी कम कर दिया है। चूंकि भारत के पीछे हटने से छूट और भी ज्यादा होने की संभावना है, इसलिए आने वाले समय में भी ऐसा ही होता रहेगा।

# विदेशी मुद्रा भंडार के मोर्चे पर टूटे रिकॉर्ड, पहली बार 720 अरब डॉलर के पार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के विदेशी मुद्रा भंडार के मोर्चे पर बड़ी खुशखबरी मिली है। 30



जनवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार 14.36 अरब डॉलर बढ़कर 723.77 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने यह जानकारी दी है। इससे पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 8.05 अरब डॉलर बढ़कर 709.41 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। इससे भी पहले सितंबर, 2024 में विदेशी मुद्रा भंडार 704.89 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंचा था।

आरबीआई द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 30 जनवरी को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माने जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 49.3 करोड़ डॉलर घटकर 562.39 अरब डॉलर रह गई। डॉलर के रूप में व्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर अमेरिकी मुद्राओं में मूल्य वृद्धि या मूल्यह्रास के प्रभाव शामिल होते हैं। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान गोल्ड रिजर्व का मूल्य 14.59 अरब डॉलर बढ़कर 137.68 अरब डॉलर हो गया। केंद्रीय बैंक ने बताया कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 21.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.95 अरब डॉलर हो गया।

अमेरिका-ईरान वार्ता को लेकर बनी भू-राजनीतिक अनिश्चितता और कच्चे तेल की कीमतों में तेज वृद्धि होने से शुक्रवार को रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 31 पैसे टूटकर 90.65 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 90.28 पर खुला और सत्र के दौरान 90.18 के ऊपरी स्तर और 90.83 के निचले स्तर तक गया। कारोबार के अंत में यह 31 पैसे टूटकर 90.65 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। डॉलर के मुकाबले रुपया गुरुवार को 13 पैसे मजबूत होकर 90.34 पर बंद हुआ था। उन्होंने डॉलर-रुपया का कारोबार 90.40 से 91.20 रुपये के दायरे में रहने का अनुमान लगाया।

## समझौते पर और क्या बोला यूएसटीआर

# अमेरिकी किसानों-उत्पादकों के लिए बाजार पहुंच का विस्तार होगा



**वॉशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौते की अंतिम रूपरेखा पर मुहर लग चुकी है। जिसे लेकर दोनों देशों की ओर से संयुक्त बयान जारी किया गया। अब इस कड़ी में संयुक्त राज्य व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) का बयान सामने आया है। जिसमें कहा गया कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से अमेरिकी किसानों और उत्पादकों का नए बाजार में पहुंच का विस्तार होगा।

बयान में कहा गया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत के साथ व्यापार समझौते के तहत दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक में अमेरिकी किसानों और उत्पादकों की पहुंच का विस्तार कर रहे हैं। अमेरिकी विदेश व्यापार नीतियों को विकसित करने और बढ़ावा देने के लिए जिम्मेदार एजेंसी ने आगे कहा कि भारत ने सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं और कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर टैरिफ को समाप्त करने या कम करने के लिए प्रतिबद्धता जताई है।

यूएसटीआर ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, मेवों और सूखे आसवन अनाज (डीडीजी) से लेकर लाल ज्वार और ताजे और प्रसंस्कृत (प्रोसेस्ड) फलों तक, व्यापार समझौता अमेरिकी उत्पादों के लिए नए बाजार तक पहुंच प्रदान करेगा।

एक अन्य पोस्ट में कहा , राष्ट्रपति ट्रंप अमेरिकी किसानों और उत्पादकों की दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक तक पहुंच का विस्तार कर रहे हैं, जिसके तहत भारत ने सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं और कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर टैरिफ को समाप्त करने या कम करने, व्यापार में लंबे समय से चली आ रही गैर-टैरिफ बाधाओं को दूर करने, अधिक अमेरिकी सामान और सेवाएं खरीदने और 500 बिलियन डॉलर से अधिक के अमेरिकी उत्पादों की खरीद करने की प्रतिबद्धता जताई है। व्हाइट हाउस ने भारत-अमेरिका संयुक्त बयान में कहा कि दोनों पक्ष आपसी और पारस्परिक रूप से फायदेमंद व्यापार पर एक अंतरिम समझौते के लिए एक रूपरेखा पर सहमत हो गए हैं। ग्रीर ने कहा कि ट्रंप के सौदेबाजी से सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं और कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए टैरिफ कम हो रहे हैं।

### किसानों और उद्यमियों के लिए नए अवसर होंगे पैदाः ग्रीर

इस समझौते की सराहना करते हुए अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि राजदूत जैमीसन ग्रीर ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समझौते करने के प्रयासों से अमेरिकी श्रमिकों और उत्पादकों के लिए दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक के द्वार खुल रहे हैं। ग्रीर ने एक बयान में कहा, आज की घोषणा संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत के बीच गहरे होते संबंधों को दर्शाती है, क्योंकि हम दोनों देशों के किसानों और उद्यमियों के लिए नए अवसर पैदा कर रहे हैं।

# ए फाइनेंस आईपीओ ने एंकर निवेशकों से 454.50 करोड़ रुपये जुटाए

## 9 फरवरी को खुल रहा आईपीओ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अल्फाबेट के निवेश वाली कंपनी ए फाइनेंस आईपीओ ने एंकर निवेशकों से




454.50 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी एंकर निवेशकों को एक शेयर पर 129 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से जारी किया है। न्यू यार्क स्टेट टीचर्स रिटायरमेंट सिस्टम, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, बीएनपी परिबास फाइनेंसियल मार्केट्स आदि ने एंकर निवेशकों के तौर पर दांव लगाया है। यह आईपीओ रिटेल निवेशकों के लिए 9 फरवरी को खुल रहा है। ए फाइनेंस आईपीओ का इश्यू साइज 1010 करोड़ रुपये का है। कंपनी फ्रेश शेयरों के जरिए 5.50 करोड़ शेयर और ऑफर फार सेल के जरिए 2.33 करोड़ शेयर जारी करेगी। बता दें, रिटेल निवेशक 9 फरवरी से 11 फरवरी तक दांव लगा पाएंगे। ए फाइनेंस आईपीओ का प्राइस बैंड 122 रुपये से 129 रुपये प्रति शेयर है। कंपनी ने 116 शेयरों का एक लॉट बनाया है। जिसकी वजह से निवेशकों को कम से कम 14964 रुपये का दांव लगाया है। यह एक मेनबोर्ड आईपीओ है। इसलिए इसकी लिस्टिंग बीएसई और एनएसई में होगी। ग्रे मार्केट में ए फाइनेंस आईपीओ की स्थिति अच्छी नहीं है। इंवेस्टर्स गेन की रिपोर्ट के अनुसार ग्रे मार्केट में यह आईपीओ जीरो रुपये के प्रीमियम पर ट्रेड कर रहा है। आईपीओ का सबसे अधिक जीएमपी 5 रुपये प्रति शेयर रहा है। वहीं, सबसे कम जीएमपी जीरो रुपये रहा है। आईपीओ में क्वालीफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए 75 प्रतिशत हिस्सा, रिटेल निवेशकों के लिए कम से कम 10 प्रतिशत हिस्सा और एनआईआई के लिए कम से कम 15 प्रतिशत हिस्सा आरक्षित होगी। कंपनी का कारोबार 18 राज्यों में फैला है।

## 75 से 80 प्रतिशत लुढ़केगा चांदी का भावः एक्सपर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक बार फिर से चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिली थी। कामेक्स सिल्वर रेट शुक्रवार को बड़ी गिरावट के बाद 63.900 डॉलर /श्५ पर आ गया था। वैश्विक गिरावट का ट्रेंड घरेलू मार्केट में भी साफ देखने को मिला था। एमसीएक्स सिल्वर का रेट 2.29 लाख रुपये के इंट्रा-डे लो लेवल तक पहुंच गया था। हालांकि, इस गिरावट के बाद निवेशकों की तरफ से अधिक खरिदारी देखने को मिली। जिसकी वजह से एक बार फिर से कीमत 2.48 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंचने में सफल रहा है। एक्सपर्ट्स के अनुसार चांदी की कीमतों में आने वाले समय में उच्चतम स्तर से 75 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिल सकती है। सेबी रजिस्टर्ड मार्केट एक्सपर्ट अनुज गुप्ता कहते हैं, एमसीएक्स और कामेक्स में चांदी की कीमतों में गिरावट के पीछे दो बड़ी वजहें हैं। पहली वजह अमेरिका और ईरान के बीच टेंशन का काम होना और दूसरी वजह डॉलर का अन्य करेंसी की तुलना में मजबूत होना है।

## 30 ट्रिलियन डॉलर के बाजार का रास्ता खुलेगा

# भारत-यूएस ट्रेड डील से किसे फायदा? पीयूष गोयल ने बताया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने साइन कर दिए हैं। साथ ही यह भी साफ हो गया है कि अमेरिका से भारत क्या-क्या आएगा। वहीं केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को इस अंतरिम समझौते के ढांचे की सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे भारतीय निर्यातकों के लिए 30 ट्रिलियन डॉलर के बाजार का रास्ता खुलेगा। यह समझौता खासकर छोटे और मध्यम उद्योगों , किसानों और मछुआरों के लिए बहुत फायदेमंद होगा।

लाखों नई नौकरियां पैदा होने का दावा

गोयल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इस समझौते से निर्यात में काफी बढ़ोतरी होगी और लाखों नई नौकरियां पैदा होंगी। इनमें से ज्यादातर नौकरियां महिलाओं और




युवाओं के लिए होंगी। उन्होंने लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व में, भारत ने अमेरिका के साथ एक अंतरिम समझौते के ढांचे पर सहमति जताई है। इससे भारतीय निर्यातकों के लिए 30 ट्रिलियन डॉलर का बाजार खुल जाएगा, खासकर एमएसएमई, किसानों और मछुआरों को इसका लाभ मिलेगा। निर्यात में वृद्धि से हमारे महिलाओं और युवाओं के लिए लाखों नई रोजगार के अवसर पैदा होंगे। वाणिज्य मंत्री ने यह भी बताया कि इस समझौते के तहत, अमेरिका भारतीय सामानों पर लगने वाले टैरिफ को घटाकर 18त्न कर देगा। इससे दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में भारत के लिए बड़े अवसर पैदा होंगे। कपड़ा और परिधान, चमड़ा और जूते, प्लास्टिक और रबर उत्पाद, ऑर्गेनिक रसायन, घर की सजावट का सामान, हस्तनिर्मित वस्तुएं और कुछ खास मशीनरी जैसे क्षेत्रों को फायदा होगा।

जेनेरिक दवाएं, रत्न और हीरे, और विमान के पुर्जे जैसे कई सामानों पर टैरिफ शून्य हो जाएगा। इससे भारत की निर्यात क्षमता और मेक इन इंडिया पहल को और बढ़ावा मिलेगा।

# कोल्हापुर की लड़की लग्जरी ब्रांड शनैल की पहली भारतीय महिला सीईओ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिलाओं में हमेशा बड़े सपने देखने का साहस रहा है। उनमें से तमाम ने उन सपनों को सफलता की कहानियों में बदला है। ऐसा ही एक नाम लीना नायर का है। उनकी यात्रा साबित करती है कि आपका विजन आपको कितनी दूर ले जा सकता है। वह फ्रांस के लग्जरी ग्रुप शनैल की ग्लोबल सीईओ हैं। उनका प्रभाव बोर्डरूम से कहीं आगे तक जाता है। जब जुलाई 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पेरिस में लीना नायर से मिले तो यह सिर्फ एक औपचारिक मुलाकात से कहीं ज्यादा थी। यह ग्लोबल बिजनेस की दुनिया में भारत की बढ़ती उपस्थिति और नेतृत्व को दर्शाता था। उनकी कहानी याद दिलाती है कि जिनके पास विश्वास, कड़ी मेहनत और साहस की पूंजी है, उनके लिए दुनिया संभावनाओं से भरी पड़ी है।

लीना नायर का जन्म 11 जून, 1969 को महाराष्ट्र के कोल्हापुर में हिंदू मलयाली परिवार में हुआ। उनके माता-पिता का पढ़ाई-लिखाई पर बहुत ज्यादा फोकस था। लीना को पढ़ाई के लिए खूब प्रोत्साहित किया गया। वह होली क्रॉस कॉन्वेंट स्कूल में पहली महिला ग्रेजुएट बैच का हिस्सा बनीं। लीना नायर ने 1992 में एक्सएलआरआई से एमबीए किया। इसके पहले इलेक्ट्रॉनिक्स और टेलीकम्युनिकेशन में इंजीनियरिंग की। गोल्ड मेडल के साथ ग्रेजुएट हुईं। वह अपने परिवार में हायर



एजुकेशन हासिल करने वाली पहली महिला भी बनीं। शुरू से ही उन्होंने एक मजबूत उदाहरण पेश किया। लीना नायर के प्रोफेशनल सफर की शुरुआत हिंदुस्तान यूनिलीवर में एक समर इंटर्न के तौर पर हुई। वहां उन्हें जल्द ही 1992 में एक मैनेजमेंट ट्रेनी के तौर पर शामिल कर लिया गया। यह भारत की सबसे सम्मानित कंपनियों में से एक के साथ एक लंबे और प्रभावशाली करियर की शुरुआत थी। कुछ साल उन्होंने फैक्ट्रियों, सेल्स ऑफिस और कॉर्पोरेट हेडक्वार्टर में काम किया। पुरुषों के दबदबे वाले माहौल में भी खुद को साबित किया। लगातार परफॉर्मेंस, मुश्किलों का सामना करने की क्षमता और बिजनेस ऑपरेशन्स की गहरी समझ से अपनी विश्वसनीयता बनाई। ह्यूमन रिसोर्स की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर बन गईं। इस उपलब्धि ने उन्हें सबसे कम उम्र के लीडर्स में से एक और कंपनी की मैनेजमेंट कमेटी में शामिल होने वाली पहली महिला बनाया। यह कॉर्पोरेट लीडरशिप के नियमों में बदलाव का संकेत था। फोर्ब्स के अनुसार, लीना ने यूनिलीवर की ग्लोबल लीडरशिप में 50-50 जेंडर बैलेंस हासिल करने में अहम भूमिका निभाई। 2016 में वह पहली महिला, पहली एशियाई और सबसे कम उम्र की ष्ट॥क्रह्र (चीफ ह्यूमन रिसोर्स ऑफिसर) बनीं। 2020 तक एग्जीक्यूटिव कमेटी में रहीं। दिसंबर 2021 में लीना नायर को शनैल का सीईओ नियुक्त किया गया। इससे दुनिया भर में सुर्खियां बनीं। वह ब्रांड के 100 से ज्यादा साल के इतिहास में पहली भारतीय और दूसरी महिला बॉस बनीं। उनसे पहले मौरीन चिक्वेट थीं, जिन्होंने 2007 से 2016 तक शनैल का नेतृत्व किया था। लीना नायर के प्रभाव को बड़े पैमाने पर पहचाना गया है। 2025 में उन्हें कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर अवॉर्ड मिला। पहले मिले सम्मानों में 2017 में महारानी एलिजाबेथ द्बद्ब की ओर से मान्यता और 2021 में फोर्ब्स की सबसे शक्तिशाली महिलाओं की सूची में 68वीं रैंकिंग शामिल है। अपनी प्रोफेशनल उपलब्धियों के अलावा लीना एक सामान्य निजी जीवन जीती हैं। उनकी शादी कुमार नायर से हुई है। वह एक फाइनेंशियल सर्विसेज एंटरप्रेन्योर हैं। इस कपल के दो बेटे हैं। शनैल की ग्लोबल सीईओ लीना नायर को प्रिंस विलियम से ब्रिटेन का प्रतिष्ठित कमांडर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर अवॉर्ड मिला है।

# 9 फरवरी को एआई कंपनी का आईपीओ हो रहा है ओपन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगले हफ्ते यानी 9 फरवरी को एक मेनबोर्ड एआई कंपनी का आईपीओ खुलने जा रहा है। हम बात कर रहे हैं फ्रैक्टल एनालिटिक्स आईपीओ की। कंपनी का आईपीओ 9 फरवरी से 11 फरवरी तक खुला रहेगा। निवेशकों के नजरिए से अगर देखें तो ग्रे मार्केट में भी इसका प्रदर्शन बेहतर है। अब देखना होगा कि इस मेनबोर्ड आईपीओ को कैसा रिस्पॉन्स आने वाले दिनों में मिलता है। फ्रैक्टल एनालिटिक्स आईपीओ का साइज 2833.90 करोड़ रुपये है। कंपनी आईपीओ के जरिए 1.14 करोड़ फ्रेश शेयर जारी करेगी। वहीं, ऑफर फार सेल के जरिए कंपनी 2.01 करोड़ शेयर जारी करेगी। फ्रैक्ट्ल एनालिटिक्स ओीपीओ का प्राइस बैंड 857 रुपये से 900 रुपये प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। कंपनी ने 16 शेयरों का एक लॉट बनाया है। जिसकी वजह से




निवेशकों को कम से कम 14400 रुपये का इंवेस्टमेंट करना होगा। आईपीओ का 75 प्रतिशत हिस्सा क्वालीफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए आरक्षित होगा। वहीं, रिटेल निवेशकों के लिए कम से कम 10 प्रतिशत शेयर रिजर्व रहेंगे। एनआईआई के लिए अधिकतम 15 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व रहेगा।

फ्रैक्टल एनालिटिक्स की स्थापना 2000 में हुई थी। यह एक एआई और एनालिटिक्स कंपनी है। कंपनी के दो महत्वपूर्ण सेगमेंट हैं।

आईपीओ से जुटाए 262.90 करोड़ रुपये का कंपनी अपनी अमेरिकी की सब्सिडियरी में निवेश करेगी। वहीं, 57.10 करोड़ रुपये के जरिए लैपटॉप खरीदे जाएंगे। 121.10 करोड़ रुपये से देश में नए ऑफिस ओपन होंगे। इंवेस्टर्स गेन की रिपोर्ट के अनुसार ग्रे मार्केट में कंपनी का शेयर 40 रुपये के प्रीमियम पर आज ट्रेड कर रहा है।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की कोषांगों की समीक्षा

## बैठक में दिये गये दायित्व पूर्ण कार्यों के निष्पादन के निर्देश




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूँटी।** नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2026 के सफल आयोजन को लेकर आज समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)-सह-उपायुक्त आर रॉनिटा की अध्यक्षता में गठित सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में चुनाव की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान नगरपालिका निर्वाचन कोषांग, कार्मिक कोषांग, मतपत्र एवं मतपेटिका कोषांग, सामग्री कोषांग, परिवहन कोषांग, विधि-व्यवस्था-सह-आचार संहिता कोषांग, हेल्पलाइन एवं जन शिकायत कोषांग, प्रेक्षक कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, मीडिया कोषांग, निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग, सूचना तकनीकी कोषांग तथा नियंत्रण कक्ष के सुचारु क्रियान्वयन को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।उपायुक्त ने निर्देश दिया कि निकाय चुनाव 2026 के लिए गठित सभी कोषांग अपने-अपने स्तर पर उत्तरदायित्व पूर्ण अपने कार्यों का निष्पादन करना सुनिश्चित करे। निर्वाचन कार्य में लगे कर्मियों को अच्छे से प्रशिक्षण देने का भी निर्देश दिया गया।

मतदान कर्मियों को मतदान केंद्रों तक ले जाने के लिए वाहनों की व्यवस्था, मतपेटिका से मतदान, समेत अन्य विषयों पर उपायुक्त ने विचार विमर्श कर संबंधित कोषांग को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आयोग द्वारा जारी मार्गदर्शिका के अनुरूप मतपत्र का मुद्रण कराने, पर्याप्त वाहनों की व्यवस्था सुनिश्चित करने, जिससे मतदान कर्मी एवं पुलिस बल समय पर मतदान केंद्र पर पहुंचे एवं मतदान सम्पन्न कराने के पश्चात ससमय रिसिविंग सेंटर तक वापस आए, मतदान प्रक्रिया से जुड़े सभी प्रशिक्षण कार्यक्रम में मतदान कर्मियों को अनिवार्य रूप से भाग लेने का निर्देश दिया गया। मतदान कर्मियों का रेण्डमाइजेशन, मतदान कर्मियों का डिस्पैच को लेकर भी उपायुक्त ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

हेल्पलाइन एवं जन शिकायत कोषांग को सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया। चुनाव से जुड़े किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने या शिकायत दर्ज कराने के लिए हेल्पलाइन एवं जन शिकायत कोषांग के नंबर 06528-220056 या 1950 या नियंत्रण कक्ष के नंबर 016528-295205 पर सम्पर्क कर सकते है।

# भटके जापानी पर्यटक को पुलिस ने पहुंचाया गंतव्य तक




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** भारत भ्रमण पर आए जापान के एक पर्यटक के अपने दल से बिछड़ जाने के बाद धनबाद पुलिस ने तत्परता और संवेदनशीलता दिखाते हुए उसे सुरक्षित उसके गंतव्य तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया। यह घटना मैथन चेक पोस्ट के पास सामने आई, जहाँ विदेशी पर्यटक अकेले और परेशान हालत में मिला। जानकारी के अनुसार, जापान के टोकियो निवासी हारुखी वतावनवे भारत यात्रा पर हैं और श्रीलंका के रास्ते भारत पहुंचे थे। वह बौद्ध धर्म से जुड़े प्रमुख तीर्थ स्थल बोधगया की यात्रा पर जा रहे थे। इसी दौरान मैथन टोल प्लाजा के पास उनकी बस छूट गई, जिससे वे अपने समूह से बिछड़ गए।

घटना की सूचना मिलते ही मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन ने तत्काल मौके पर पहुंचकर पर्यटक से मुलाकात की और उन्हें अपने साथ ओपी (पुलिस चौकी) लेकर आए। पुलिस ने उनसे बातचीत कर पूरी जानकारी जुटाई और उनके यात्रा दस्तावेजों की जांच कर पहचान सुनिश्चित की। इसके बाद मैथन पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए संबंधित बस के मालिक से संपर्क स्थापित किया। पुलिस के प्रयास से पर्यटक का सारा सामान बोधगया में सुरक्षित रखवा दिया गया। साथ ही, हारुखी वतावनवे के लिए दूसरी बस से बोधगया तक सुरक्षित यात्रा की व्यवस्था की गई।

धनबाद पुलिस की तत्परता और सहयोग से भावुक हुए जापानी पर्यटक ने खुशी जाहिर करते हुए पुलिस का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भारत में उन्हें लोगों और पुलिस से बेहद मददगार व्यवहार मिला, जिसे वे हमेशा याद रखेंगे।

इस घटना ने एक बार फिर साबित किया कि धनबाद पुलिस केवल कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि जरूरतमंदों की सहायता और मानवीय संवेदनाओं को भी प्राथमिकता देती है। भटके विदेशी पर्यटक को सुरक्षित उसके गंतव्य तक पहुंचाकर पुलिस ने सेवा, जिम्मेदारी और कर्तव्यनिष्ठा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

# मतदान पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** आगामी नगर निकाय निर्वाचन के आलोक में श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट (एसएसएलएनटी) महिला महाविद्यालय में जारी मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए नोडल पदाधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षकों द्वारा दी जा रही जानकारियों को गंभीरता से सुनें और उसका मतदान के दिन अनुपालन करें। उन्होंने मतपत्र को मोड़ने तथा मतपेटिका को सील करने के तरीके को त्रुटि रहित करने को कहा। इसके पूर्व उप निर्वाचन पदाधिकारी - सह - जिला पंचायत पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी द्वारा भी प्रशिक्षण केंद्र का अनुश्रवण किया गया। उन्होंने कहा कि प्रपत्रों को सही तरीके से भरने को कहा। प्रशिक्षण को बेहतर तरीके से संचालित करने में मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण, संजय कुमार, राज कुमार वर्मा, कुमार वंदन, उमेश लाल, रामलखन कुमार, रमाशंकर तिवारी, मदन नायक, प्रभात वर्मा, नीरज प्रसाद, अंकित वासन, नवीन कुमार राय, अशोक कुमार आदि उपस्थित थे।

# चुनाव के दौरान सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर

## हेट स्पीच और अफवाह फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

धनबाद। नगर निकाय चुनाव के तहत सभी प्रत्याशियों को आधिकारिक रूप से चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं। चुनाव चिन्ह मिलते ही अब प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार औपचारिक रूप से तेज हो गया है। इस बीच धनबाद पुलिस ने सुरक्षा को लेकर व्यापक तैयारी शुरू कर दी है।

वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) प्रभात कुमार ने सभी प्रत्याशियों के नाम विशेष सुरक्षा संदेश जारी किया है। उन्होंने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है और इसे शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

एसएसपी ने अपने संदेश में प्रत्याशियों से अपील की है कि वे चुनाव आचार संहिता का पूरी तरह पालन करें और किसी भी प्रकार के उकसावे, भड़काऊ भाषण, अफवाह या साम्प्रदायिक टिप्पणी न करें।

सभी प्रत्याशियों को यह भी निर्देश दिया गया है कि वे चुनावी सभा, जुलूस या रोड शो आयोजित करने से पहले प्रशासन से विधिवत अनुमति अवश्य लें। निर्धारित रूट और समय का पालन करना अनिवार्य होगा। बिना अनुमति जुलूस निकालने या नियमों का उल्लंघन करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

नगर निकाय चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष बनाए रखने के लिए धनबाद पुलिस ने सोशल मीडिया मॉनिटरिंग को भी तेज कर दिया है। एसएसपी श्री प्रभात कुमार ने स्पष्ट किया है कि फेसबुक, व्हाट्सऐप, इंस्टाग्राम, एक्स (ट्विटर) समेत सभी प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विशेष टीमों द्वारा 24 घंटे कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान अफवाह फैलाने, भड़काऊ पोस्ट करने, सांप्रदायिक तनाव पैदा करने, फर्जी वीडियो या एडिटेड फोटो प्रसारित करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आईटी एक्ट और अन्य संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी भी की जा सकती है।




एसएसपी ने सभी प्रत्याशियों और उनके समर्थकों को विशेष रूप से आगाह किया है कि वे सोशल मीडिया का जिम्मेदारी से उपयोग करें। किसी भी विरोधी प्रत्याशी के खिलाफ आपत्तिजनक, झूठी या चरित्र हनन करने वाली सामग्री पोस्ट या फॉरवर्ड करने से बचें। चुनाव प्रचार के नाम पर समाज में नफरत फैलाने की कोशिश बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि व्हाट्सऐप ग्रुप और सोशल मीडिया पेज के एडमिन की भी जिम्मेदारी तय की जाएगी। यदि किसी ग्रुप में आपत्तिजनक या भ्रामक सामग्री प्रसारित होती है और एडमिन उसे तत्काल रोकने या हटाने की कार्रवाई नहीं करता है तो उसके खिलाफ भी कानूनी कदम उठाए जा सकते हैं।

एसएसपी प्रभात कुमार ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अपुष्ट खबर को शेयर न करें। यदि कोई संदिग्ध पोस्ट, वीडियो या मैसेज मिलता है तो उसकी सूचना तुरंत स्थानीय थाना या पुलिस कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 8210840901 पर दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

धनबाद पुलिस ने दोहराया है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर फैलने वाली अफवाहें कानून-व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा बन सकती हैं, इसलिए ऑनलाइन गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि संवेदनशील और अतिसंवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर ली गई है। वहां अतिरिक्त पुलिस बल, सशस्त्र बल एवं दंडाधिकारी की तैनाती की जाएगी। साथ ही प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लगातार गश्ती बढ़ा दी गई है।

प्रत्याशियों और वोटरों से अपील की गई कि यदि उन्हें किसी प्रकार की धमकी, दबाव, लालच, अवैध वसूली या चुनाव प्रभावित करने की कोशिश की कोई भी जानकारी मिले तो वे तुरंत स्थानीय थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित करें। शिकायत मिलने पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

एसएसपी ने आम नागरिकों से भी शांति बनाए रखने, अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नागरिकों का सहयोग ही शांतिपूर्ण चुनाव की सबसे बड़ी गारंटी है।

एसएसपी प्रभात कुमार ने भरोसा दिलाया है कि पूरे चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चौकस रहेगी और कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# निकाय चुनाव में कांग्रेस ने झोंकी पूरी ताकत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के नगर निकायों में चुनाव भले ही पार्टी सिंबल पर नहीं हो रहा हो, सभी दलों ने अपनी-अपनी ओर से पूरी ताकत झोंक दी है।

रांची की स्थिति सबसे रोमांचक है। यहां से प्रदेश कांग्रेस ने नगर निकाय चुनाव के बहाने अपनी ताकत को दिखाने का निर्णय ले लिया है। विधायकों, मंत्रियों और सीनियर नेताओं को अपने-अपने क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करते हुए वार्डों से लेकर मेयर प्रत्याशी अथवा निकाय के अध्यक्ष के दावेदार को जिताने की जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू स्वयं इसकी निगरानी कर रहे हैं और उन्होंने तमाम नेताओं को चुनाव में पार्टी समर्थित उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार रांची नगर निगम के लिए अंतिम समय तक कांग्रेस और झामुमो के बीच से एक उम्मीदवार को खड़ा करने की तैयारी की जा रही थी। कांग्रेस के सूत्र बताते हैं कि इसके लिए किसी स्तर पर कोई पहल नहीं होने के कारण अंतिम समय में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपने उम्मीदवार के नाम की घोषणा कर दी।कांग्रेस की ओर से किसी भी नेता ने झामुमो के शीर्ष नेतृत्व तक अपनी बात नहीं पहुंचाई। ऐसे भी नगर निकाय चुनाव में झामुमो का हाथ कांग्रेस से ऊपर है। झामुमो ने तीन बड़े नेताओं को पार्टी में शामिल कराया है। धनबाद से चंद्रशेखर अग्रवाल, कोडरमा से शालिनी गुप्ता और पलामू से पूनम सिंह।कहा जा रहा है कि पूनम सिंह पिछले कई महीनों से कांग्रेस से संपर्क में थी और उनका कांग्रेस से नजदीकी रिश्ता रहा है।

नगर निकाय का चुनाव उन नेताओं के लिए अधिक चुनौतीपूर्ण हो गई है जिन्होंने प्रदेश नेतृत्व और मंत्रियों के खिलाफ दिल्ली दरबार में हाजिरी लगाई थी। इन नेताओं को अपने-अपने क्षेत्रों में पार्टी समर्थित उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

रांची नगर निगम क्षेत्र में खिजरी विधायक राजेश कच्छप के विधानसभा क्षेत्र में आठ वार्ड आते हैं। इसी प्रकार कांके विधायक सुरेश बैठा के क्षेत्र में 10 वार्ड हैं। इन दोनों को अपने-अपने इलाके के वार्डों में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों को जीत दिलाने की जिम्मेदारी दी गई है।

दूसरी ओर, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के क्षेत्र में एक वार्ड ही पड़ता है। यह वार्ड बनहौरा क्षेत्र में आता है जहां तिर्की का आवास भी है। इस कारण से पूरी पार्टी की नजर वहीं टिकी हुई है। राज्य के अन्य मंत्रियों और नेताओं को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी है लेकिन जिनके खिलाफ बगावत हुई थी उन्हें अधिक सावधान रहने की हिदायत दी गई है और सीट पर जीत सुनिश्चित करने को कहा गया है।

# प्रेक्षकों ने अभ्यर्थियों संग की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2026 को लेकर आज समाहरणालय स्थित सभागार में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा खूँटी नगर पंचायत के लिए नियुक्त किए गए सामान्य प्रेक्षक रश्मि लकड़ा एवं व्यय प्रेक्षक श्रवण कुमार प्रजापति द्वारा सभी निवार्ची पदाधिकारी की उपस्थिति में अध्यक्ष पद के अभियार्थियों एवं सभी वार्डों के वार्ड पार्षद अभियार्थियों के साथ बैठक की गई।

बैठक के दौरान सामान्य प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक द्वारा सभी अभियार्थियों को निर्वाचन प्रक्रिया, आदर्श आचार संहिता तथा निर्वाचन से संबंधित नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रेक्षक ने बताया कि निर्वाचन प्रतीक आवंटित होने के पश्चात ही क्षेत्र में चुनाव प्रचार की अनुमति होगी। साथ ही चुनाव प्रचार-प्रसार में व्यय सीमा की जानकारी देते हुए बताया गया कि वार्ड पार्षद के लिए अधिकतम 1 लाख रुपये तथा अध्यक्ष पद के लिए अधिकतम 5 लाख रुपये खर्च की सीमा निर्धारित है।

प्रेक्षकों द्वारा अभियार्थियों को किए गए चुनावी खर्च का संपूर्ण ब्यौरा संधारित करने, वाहनों की अनुमति, इलेक्शन एजेंट की नियुक्ति, निर्वाचन के लिए खोले गए बैंक खाते से ही सभी खर्च किए जाने सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी गई। व्यय प्रेक्षक ने सभी अभियार्थियों को दिनांक 13, 17 एवं 21 फरवरी को पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 5 बजे तक डीआरडीए स्थित कार्यालय में अनिवार्य रूप से लेखा जांच कराने को कहा गया। साथ ही कहा गया कि मतगणना के पश्चात भी लेखा जांच कराना अनिवार्य होगा।

इसके अतिरिक्त निर्वाचन से संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता या शिकायत के लिए दूरभाष संख्या 06528-295205 पर संपर्क करने अथवा प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे से 4 बजे के बीच परिसदन, खूंटी में आकर सीधे प्रेक्षक से मिलने की जानकारी दी गई।

# इंटर की परीक्षा देते छात्रा हुई बेहोश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित इंटर विद्यालय में इंटरमीडिएट की केमेस्ट्री परीक्षा के दौरान एक छात्रा अचानक बेहोश हो गई। बाद में कारण का पता चला तो सभी हैरान रह गए। इससे कुछ देर के लिए परीक्षा केंद्र पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। हालांकि, प्रशासन और चिकित्सा टीम की तत्परता से छात्रा को समय पर इलाज मिला और वह पुनः परीक्षा में शामिल हो सकी।

परीक्षा के दौरान वीक्षक ने छात्रा की तबीयत बिगड़ते देख तुरंत इसकी सूचना केंद्राधीक्षक और प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट को दी।

इसके बाद मजिस्ट्रेट ने डायल 112 की टीम को मौके पर बुलाया। डायल 112 की टीम और प्रशासनिक अधिकारियों की मदद से बेहोश छात्रा को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. हिमांशु कुमार ने बताया कि छात्रा की पहचान नरौली गांव निवासी खुशी कुमारी के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि छात्रा को प्राथमिक उपचार दिया गया, जिसके बाद उसकी हालत में सुधार हुआ।

प्राथमिक इलाज के बाद छात्रा मजिस्ट्रेट के साथ पुनः परीक्षा केंद्र पहुंची और शेष परीक्षा में शामिल हुई। जानकारी के अनुसार, परीक्षा कक्ष में एक अन्य छात्रा द्वारा सेंट (परफ्यूम) का उपयोग किए जाने से खुशी कुमारी को एलर्जी हो गई थी, जिसके कारण उसे चक्कर आया और वह बेहोश हो गई।इस संबंध में एसडीएम स्वतंत्र कुमार सुमन ने बताया कि परीक्षा के दौरान एक छात्रा की तबीयत कुछ खराब हुई थी, लेकिन समय पर इलाज कराए जाने के कारण स्थिति सामान्य हो गई और छात्रा दोबारा परीक्षा देने में सफल रही। जिले में इंटर परीक्षा का पांचवां दिन शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं कदाचार-मुक्त माहौल में सम्पन्न हुआ। जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा सुचारु रूप से आयोजित की गई। परीक्षा के पांचवें दिन प्रथम पाली में रसायन शास्त्र तथा द्वितीय पाली में अंग्रेजी विषय की परीक्षा आयोजित की गई। प्रथम पाली में कुल 20,336 परीक्षार्थियों में से 20,138 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 198 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए।

# निर्माणाधीन मकान से फंदे से लटकी मिली लाश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** नगर थाना क्षेत्र के कोरियासा गांव में एक निमार्णाधीन घर के अंदर फांसी लगाकर एक बढ़ई मिस्त्री ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक 28 वर्षीय धीरज कुमार शर्मा जिले के कुंडा थाना क्षेत्र के कानीजोर बीएन झा कॉलेज के पास का रहने वाला था। बताया जाता है कि नगर थाना झौंसागढ़ी मोहल्ला निवासी राजेश कुमार साह वहां घर बनावा रहे हैं। धीरज ने लकड़ी के काम का ठेका लिया था। बताया जाता है कि धीरज शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे काम पर जाने की बात कहकर घर से निकला था। उसके बाद वह लौटकर नहीं आया। वहीं वह फोन भी नहीं उठा रहा था। पूरी रात स्वजनों ने उसकी तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला।

सुबह जिसका घर बन रहा था उसके साथ वे लोग निमाणार्धीन घर में गए। वहां बाहर का गेट अंदर से बंद था। वहीं अंदर का दरवाजा खुला हुआ था। दीवार फांदकर वे लोग घर के अंदर घुसे। रसोई घर में छत पर कड़ी के सहारे युवक का शव एक प्लास्टिक की रस्सी से लटक रहा था।

लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने पर नगर थाना की पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घटना की छानबीन की। शव को नीचे उतारा गया और उसे पोस्टमार्टम के लिए देवघर सदर अस्पताल भेज दिया।

पुलिस ने घटना को लेकर स्वजनों से पूछताछ की। हालांकि किसी की समझ में ये नहीं आ रहा है कि उसने आत्महत्या क्यों की। पुलिस आत्महत्या के कारण का पता लगाने का प्रयास कर रही है। मृतक अपने पीछे पत्नी, पांच वर्ष की बेटी व तीन वर्ष का एक बेटा छोड़ गया है। वह घर में अकेले कमाने वाला था। उसकी मौत से पूरा परिवार गहरे सदमे में है।

# महापौर पद के प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** नगर निकाय चुनाव को लेकर शनिवार को धनबाद नगर निगम के सामान्य प्रेक्षक रोबिन टोप्पो की उपस्थिति में निवार्ची पदाधिकारी (महापौर) सह अपर समाहर्ता विनोद कुमार तथा सहायक निवार्ची पदाधिकारी बाल किशोर महतो ने महापौर पद के 29 प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित किया।

महापौर पद के प्रत्याशी अमित कुमार अग्रवाल को एयर कंडीशनर, आकाश दुसाध को छड़ी, इंदु देवी को चूड़ियां, उमेश पासवान को बैटरी टॉर्च, कुसुम देवी को बेंच, चंद्र शेखर अग्रवाल को बिस्कुट, जावेद इकबाल को बक्सा, दिलीप कुमार को ईंटें, दीनानाथ ठाकुर को बाल्टी, नवल किशोर पासवान को कैमरा, मो परवेज खान को कार्पेट, प्रकाश कुमार को सीसीटीवी कैमरा, बिनोद कुमार सिंह को चपाती रोलर, भृगु नाथ भगत को चिमनी, मुकेश कुमार पांडेय को नारियल फार्म, यौगेंद्र प्रधान को कंप्यूटर माउस चुनाव चिह्न आवंटित किया गया। वहीं रवि चौधरी को घन, रवि बुंदेला को हीरा, राजकुमार कनौजिया को डोली, राम विनय सिंह को ड्रिल मशीन, राहुल कुमार चौहान को बिजली का खंभा, मो रुस्तम अंसारी को बांसुरी, लक्ष्मी देवी को फव्वारा, शमशेर आलम अंसारी को कीप, शांतनु कुमार चंद्रा को गैस का चूल्हा, शिल्पी शर्मा को चाय छलनी, संजीव कुमार को हरी मर्च, संजीव सिंह को ऊन व सिलाई एवं के.सी. सिंहराज को हेलमेट चुनाव चिह्न आवंटित किया गया।

### चुनावी खर्च की सीमा तय

साहिबगंज। नगर निकाय चुनाव में उम्मीदवारों के चुनावी खर्च की अधिकतम सीमा जनसंख्या के आधार पर तय की गई है। राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार नगर परिषद और नगर पंचायत क्षेत्र में अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद पद के उम्मीदवार तय सीमा के भीतर ही चुनावी खर्च कर सकेंगे।

राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार, जिस नगर परिषद की जनसंख्या एक लाख से अधिक है वहां अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अधिकतम 10 लाख रुपये तथा वार्ड पार्षद पद के उम्मीदवार दो लाख रुपये तक खर्च कर सकेंगे।

साहिबगंज नगर परिषद की जनसंख्या एक लाख से कम है। इस वजह से यहां के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार छह लाख रुपये तक ही खर्च कर सकेंगे। वहीं, वार्ड पार्षद पद के प्रत्याशी अधिकतम डेढ़ लाख रुपये तक खर्च कर सकेंगे।

बरहड़वा व राजमहल नगर पंचायत की जनसंख्या 12 हजार से अधिक और 40 हजार से कम है।

# नवजात लेकर पहुंची परीक्षा देने

**जमुई।** मातृत्व की असहनीय पीड़ा, नवजात शिशु की जिम्मेदारी और शारीरिक कमजोरी के बावजूद शिक्षा के प्रति अटूट संकल्प की एक मार्मिक और प्रेरक कहानी प्रखंड में सामने आई। उमवि पाण्डेयडीह की छात्रा खुशबू कुमारी ने शुक्रवार सुबह सिर्फ कुछ घंटे पहले नवजात शिशु को जन्म देने के बावजूद सीधे परीक्षा केंद्र पहुंचकर यह साबित कर दिया कि मजबूत इच्छाशक्ति के आगे परिस्थितियां भी घुटने टेक देती हैं। खुशबू इंटर की छात्रा है। जानकारी के अनुसार, खुशबू ने सुबह आठ बजे के करीब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सोनो में सुरक्षित रूप से एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। चिकित्सकीय दृष्टि से विश्राम की सख्त आवश्यकता थी, लेकिन छात्रा का लक्ष्य और आत्मविश्वास डगमगाया नहीं। स्वजनों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए परीक्षा छोड़ने की सलाह दी, लेकिन खुशबू ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मेहनत और भविष्य से समझौता उसके लिए मंजूर नहीं है। इसके बाद वह नवजात को गोद में लेकर सीधे प्लस टू राज्य संपोषित उच्च विद्यालय, सोनो स्थित परीक्षा केंद्र पहुंच गई।

# मेगा ब्लॉक ने बढ़ायी यात्रियों की फजीहत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** गया जंक्शन से हटिया-पटना एक्सप्रेस का परिचालन बंद होने से यात्रियों की परेशानी काफी बढ़ गई है। गया इस क्षेत्र का प्रमुख रेल केंद्र है, जहां से प्रतिदिन हजारों यात्री पटना, रांची, हटिया सहित अन्य शहरों की यात्रा करते हैं। ऐसे में दोपहर के समय पटना जाने वाली एकमात्र प्रमुख ट्रेन का गया से न खुलना यात्रियों के लिए बड़ी समस्या बन गया है।दैनिक यात्री अखिलेश सिंह, अनिरुद्ध कुमार शर्मा, संजय सिंह, अमृता देवी, ममता कुमारी और सोनम कुमारी सहित अन्य लोगों ने बताया कि दोपहर में पटना जाने के लिए हटियाझपटना एक्सप्रेस ही सबसे भरोसेमंद साधन थी।

अब ट्रेन के वैकल्पिक रूट से परिचालन के कारण उन्हें अन्य साधनों पर निर्भर होना पड़ रहा है, जिससे समय और खर्च दोनों बढ़ गए हैं।दरअसल, गया जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या दो और तीन पर 45 दिनों के मेगा ब्लॉक के तहत विकास कार्य चल रहा है। इसके चलते कई ट्रेनों का परिचालन वैकल्पिक रूट से किया जा रहा है या उनके ठहराव और प्रारंभिक स्टेशन में बदलाव किया गया है। इसी कारण हटियाझपटना एक्सप्रेस का गया जंक्शन से परिचालन फिलहाल बंद है। यात्रियों की परेशानी को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने राहत के उपाय करने का निर्णय लिया है। प्लेटफार्म संख्या सात पर हेल्पलाइन सेंटर खोले जाएंगे, जहां बदले गए रूट, समय और ठहराव की पूरी जानकारी दी जाएगी।साथ ही यात्रियों की सुविधा के लिए वहीं वाटर वेंडिंग मशीन भी लगाई जाएगी। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि विकास कार्य पूरा होते ही ट्रेनों का परिचालन पूर्ववत कर दिया जाएगा। वहीं यात्रियों ने मांग की है कि दोपहर में पटना के लिए अतिरिक्त ट्रेन या स्पेशल सेवा चलाई जाए, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके।

## टी-20 वर्ल्ड कप के पहले मैच में हारते-हारते जीता पाकिस्तान

- फहीम ने आखिरी 2 ओवर में 3 छक्के लगाकर मैच पलटा, नीदरलैंड 3 विकेट से हारा

**कोलंबो (एजेंसी)।** 2009 का चैंपियन पाकिस्तान टी-20 वर्ल्ड कप के पहले मैच में नीदरलैंड से हारते-हारते जीत गया। टीम को जीत के लिए आखिरी 2 ओवर में 29 रन बनाने थे। उसे फहीम अशरफ ने 19वें ओवर में 3 छक्के लगाकर 3 विकेट की जीत दिलाई। 18वें ओवर तक नीदरलैंड का पलड़ा भारी था। 19वें ओवर की पहली बॉल पर फहीम ने छक्का लगाया, लेकिन दूसरी बॉल पर मैक्स ओडाउड से उनका कैच ड्रॉप हो



गया। जीवनदान मिलने के बाद फहीम ने दो छक्के लगाकर मैच का रुख पाकिस्तान की ओर कर दिया। उन्होंने 11 बॉल पर नाबाद 29 रन की पारी खेली। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। कोलंबो में शनिवार को खेले गए मैच में पाकिस्तान की के ओपनर साहिबजादा फरहान ने 47 रन बनाए। वे 3 रन से फिफ्टी चूक गए। सईम अयूब ने 24 रन बनाए। नीदरलैंड की ओर पॉल वैन मीकेरेन और आर्यन दत्त को 2-2 विकेट मिले। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। पहले बैटिंग कर रही नीदरलैंड की पूरी टीम 19.5 ओवर में 147 रन पर सिमट गई। कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने सबसे ज्यादा 37 रन बनाए। पाकिस्तान की ओर से सलमान मिर्जा ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। नीदरलैंड के 10 में से 9 बल्लेबाज कैच आउट हुए, जबकि केवल एक विकेट अबरार अहमद ने कॉलिन एकरमैन को बोल्ड कर हासिल किया।

## बहिष्कार विवाद पर सुनील गावस्कर का पाकिस्तान पर कड़ा प्रहार

- पाक बार-बार भारत से दोस्ताना पहल की उम्मीद करता है

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी-20वर्ल्ड कप 2026 में भारत-पाकिस्तान मुकाबले के बहिष्कार को लेकर चल रहे विवाद के बीच दिग्गज भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने पाकिस्तान पर तीखा हमला बोला है। गावस्कर का मानना है कि पाकिस्तान बार-बार भारत से दोस्ताना पहल की उम्मीद करता है, लेकिन वही रवैया कभी भारत की ओर से वापस देखने को नहीं मिला।

**आईपीएल का उदाहरण देकर पाकिस्तान पर साधा निशाना-** सुनील गावस्कर ने याद दिलाया कि साल 2008 में जब आईपीएल की शुरुआत हुई थी, तब लगभग हर फ्रेंचाइजी में पाकिस्तानी खिलाड़ी शामिल



थे। इसके अलावा पाकिस्तानी कमेंटेटर्स को भी भारत में काम करने का मौका दिया गया था। गावस्कर ने कहा, हमने पहले ही पहल की थी। 2008 में आईपीएल में पाकिस्तानी खिलाड़ी थे, लेकिन पाकिस्तान की तरफ से कभी वैसी कोशिश नहीं दिखी, यहां तक कि तब भी जब दोनों देशों के रिश्ते आज जैसे खराब नहीं थे।

**सिर्फ क्रिकेट नहीं, सांस्कृतिक आदान-प्रदान का भी जिक्र-** गावस्कर ने क्रिकेट से आगे बढ़कर सांस्कृतिक रिश्तों की भी बात की। उन्होंने सवाल उठाया कि कितने भारतीय सिंगर्स या फिल्म स्टार्स को पाकिस्तानी फिल्मों में काम करने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा पहला कदम बढ़ाता है, लेकिन पाकिस्तान की ओर से ऐसा कम ही देखने को मिलता है। साथ ही उन्होंने यह भी साफ किया कि भारत किसी तरह की 'बुलींग' नहीं कर रहा, बल्कि अपने रास्ते पर चल रहा है।

**भारत-पाक मैच के बहिष्कार पर बयान-** गावस्कर की यह प्रतिक्रिया उस वक्त आई है जब पाकिस्तान ने 15 फरवरी को कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में होने वाले भारत के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप मुकाबले का बहिष्कार करने का फैसला किया है।

- टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत के खिलाफ खेलने के लिए मिमिया रहा पाकिस्तान?

# ... लेकिन रखी हैं कुछ शर्तें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** क्रिकेट जगत के सबसे चर्चित मुकाबले को रद्द होने से बचाने के लिए आईसीसी ने पूरी ताकत झोंक दी है। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 48 घंटों में आईसीसी और पीसीबी के बीच हुई बातचीत के बाद इस मैच के होने की उम्मीदें काफी बढ़ गई हैं। पाकिस्तान ने इस मैच में खेलने के बदले आईसीसी के सामने कुछ विशेष शर्तें रखी हैं, जिन पर अभी मंथन जारी है। हालांकि मैच होने की उम्मीद नजर आने लगी है और अगले 48 घंटे में कुछ अच्छी खबर आने की उम्मीद है। अभी उन शर्तों के बारे में खुलासा नहीं हुआ है।

**पाकिस्तान का रुख-** प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हाल ही में कैबिनेट बैठक में कहा था कि



खेल के मैदान पर राजनीति नहीं होनी चाहिए और बांग्लादेश के साथ खड़े रहना एक सही फैसला है। पाकिस्तान का तर्क है कि अगर बांग्लादेश को सुरक्षा संबंधी चिंताएं थीं, तो आईसीसी को उस पर विचार करना चाहिए था। इसी विरोध स्वरूप पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ मैच न खेलने का निर्णय लिया था।

**पीसीबी और बीसीसीआई के बीच बढ़ता तनाव-** विवाद की जड़ में आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स द्वारा बांग्लादेशी तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को रिलीज करना भी बताया जा रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, बीसीसीआई के निर्देश पर मुस्तफिजुर को टीम से बाहर किया गया, जिसके बाद बीसीबी और बीसीसीआई के रिश्तों में कड़वाहट आ गई। इसी के बाद बीसीबी ने सुरक्षा का मुद्दा उठाकर मैच रिलोकेशन की मांग की थी। भले ही अभी गतिरोध पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है, लेकिन आईसीसी के सूत्रों का मानना है कि वित्तीय नुकसान और ब्रॉडकास्टर्स के दबाव को देखते हुए पीसीबी नरम पड़ सकता है।

### क्या है पूरा विवाद?

दरअसल, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए अपने वर्ल्ड कप मैच भारत से श्रीलंका शिफ्ट करने की मांग की थी। जब आईसीसी ने 14-2 के बहुमत से इस मांग को खारिज कर दिया, तो बांग्लादेश ने टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया, जिसके बाद उनकी जगह स्कॉटलैंड को शामिल किया गया। इसके बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बांग्लादेश के प्रति एकजुटता दिखाते हुए भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले मैच के बहिष्कार की घोषणा कर दी थी।

### विंटर ओलिंपिक्स

## सोने के दाम में 107 प्रतिशत वृद्धि का असर

**लंदन (एजेंसी)।** इटली में (6-22 फरवरी) हो रहे विंटर ओलिंपिक्स में इस बार खिलाड़ियों के दिए जाने वाले मेडल सिर्फ सम्मान का प्रतीक नहीं हैं, बल्कि कीमत के मामले में भी इतिहास रचेंगे। कीमती धातुओं




की बढ़ती कीमतों के कारण ये ओलिंपिक मेडल अब तक के सबसे महंगे माने जा रहे हैं।

आयोजकों के मुताबिक, स्कीइंग, आइस हॉकी, फिगर स्केटिंग और कर्लिंग जैसे खेलों में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को 700 से ज्यादा गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल दिए जाएंगे। मिलानो-कोर्टिना, इटली में हो रहे ओलिंपिक गेम से पहले भी बीते 130 वर्षों में 57 गेम हो चुके हैं।

# बीसीसीआई चैंपियन टीम को 7.5 करोड़ का इनाम देगा

### अंडर-19 वर्ल्ड कप

## सूर्यवंशी ने भोजपुरी गाने पर डांस किया, अवॉर्ड सपोर्ट स्टाफ को डेडिकेट किया

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** बीसीसीआई अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम को 7.5 करोड़ की प्राइज मनी देगा। बीसीसीआई के सेक्रेटरी देवजीत सैकिया ने शनिवार को इनामी राशि का ऐलान किया। उन्होंने कहा, 'जीत के बाद पूरा देश खुश है। भारतीय टीम पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही, यह सराहनीय है। हमने वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम के लिए 7.5 करोड़ रुपए के इनाम की घोषणा की है।'

भारत ने एक दिन पहले शुक्रवार को फाइनल में इंग्लैंड को 100 रन से हराकर छठी बार खिताब जीता। 175 रन की पारी खेलने वाले वैभव सूर्यवंशी प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने जीत के बाद भोजपुरी गाने पर जमकर डांस किया। राजस्थान रॉयल्स ने इसका वीडियो सोशल मीडिया में पोस्ट किया। फैंस इसे खूब पसंद कर रहे हैं।

**खिलाड़ियों ने 'सॉरी-सॉरी' गाने पर डांस किया-** टीम के सेलिब्रेशन के एक वीडियो क्लिप में वैभव कहते हैं कि पंजाबी गाना समझ नहीं आ रहा गाइज, अब भोजपुरी लगेगा। इसके बाद वैभव ने पवन सिंह का गाना सॉरी-सॉरी प्ले किया। इसके बाद सभी खिलाड़ी इस भोजपुरी गाने पर डांस करने लगे।

वीडियो के आखिरी में वैभव कहते हैं कि अब मेरी तरफ से आज के लिए इतना ही काफी है। आईपीएल की राजस्थान रॉयल्स ने डांस की वीडियो क्लिप पर कमेंट




भी किया और लिखा कि 'एक बिहारी सब पर भारी।

**वैभव ने अवॉर्ड सपोर्ट स्टाफ को डेडिकेट किया-** अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 में वैभव सूर्यवंशी जीत के हीरो रहे। फाइनल में 175 रन की पारी के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। पूरे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन और सबसे ज्यादा छक्के लगाने के चलते वे प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी बने। उन्होंने 7 मुकाबलों में 62.71 की औसत से 439 रन बनाए, जिनमें 41 चौके और 30 छक्के शामिल थे।


प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज बनने के बाद वैभव ने कहा, बहुत अच्छा लग रहा। मैं ये अवॉर्ड पूरे सपोर्ट स्टाफ को डेडिकेट करना चाहता हूं।

**पिता बोले- वैभव की यह पारी ऐतिहासिक रही-** मीडिया से बातचीत में वैभव सूर्यवंशी के पिता संजीव सूर्यवंशी ने टीम इंडिया के विश्व कप जीतने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि वैभव समेत सभी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है।

उनके मुताबिक, वैभव की यह पारी ऐतिहासिक रही है। उन्होंने कहा, आज हम वर्ल्ड कप जीते हैं, इसके लिए हमें बहुत गर्व है। पूरा देश खुश है। बिहार और देशवासियों का आशीर्वाद हमेशा उसके साथ रहा है।वहीं, वैभव के चाचा राजीव सूर्यवंशी ने भी खुशी जताते हुए कहा- हम और पूरे क्षेत्र के लोग बहुत गर्व महसूस कर रहे हैं। वैभव ने जिस तरह का खेल दिखाया है, वह काबिले-तारीफ है। हमें पूरा विश्वास है कि वह जल्द ही भारतीय टीम के लिए खेलेगा।

### दोहरा शतक बनाने से चूक गए

वैभव सूर्यवंशी के दादा उपेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि यह उनके परिवार के लिए बेहद खुशी का पल है। उन्होंने बताया कि वैभव ने शानदार बल्लेबाजी की। हालांकि वह दोहरा शतक बनाने से चूक गए। हम शुरू



से ही कह रहे थे कि वह फाइनल में बेहतरीन प्रदर्शन करेगा।उन्होंने आगे कहा कि 15 साल से कम उम्र का खिलाड़ी इस तरह का खेल दिखा रहा है, यह अपने आप में बड़ी बात है। भले ही वह दोहरा शतक नहीं बना पाए, लेकिन सिर्फ 80 गेंदों में 175 रन बनाना अपने आप में ऐतिहासिक है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर दूसरे खिलाड़ियों का थोड़ा और साथ मिलता, तो वैभव और भी बड़ा स्कोर खड़ा कर सकते थे।




# वैभव सूर्यवंशी अंडर-19 वनडे में भारत के टॉप बैटर

### एक पारी में बाउंड्री से सबसे ज्यादा रन, 30 सिक्स भी लगाए

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** 14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने अंडर-19 वर्ल्ड कप में 175 रन की पारी खेलकर कई रिकॉर्ड्स बना डाले। हरारे क्रिकेट ग्राउंड में वैभव ने 15 चौके और 15 छक्के जमाए, यानी 150 रन तो केवल बाउंड्री से ही बना लिए। उनकी पारी की बदौलत भारत ने 50 ओवर में 411 रन का स्कोर खड़ा किया।

जवाब में इंग्लैंड की टीम 40.2 ओवर में 311 रन पर सिमट गई। भारत ने मुकाबला 100 रन से जीतकर छठी बार खिताब अपने नाम किया। वैभव यूथ वनडे (अंडर-19 स्टेज) में भारत के लिए सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। पूरे टूर्नामेंट में वैभव ने कुल 30 छक्के भी लगाए, जो सबसे ज्यादा है।

### स्टोरी में वैभव सूर्यवंशी के टॉप रिकॉर्ड्स

1. **वैभव इंडिया -19 के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर-** वैभव सूर्यवंशी यूथ वनडे क्रिकेट में भारत अंडर-19 के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने महज 25 मैचों में 1412 रन बनाकर विजय जोल का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 36 मैचों में 1404 रन बनाए थे।
2. **भारत के लिए -19 वर्ल्ड कप में सबसे बड़ा इंडिविजुअल स्कोर-** वैभव सूर्यवंशी अंडर-19 वर्ल्ड कप में भारत के लिए सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उनकी 175 रन की पारी ने राज बावा का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इससे पहले बावा ने 2022 अंडर-19 वर्ल्ड कप में युगांडा के खिलाफ नाबाद 162 रन बनाए थे।यह पारी यूथ वनडे इतिहास में भारत के लिए दूसरा सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर भी है। वैभव सिर्फ अंबाती रायडू (177*, 2002 - इंग्लैंड) से पीछे हैं। सूर्यवंशी ने महज 71 गेंदों में 150 रन पूरे कर यूथ वनडे इतिहास का सबसे तेज 150 भी बनाया। उन्होंने अपना ही पुराना रिकॉर्ड बेहतर किया (एशिया कप में यूएई के खिलाफ 84 गेंद)। इसके साथ ही वे यूथ वनडे में एक से अधिक बार 150+ स्कोर बनाने वाले दुनिया के सिर्फ तीसरे बल्लेबाज बन गए। उनसे पहले श्रीलंका के पुलिंदु परेरा और साउथ अफ्रीका के जोरिच वैन शाल्कविक ही यह उपलब्धि हासिल कर सके थे।
3. **वैभव के एक यूथ वनडे में बाउंड्री से सबसे ज्यादा रन-** यूथ वनडे क्रिकेट में वैभव सूर्यवंशी ने बाउंड्री हिटिंग के मामले में नया बेंचमार्क सेट कर दिया। वे एक एक यूथ वनडे में बाउंड्री से सबसे ज्यादा रन वाले बैटर बन गए। वैभव ने 175 रन की पारी में 15 चौके और 15 सिक्स की मदद से 150 रन बनाए।उन्होंने श्रीलंका के हसिथा बोयगोदा के 124 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। हसिथा ने केन्या के खिलाफ 2018 -19 वर्ल्ड कप में 191 रन की पारी खेली थी।
4. **सूर्यवंशी फाइनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर-** वैभव अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 175 रन की पारी खेली। इससे पहले यह रिकॉर्ड भारत के ही उन्मुक्त चंद के नाम था, जिन्होंने 2012 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 111 रन बनाए थे।

### भारत को -19 वर्ल्ड कप जिताने में यह रहे हीरो

- **वैभव सूर्यवंशी-** फाइनल मैच में 175 रन की शतकीय पारी खेली। इस पारी की बदौलत भारत 412 रन का टारगेट देने में कामयाब रहा। वैभव ने इस टूर्नामेंट के 7 मैचों में 74 के एवरेज से 444 रन बनाए। इनमें एक शतक 3 अर्धशतक शामिल रहे।
- **ऑरोन जॉर्ज-** ओपनिंग करते हुए सेमीफाइनल में अफगानिस्तान के खिलाफ 115 रन की शतकीय पारी खेली। उस मैच में भारत ने रिकॉर्ड 311 रन का टारगेट चेज किया था। ऑरोन जॉर्ज ने 5 मैचों में 170 रन बनाए।
- **आयुष म्हात्रे -** फाइनल और सेमीफाइनल में अर्धशतकीय पारियां खेलीं। फाइनल में वैभव के साथ 90 बॉल पर 142 रन की साझेदारी की। उन्होंने 7 मैचों में 3 अर्धशतकों के सहारे 214 रन बनाए। इतना ही नहीं, 7 विकेट भी चटकाए।
- **हेनिल पटेल-** भारत के टॉप विकेट टेकर्स में शामिल हैं। पहले ही मैच में इ्र के खिलाफ 5 विकेट निकले। टूर्नामेंट में खेले 7 मैचों में 11 विकेट झटके। पूरे टूर्नामेंट में किफायती गेंदबाजी की। उनकी इकोनॉमी 4.44 रही।
- **आरएस अंबरीश -** फाइनल मैच में इंग्लैंड के खिलाफ 3 विकेट निकाले। इनमें 115 रन बनाने वाले कालेब फॉल्कनर का विकेट भी शामिल था। टूर्नामेंट में 11 विकेट लेकर भारत के टॉप विकेट टेकर्स में शामिल रहे। 4.93 की इकोनॉमी से गेंदबाजी की।



## चीन से हारकर भारतीय महिला टीम बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप से बाहर

**किंगदाओ (एजेंसी)।** पिछली चैम्पियन भारतीय महिला टीम बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को दूसरे दर्जे की चीन की टीम से 0-3 से हारकर बाहर हो गई। भारत ने 2024 में इस टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था लेकिन इस बार पी वी सिंधू के नहीं खेलने से भारत की संभावनाओं को धक्का लगा।

टूर्नामेंट में इससे पहले दो मैच जीत चुकी दुनिया की 42वें नंबर की खिलाड़ी तन्वी शर्मा दसवीं रैंकिंग वाली गाओ फांग जिसे एकतरफा मुकाबले में 9-21, 9-21 से हार गई। गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली की जोड़ी ने जुझारू खेल दिखाया लेकिन दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी जिया यि फान और झांग शू शियान से 22-24, 18-21 से पराजय का सामना करना पड़ा।

रक्षिता रामराज दूसरे एकल में शू वेन जिंग से 70 मिनट के मुकाबले में 14-21, 21-15, 17-21 से हार गई। भारत ने टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में म्यामांर को 5-0 से हराया था लेकिन थाईलैंड से 2-3 से हार गई थी। भारतीय पुरूष टीम क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया से खेलेगी।




## सचिन और लवलीना की अगुवाई में 12 भारतीय फाइनल में पहुंचे

**ला नुसिया (एजेंसी)।** शानदार प्रदर्शन से भरे एक और सेशन के बाद आठ महिलाओं और चार पुरुषों सहित 12 भारतीय बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल 2026 के आखिरी दिन गोल्ड के लिए मुकाबला करेंगे। पुरुषों की तरफ से सचिन (60किग्रा) ने मोर्चा संभाला, जिन्होंने इंग्लैंड के जैक ड्राइडन पर एक और शानदार जीत के साथ अपनी बेहतरीन लय जारी रखी। महिलाओं के सेक्शन में, ओलंपिक मेडलिस्ट लवलीना बोरगोहेन (75किग्रा) ने वेल्स की रोजी एक्लेस पर सर्वसम्मत जीत के साथ फाइनल में जगह बनाई। ला नुसिया, एलिकांटे, स्पेन में आयोजित बॉक्सम एलीट 2026 में 20 देशों के 200 से ज़्यादा मुक्केबाजों ने हिस्सा लिया। शनिवार के फाइनल में भारत (12) सबसे ज़्यादा प्रतिनिधित्व वाला देश है - जो दिग्गज कजाकिस्तान (11), यूक्रेन (5), और मेजबान स्पेन (4) से आगे है - और कम से कम एक गोल्ड पक्का है, क्योंकि एलीट महिला 54किग्रा का फाइनल पूरी तरह से भारतीयों के बीच होगा। भारत की महिलाओं ने अलग-अलग कैटेगरी में सेमीफाइनल में शानदार जीत के साथ अपना मजबूत प्रदर्शन जारी रखा, जिसमें 54किग्रा कैटेगरी में गोल्ड पक्का होना सबसे खास रहा, जहां प्रीति और पूनम खिताब के लिए आमने-सामने होंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पसंद की शादी के फैसले को सम्मान दें, किसी की मंजूरी की जरूरत नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि अपनी पसंद से जीवनसाथी



चुनने वाले व सहमति से विवाह करने वाले वयस्कों को समाज या माता-पिता की मंजूरी की आवश्यकता नहीं है। उच्च न्यायालय कहा कि न ही कोई व्यक्ति या संस्था उनके इस निर्णय में दखल दे सकती है। न्यायमूर्ति सौरभ बनर्जी की पीठ ने कहा कि सहमति से विवाह करने का निर्णय पूरी तरह पवित्र है। ऐसे निर्णय को सम्मान दिया जाना चाहिए, विशेषकर तब जब दोनों व्यक्ति वयस्क हों और उन्हें अपने जीवनसाथी चुनने का संवैधानिक अधिकार प्राप्त हो। पीठ ने दोहराया कि विवाह करने का अधिकार मानवीय स्वतंत्रता का अभिन्न हिस्सा है। यह अधिकार न केवल मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा में निहित है, बल्कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन व व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का भी अहम पहलू है। अनुच्छेद 21 सभी व्यक्तियों को विशेष रूप से सहमति से निर्णय लेने वाले वयस्कों को अपने निजी विकल्पों में स्वतंत्रता देता है। ये टिप्पणियां पीठ ने एक विवाहित दंपति की याचिका स्वीकार करते हुए कीं, जिसमें दोनों वयस्क याचिकाकर्ताओं ने महिला के पिता द्वारा दी जा रही धमकियों के मद्देनजर पुलिस सुरक्षा की मांग की है। दंपति ने बताया कि उन्होंने जुलाई 2025 में आर्य समाज मंदिर में हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह किया है। बाद में उसे सक्षम प्राधिकारी के समक्ष पंजीकृत कराया है।

### नोएडा एयरपोर्ट के पास घर खरीदने का मौका, 10 हजार फ्लैट बनेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के पास करीब 10 हजार फ्लैट



बनेंगे। यमुना विकास प्राधिकरण (यीडा) ने करीब दो वर्षों में आठ नए ग्रुप हाउसिंग भूखंड आवंटित किए हैं, जिनमें सोसाइटियां आकार लेंगी। यीडा के एसीईओ ने बताया कि एयरपोर्ट के आने के बाद शहर में कई नई विकास परियोजनाओं का काम शुरू हुआ है। आवासीय योजनाओं के जरिए शहर में करीब 30 हजार से अधिक भूखंड आवंटित हो चुके हैं, जबकि 1100 से अधिक आवंटियों ने कंप्लीशन भी प्राप्त कर लिया है। एयरपोर्ट भी जल्द शुरू होने वाला है। ऐसे में प्राधिकरण क्षेत्र में बसावट और औद्योगिक गतिविधियां तेज करने पर जोर दे रहा है। इसी कड़ी में वर्ष 2024 से अब तक शहर में करीब आठ नए ग्रुप हाउसिंग के छोटे बड़े भूखंड आवंटित किए गए हैं, जिनमें करीब 10 हजार से अधिक फ्लैट तैयार होंगे। इन भूखंड से यीडा की आमदनी बढ़ी है तो वहीं शहर में गगनचुंबी इमारतों का रास्ता भी साफ हुआ है। यह सभी भूखंड यीडा सेक्टर 22डी में आवंटित हुए हैं। एसीईओ यीडा राजेश कुमार ने बताया कि वर्ष 2024 में आठ नए ग्रुप हाउसिंग भूखंड आवंटित किए गए हैं, इनमें सभी बड़े बिल्डरों को भूमि दी गई हैं। जल्द ही मौके पर निर्माण कार्य भी शुरू हो जाएगा। इन परियोजनाओं में करीब दस हजार फ्लैट तैयार हो सकेंगे। यमुना सिटी में करीब 13 वर्ष बाद ग्रुप हाउसिंग के भूखंड आवंटित किए गए। इससे पहले 2011 में ग्रुप हाउसिंग भूखंड योजना निकाली गई थी। अब यमुना सिटी में ग्रुप हाउसिंग परियोजनाओं की संख्या 19 हो गई है। हालांकि, अधिकांश परियोजनाएं अधूरी पड़ी हैं। कुछ एनसीएलटी में भी हैं, जिनमें काफी खरीदार फंसे हैं। ऐसे में बिल्डरों को भी फ्लैट बेचने के लिए निर्माण गुणवत्ता बेहतर करनी होगी।

# मेट्रो से लेकर डीटीसी बस तक, एक अथॉरिटी संभालेगी सारा काम; सरकार का खास प्लान

## सीएम ने टास्क फोर्स का किया गठन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** परिवहन व्यवस्था में व्यापक सुधार के लिए दिल्ली यूनिफाइड मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी (डीयूएमटीए) तथा एक समर्पित दिल्ली अर्बन ट्रांसपोर्ट फंड (डीयूटीएफ) का गठन किया जाएगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश पर इसके लिए एक व्यापक विधेयक का मसौदा तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

इस मॉडल में एकीकृत परिवहन प्राधिकरण को एक नोडल संस्था के रूप में परिकल्पित किया गया है, जो परिवहन संचालकों, नगर निकायों, यातायात पुलिस और सड़क अवसंरचना एजेंसियों को एक संस्थागत ढांचे में लाएगा। मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित कानून के शीघ्र और समावेशी मसौदे को सुनिश्चित करने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया है।

टास्क फोर्स को निर्देश दिए गए हैं कि वह निर्धारित समय-सीमा में विधेयक का मसौदा तैयार कर प्रस्तुत करे। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह निर्णय शहरी योजनाकारों, परिवहन विशेषज्ञों और नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही उस मांग के अनुरूप है, जिसमें विभिन्न परिवहन एजेंसियों के बीच योजना, निवेश और संचालन के लिए एक प्रभावी एकीकृत प्राधिकरण की आवश्यकता जताई जाती रही है। इस टास्क फोर्स में परिवहन, शहरी विकास, वित्त, योजना, लोक निर्माण और दिल्ली पुलिस सहित प्रमुख विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त,





दिल्ली विकास प्राधिकरण, नगर निगम, दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन, दिल्ली परिवहन निगम, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम और भारतीय रेलवे जैसे प्रमुख नागरिक एवं परिवहन संस्थानों के प्रतिनिधियों को भी इसमें शामिल किया गया है।

मुख्यमंत्री ने शहरी परिवहन के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों को सह नामित करने का भी सुझाव दिया है। टास्क फोर्स तीन सप्ताह के भीतर सिफारिशें प्रस्तुत करेगी, जिसके पश्चात विधेयक को विधायी प्रक्रिया के माध्यम से अंतिम रूप देने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

अभी दिल्ली में मेट्रो, बस, रेलवे, क्षेत्रीय रेल और फीडर सेवाएं अलग-अलग एजेंसियों द्वारा संचालित की जाती हैं। तालमेल की कमी के कारण योजना, निवेश और संचालन में दिक्कत आती है, जिसका सीधा असर नागरिकों पर पड़ता है। दिलली सरकार का लक्ष्य है कि एक ऐसी व्यवस्था बने जो सभी परिवहन सेवाओं को एक साथ जोड़कर योजना बनाए, विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करे और शहर की जरूरतों के अनुसार दीर्घकालिक योजना तैयार करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रदूषण से निपटने के लिए अल्पकालिक, मध्यमकालिक और दीर्घकालिक समाधानों पर एक साथ काम कर रही है। डीयूएमटीए की स्थापना निजी वाहनों पर निर्भरता घटाने और दिल्ली के प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ, सुरक्षित और कुशल गतिशीलता उपलब्ध कराने के लिए सबसे महत्वपूर्ण दीर्घकालिक हस्तक्षेपों में से एक होगी। जाम कम होने से प्रदूषण में भी कमी आएगी।

## दिल्ली पुलिस ने ऑपरेशन शस्त्र लॉन्च किया

# ऑपरेशन शस्त्र, सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो डालने वालों की खैर नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने ऑपरेशन शस्त्र लॉन्च किया है। इस ऑपरेशन के जरिए सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो डालने और गाली-गलौज करने वालों पर कड़ा ऐक्शन लिया जा रहा है। इस ऑपरेशन में 2000 पुलिसकर्मियों ने 6000 प्रोफाइल की जांच कर 83 लोगों को गिरफ्तार किया। यही नहीं हथियार बरामद किए हैं। पुलिस ने दिल्ली में लापता होने की खबरों को पेड प्रमोशन बताया है। आंकड़ों के अनुसार, पिछले वर्षों के मुकाबले लापता होने के मामलों में कमी आई है।

इस ऑपरेशन का मकसद सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ तस्वीरें शेयर करने और डर फैलाने के लिए गाली-गलौज वाली भाषा इस्तेमाल करने वालों पर ऐक्शन लेना है। ताजा ऑपरेशन में 500 से अधिक टीमें और 2000 पुलिसकर्मी शामिल रहे। इन टीमों ने 6000 प्रोफाइल की जांच की। इसके बाद 83 गिरफ्तारियां की गईं। इनमें 67 वयस्क और 16 नाबालिग शामिल हैं। कुल 61 एफआईआर दर्ज की गईं।

### 82 हथियार जब्त

संयुक्त कमिश्नर ऑफ पुलिस एसके जैन (दक्षिणी रेंज) ने कहा कि दिल्ली पुलिस ने ऑपरेशन शस्त्र उन लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए लॉन्च किया था जो ऑनलाइन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हथियारों के साथ अपनी तस्वीरें शेयर कर रहे थे। ये आरोपी गाली-गलौज वाली भाषा का इस्तेमाल कर रहे थे। इन लोगों का मकसद सोशल मीडिया के जरिए डर का माहौल बनाना था। ऑपरेशन के दौरान 82 हथियार और 93 जिंदा कारतूस जब्त किए गए।

### लोगों के लापता होने में बढ़ोतरी के दावों को किया खारिज

ज्वाइंट सीपी एसके जैन ने बताया कि ऑपरेशन का मकसद ऑनलाइन धमकियों को रोकना था। आरोपियों के पास से 82 हथियार और 93 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। दिल्ली पुलिस ने दिल्ली में लापता लड़कियों की संख्या में बढ़ोतरी के दावों को खारिज कर दिया है। दिल्ली पुलिस ने साफ किया है कि इसे पेड प्रमोशन के जरिए बढ़ावा दिया जा रहा है। अफवाहें फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जारी किए आंकड़े

दिल्ली पुलिस ने कहा कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है। दिल्ली पुलिस ने डेटा भी जारी किया। इससे पता चलता है कि पिछले साल की तुलना में जनवरी 2026 में दिल्ली में लापता लोगों के मामलों में कमी आई है। आंकड़े यह भी बताते हैं कि दिल्ली में आबादी बढ़ने के बावजूद बीते एक दशक में लापता लोगों की संख्या काफी हद तक स्थिर रही है। दिल्ली पुलिस के डेटा से पता चलता है कि 2016 से अब तक कुल 1,80,805 लापता लोगों को ढूंढकर उनके परिवारों से मिलाया गया है।

# नीली नहीं, कभी बैंगनी दिखती थी पृथ्वी; वैज्ञानिकों की रिसर्च में चौंकाने वाला दावा

**लंदन, एजेंसी।** आज तक हम पढ़ते और सुनते आ रहे हैं कि अतंरिक्ष सी पृथ्वी का रंग नीला दिखता है। लेकिन नए रिसर्च में खुलासा हुआ है कि लगभग 2.4 अरब साल पहले, हमारी पृथ्वी नीली नहीं बल्कि गहरे बैंगनी रंग की दिखाई देती थी। दरअसल,14 फरवरी, 1990 को वॉयेजर-1 ने सौरमंडल से बाहर जाते हुए आखिरी बार पृथ्वी की तस्वीर ली, तो वह एक छोटा सा पेल ब्लू डॉट नजर आई। आज अंतरिक्ष से पृथ्वी को देखने पर यह नीली दिखाई देती है, जिसमें जगह-जगह सफेद बादल और हरे रंग के धब्बे दिखाई देते हैं। लेकिन 2.4 अरब साल पहले यह बैगनी दिखती थी।



बैंगनी पृथ्वी परिकल्पना क्या है? बैंगनी पृथ्वी परिकल्पना के अनुसार, पृथ्वी की सतह पर कभी बैंगनी रंग के सूक्ष्मजीवों का प्रभुत्व था, जो सूर्य के प्रकाश से ऊर्जा प्राप्त करने के लिए रेटिनल नामक अणु का उपयोग करते थे। नासा के एक पुराने लेख के अनुसार , रेटिनल संभवतः क्लोरोफिल और प्रकाश संश्लेषण के विकास से भी पहले मौजूद था। वैज्ञानिकों का मानना है कि पृथ्वी पर प्रारंभिक जीवन ने प्रकाश संश्लेषण के लिए क्लोरोफिल के बजाय रेटिनल का उपयोग किया होगा। रेटिनल हरे और पीले प्रकाश को अवशोषित करता है, जबकि लाल और नीले प्रकाश को परावर्तित करता है, जिससे ग्रह को बैंगनी रंग मिलता है। यूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैंड के प्रोफेसर शिलादित्य दास शर्मा और यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, रिवरसाइड के खगोल-जैव वैज्ञानिक डॉ. एडवर्ड श्वीटरमैन के अनुसार, पृथ्वी पर शुरुआती जीवन हरे पौधों पर आधारित नहीं था। आज शुरुआती जीवन ने रेटिनल नामक अणु का इस्तेमाल किया, जो क्लोरोफिल से भी पहले विकसित हुआ हो सकता है।

# अमेरिका में दरिंदगी की हद पार: शवगृह मालिक को 40 साल की सजा

**कोलोराडो स्प्रिंग्स, एजेंसी।** अमेरिका के कोलोराडो में एक दिल दहला देने वाले मामले में अदालत ने फ्यूनरल होम (शवदाह गृह) के मालिक जॉन हॉलफोर्ड को 40 साल की जेल की सजा सुनाई है। हॉलफोर्ड पर करीब 200 शवों के साथ दुर्व्यवहार करने और परिवारों को धोखा देने का आरोप था। अदालत में पीड़ित परिवारों ने उसे 'राक्षस' और 'घिनौना इंसान' करार दिया।

सजा सुनाने की सुनवाई के दौरान पीड़ित परिवार के सदस्यों ने न्यायाधीश एरिक बेंटली को बताया कि अपने प्रियजनों के साथ हुई घटना के बारे में जानने के बाद से उन्हें भयानक सपने आते रहे हैं। उन्होंने जज से आरोपी जॉन हॉलफोर्ड को अधिकतम 50 साल की सजा देने की अपील की। आरोपी हॉलफोर्ड ने सजा सुनाए जाने से पहले माफी मांगी और कहा कि उसे अपने काम पर जीवन भर पछतावा रहेगा। पूर्व पत्नी को हो सकती है 35 साल तक की जेल इस मामले में उसकी पूर्व पत्नी कैरी हॉलफोर्ड, जो रिटर्न टू नेचर फ्यूनरल होम



की सह-मालिक थी, उसे 24 अप्रैल को सजा सुनाई जानी है। उसे 25 से 35 साल की जेल हो सकती है। इस जोड़े पर शवों के साथ दुर्व्यवहार करने, चोरी करने, धन की हेराफेरी करने और दस्तावेजों में हेराफेरी करने का आरोप है। दोनों ने अभियोजकों के साथ एक समझौते के तहत शवों के साथ दुर्व्यवहार के लगभग 200 मामलों में दिसंबर में अपना अपराध स्वीकार कर लिया था। क्या है पूरा मामला? जॉन हॉलफोर्ड और उसकी पत्नी कैरी हॉलफोर्ड 'रिटर्न टू नेचर' नाम से फ्यूनरल होम चलाते थे। उन पर आरोप है कि उन्होंने189 शवों को एक इमारत में सड़ने के लिए छोड़ दिया।वहीं परिजनों को उनके प्रियजनों की अस्थियों के नाम पर सूखा कंक्रीट (सीमेंट) थमा दिया। यह सिलसिला 2019 से 2023 तक चलता रहा, जिसका खुलासा तब हुआ जब पड़ोसियों ने बदबू की शिकायत की। शवों को कोलोराडो स्प्रिंग्स के दक्षिण में स्थित पेनरोस नामक छोटे शहर की एक इमारत में छिपाकर रखा था। कई महीनों की मेहनत के बाद उंगलियों के निशान, डीएनए और अन्य तरीकों की मदद से शवों की पहचान की गई। जांच में सामने आया कि हॉलफोर्ड दंपति ने अंतिम संस्कार के नाम पर परिवारों से प्रति व्यक्ति 1200 डॉलर (करीब 1 लाख रुपये) वसूले। इस पैसे का इस्तेमाल शवों के अंतिम संस्कार के बजाय उन्होंने अपनी विलासिता के लिए किया।

# हिंदुओं का समर्थन, सीमापार घुसपैठ पर रोक और बांग्लादेश फर्स्ट की नीति... बीएनपी के 51 सूत्रीय घोषणापत्र में कई वादे

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने भारत सहित सभी पड़ोसी देशों के साथ संबंध सुधारने के संकेत दिए हैं। पार्टी ने सीमाओं पर होने वाली हत्याओं और अवैध घुसपैठ को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने की भी घोषणा की है।

12 फरवरी को प्रस्तावित राष्ट्रीय चुनाव और जनमत संग्रह को लेकर बीएनपी ने शुक्रवार को 51 सूत्रीय घोषणापत्र जारी किया। पार्टी प्रमुख तारिक रहमान ने प्रेस कान्फ्रेंस में हिंदू और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए फंडिंग बढ़ाने का वादा किया।

### भारत सहित पड़ोसी देशों से संबंध सुधारने का वादा

उन्होंने कहा कि बीएनपी देश के हित, स्वतंत्रता और संप्रभुता को बनाए रखते हुए अन्य देशों के साथ संतुलित और सकारात्मक संबंध विकसित करेगी। उनके अनुसार, पार्टी समानता, सहयोग और मित्रता के आधार पर रिश्तों को आगे बढ़ाएगी, जिसकी नींव पारस्परिक सम्मान और समझ पर होगी।

घोषणापत्र में बीएनपी ने बांग्लादेश फ?र्स्ट को अपनी मूल विचारधारा बताया है। पार्टी ने दिवंगत राष्ट्रपति जियाउर रहमान के 19 सूत्रीय कार्यक्रम, खालिदा जिया के विजन-2030, तारिक रहमान की 31 सूत्रीय राज्य सुधार योजना और राष्ट्रीय चार्टर के विभिन्न प्रावधानों को लागू करने को प्राथमिकता देने की बात कही है।



**हिंदू अल्पसंख्यकों के कल्याण हेतु फंडिंग बढ़ाने का संकल्प:** हालांकि दस्तावेज में किसी देश का नाम सीधे तौर पर नहीं लिया गया, लेकिन भारत का स्पष्ट उल्लेख करते हुए पद्मा (गंगा), तीस्ता और अन्य सीमा पार नदियों के जल बंटवारे में बांग्लादेश के उचित हिस्से को सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता जताई गई है। इसके साथ ही सीमा पर हत्या, घुसपैठ और अन्य अनुचित गतिविधियों को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की बात भी कही गई है। घोषणापत्र में यह भी उल्लेख किया गया कि बीएनपी हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देने में मजबूत भूमिका निभाने का लक्ष्य रखेगी।

# आईसीई की वर्स्ट ऑफ द वर्स्ट लिस्ट में 89 भारतीय शामिल

### ज्यादातर फाइनेंशियल फ्रॉड के दोषी, डीएचएस का बड़ा दावा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में इमिग्रेशन कार्रवाई को लेकर एक नया विवाद खड़ा हो गया है। अमेरिकी डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी ने ट्रंप प्रशासन के सख्त इमिग्रेशन अभियान के तहतगिरफ्तार~ सबसे बुरे में से सबसे बुरा नाम से एक सार्वजनिक ऑनलाइन डेटाबेस जारी किया है। इस लिस्ट में साल 2025 से अब तक आईसीई द्वारा गिरफ्तार किए गए करीब 25 हजार अप्रवासियों का ब्योरा दिया गया है, जिसमें कम से कम 89 भारतीय नागरिकों के नाम भी शामिल हैं। डीएचएस की इस वेबसाइट पर हर व्यक्ति का नाम, फोटो (मगशॉट), गिरफ्तारी की जगह और उस पर लगे आरोप सार्वजनिक किए गए हैं। इन सभी को वर्स्ट ऑफ द वर्स्ट की श्रेणी में रखा गया है। अधिकारियों के मुताबिक, सूची में शामिल लोगों पर वित्तीय धोखाधड़ी, हिंसक अपराध, ड्रग तस्करी, यौन अपराध और अन्य गंभीर मामलों के आरोप या दोषसिद्धि दर्ज हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, इन 89 भारतीय नागरिकों में से बड़ी संख्या पर गंभीर अपराधों के मामले दर्ज हैं। 22 मामलों में चोरी, टैक्स फ्रॉड, वायर फ्रॉड जैसे वित्तीय अपराध शामिल हैं। 21 लोगों को हमला, सेंधमारी जैसे हिंसक अपराधों में दोषी ठहराया गया है। 17 मामलों में यौन अपराधों से जुड़ी सजा दर्ज है। इसके अलावा ड्रग्स, घरेलू हिंसा, तस्करी और हत्या जैसे आरोप भी सूची में शामिल हैं। पूरी लिस्ट में हिट-एंड-रन के बाद हत्या के मामले में सिर्फ एक व्यक्ति को दोषी ठहराया गया है। यूजर्स इस डेटाबेस में नाम, राष्ट्रीयता, अपराध और अमेरिकी राज्य के आधार पर सर्च कर सकते हैं। डीएचएस की पब्लिक अफेयर्स की सहायक सचिव ट्रिशिया मैकग्लॉघलिन ने कहा कि इस प्लेटफॉर्म का मकसद पारदर्शिता बढ़ाना है।

# जहां गड्ढे में गिरकर हुई कमल की मौत, वहां मानकों के अनुसार नहीं थी सुरक्षा व्यवस्थाएं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जनकपुरी हादसे में हुई युवक की मौत को जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने दुखद बताया है। उन्होंने शुक्रवार सुबह जनकपुरी पहुंचकर मौके का निरीक्षण किया और सुरक्षा चूक पर तीन अधिकारियों को निलंबित कर दिया। निरीक्षण के दौरान प्रारंभिक तौर पर पाया गया कि खुदाई स्थल के आसपास सुरक्षा व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं थीं।

मंत्री ने मौके पर ही पूरी घटना की उच्चस्तरीय जांच के लिए तुरंत कमेटी गठित करने के निर्देश भी दिए। दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने बताया कि घटना वाले स्थान पर पिछले कई महीनों से सीवर लाइन से जुड़ा कार्य चल रहा था। प्रारंभिक निरीक्षण में सामने आया कि चल रहे सीवर प्रोजेक्ट के तहत लगभग 6 मीटर लंबा, 4 मीटर चौड़ा और करीब 4.25 मीटर गहरा गड्ढा खोदा गया था। यहां सड़क के कुछ हिस्सों पर बैरिकेडिंग की गई थी, लेकिन प्रारंभिक तौर पर यह पाया गया कि खुदाई स्थल के आसपास सुरक्षा व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं थीं। इसके चलते वहां दोपहिया वाहनों की आवाजाही जारी थी, जिससे सार्वजनिक सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न हुआ। सुरक्षा व्यवस्था में हुई चूक को गंभीरता से लेते हुए मंत्री ने संबंधित



अधिकारियों को तत्काल निलंबित करने के आदेश दिए हैं। इसमें एक कार्यकारी अभियंता, एक सहायक अभियंता और एक कनिष्ठ अभियंता शामिल हैं। साथ ही यहां कार्य कर रही एजेंसी के विरुद्ध जांच प्रारंभ कर दी गई है। इसके अलावा दिल्ली जल बोर्ड द्वारा एक उच्चस्तरीय जांच समिति गठित की गई है, जो जिम्मेदारी तय करने, प्रक्रियागत खामियों की समीक्षा करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु सुधारात्मक उपाय सुझाएगी। जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने जनकपुरी हादसे को लेकर पीड़ित परिवार को अनुग्रह राशि (आर्थिक सहायता) देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि नियमानुसार जो राशि दी जानी चाहिए, वह राशि पीड़ित परिवार को जल्द सौंपी जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनकपुरी में सड़क पर खोदे गए गड्ढे में गिरकर मोटरसाइकिल सवार की मौत के मामले पर दिल्ली जल बोर्ड अपना बचाव करते दिख रहा है।

### गड्ढे के पास से कई बार गुजरा पर नजर नहीं पड़ी... कहकर रोने लगे कमल के पिता

शव के घर पहुंचने से पहले शांत बैठे कमल के पिता नरेश ध्यानी का सब्र टूट गया और वह चीख कर बोले मेरा बेटा पूरी रात गड्ढे में पड़ा रहा और हम वहां से कई बार गुजरे। लेकिन एक बार भी गड्ढे में नहीं देख पाए। इतना कहते ही वह रोने लगे। कमल के पिता नरेश ध्यानी ने बताया कि वह सात लोग पूरी रात उसे ढूंढ रहे थे। उन्हें एक बार भी नहीं लगा कि वह गड्ढे में गिर गया होगा। अगर ऐसा होता तो वह वहां जरूर चैक करते। कमल के भाई ने बताया कि उसने अपने पैसे से तीन साल पहले बाइक खरीदी थी। उसे बाइक चलाने का शौक था। उसने राइडिंग के लिए विशेष हेलमेट ऑनलाइन मंगवाया था। हादसे के समय उसने अपना वहीं हेलमेट पहना हुआ था। भाई इतना कहते हुए रोने लगा और बोला कि सरकार की लापरवाही के चलते उसका भाई हमेशा के लिए चला गया। कैलाशपुरी में रहने वाले नरेश ध्यानी मूलत : गांव पोखरा, जिला गढवाल, उत्तराखंड़ के रहने वाले हैं। नरेश ध्यानी के परिजन लंबे समय पहले दिल्ली के राजघाट इलाके में आकर रहने लगे थे।

# हाथियों के हमले की दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं पर हो रही त्वरित - समन्वित कार्रवाई

## उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देश पर राहत, बचाव एवं सुरक्षा कार्य में जुटी टीम

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के बड़कीपुन्नू करमाली टोला तथा महुआटांड़ के गांगपुर क्षेत्र में 5 एवं 6 फरवरी 2026 को हाथी के हमले से घटित अत्यंत दुखद घटनाओं में एक ही परिवार के तीन सदस्यों सहित कुल पाँच लोगों की मृत्यु हो गई है। इसके अलावा कुछ ग्रामीण घायल हुए हैं, जिनका इलाज वर्तमान में जारी है। जिला प्रशासन इस त्रासदी से अत्यंत मर्माहत है तथा पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता है। उक्त बातें उपायुक्त अजय नाथ झा ने शनिवार को कहीं। घटना की गंभीरता को देखते हुए उपायुक्त के निर्देश पर सभी संबंधित विभागों द्वारा त्वरित, समन्वित एवं बहुआयामी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।



**विशेषज्ञ टीम की हुई तैनाती**

हाथी प्रबंधन एवं रेस्क्यू कार्य में विशेषज्ञता रखने वाली पश्चिम बंगाल के बांकुरा से 16 सदस्यीय टीम को बुलाया गया है, जो आज शाम 4 बजे तक जिले में पहुँच जाएगी। यह टीम वन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर स्थिति को नियंत्रित करने में सहयोग करेगी।

**चिकित्सा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था**

हाथी हमले में घायल सभी व्यक्तियों को सदर अस्पताल, रामगढ़ में भर्ती कराया गया है। उनके समुचित इलाज के लिए डॉक्टरों की एक विशेष मेडिकल टीम गठित की गई है। आर.एफ.ओ कुजू अपनी टीम के साथ अस्पताल में मौजूद रहकर घायलों की निरंतर देख रेख कर रहे हैं तथा राहत कोष के माध्यम से आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

**ट्रैंक्विलाइजेशन एवं रेस्क्यू की कार्रवाई**

हाथियों को सुरक्षित रूप से बेहोश कर रेस्क्यू करने के लिए ह्यवंताराह्न टीम से संपर्क किया गया है, जो आज दिन के अंत तक घटनास्थल पर पहुँच जाएगी। तब तक एक क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) हाथियों की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रख रही है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

**मुआवजा एवं राहत सहायता**

घटनास्थल पर तैनात क्यूआरटी द्वारा मृतकों के परिजनों एवं प्रभावित परिवारों को नियमानुसार तत्काल मुआवजा राशि उपलब्ध कराई जा रही है। आगे की सहायता प्रक्रियाएं भी शीघ्र पूर्ण की जाएँगी।

**ग्रामीणों की सुरक्षा हेतु तात्कालिक उपाय**

संवेदनशील क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों को टॉर्च एवं मशालें वितरित करने की व्यवस्था की जा रही हैं। साथ ही स्थानीय स्तर पर सुरक्षा एवं सतर्कता टीमों का गठन किया गया है, जो रात्रिकालीन गश्त एवं सूचना तंत्र को मजबूत करेंगी।

**दीर्घकालिक सुरक्षा व्यवस्था**

भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु संवेदनशील गांवों की पहचान की जा रही है। इन गांवों में सोलर लाइट लगाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी, जिससे रात्रि में दृश्यता बढ़े और हाथी-मानव संघर्ष की संभावना कम से कम हो।

**निगरानी एवं समस्याग्रस्त हाथी की पहचान**

समस्याग्रस्त हाथी की सटीक पहचान एवं उसकी गतिविधियों की निगरानी के लिए ड्रोन कैमरों से फुटेज ली जा रही है। प्राप्त आंकड़ों के आधार पर आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। उपायुक्त अजय नाथ झा ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने, ग्रामीणों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा स्थिति पूरी तरह सामान्य होने तक सतत निगरानी बनाए रखने का स्पष्ट निर्देश दिया है। जिला प्रशासन पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ा है और हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

**हाथी विचरण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की सतत मॉनीटरिंग**

हाथी विचरण वाले प्रभावित एवं संवेदनशील क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित नहीं हो, इसे सुनिश्चित करने हेतु प्रशासन द्वारा सतत निगरानी की जा रही है। उपायुक्त श्री अजय नाथ झा स्वयं इस व्यवस्था पर लगातार नजर रखे हुए हैं। इस क्रम में कार्यपालक अभियंता, तेनुघाट को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि इन संवेदनशील क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की नियमित, प्रभावी एवं सतत मॉनीटरिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि रात्रिकालीन समय में अंधेरे के कारण किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की संभावना को रोका जा सके। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया है कि अंडरग्राउंड वायर में फाल्ट की स्थिति उत्पन्न होने पर वैकल्पिक व्यवस्था के तहत ओवरहेड वायर के माध्यम से तत्काल बिजली आपूर्ति बहाल की जाए, जिससे प्रभावित क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनी रहे।

# हाथियों के आतंक से आक्रोशित ग्रामीणों ने रेंजर सहित वनकर्मियों को बनाया बंधक



**पेटरवार (बोकारो)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेरमो अनुमंडल के गोमिया के जंगलवर्ती क्षेत्रों में जंगली हाथियों के हमले में बीते तीन दिनों के अंदर एक चार वर्षीय बच्चा सहित पांच लोगों की मौत से ग्रामीण आक्रोशित हो गए। आक्रोशित ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम को बंधक बना लिया है। वहीं घटना स्थल पर पहुंचे गोमिया क्षेत्र के रेंजर को भी ग्रामीणों ने बंधक बनाकर अपने साथ बैठाया रखा। जे एल के एम की नेत्री पूजा महतो ने रेंजर के समक्ष आरोप लगाया कि जिस प्रकार से जंगल में अवैध उत्खनन एवं अवैध कटाई हो रही है और जंगल समाप्त हो रहा है तो जंगली जानवर गांव में पहुंचेंगे ही। मामले को लेकर बोकारो रेंजर बटुकेश्वर पासवान ने कहा कि हम और हमारा क्यू आर टीम दिन रात मेहनत कर हाथियों को भगाने का प्रयास कर रहे हैं। इस घटना में जिन लोगों की भी मौत हुई है उन लोगों को तत्काल 25-25 हजार रुपया मुआवजा राशि उपलब्ध कराया जा रहा है और जो लोग घायल है उनको भी 25000 रुपए और उनके इलाज का पूरा खर्च विभाग के द्वारा किया जा रहा है। घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को चार-चार लाख रुपया मुआवजा भी सरकारी प्रावधान के अनुसार मिलेगा। ग्रामीणों काफी आक्रोशित है। विभागीय अधिकारियों द्वारा ठोस निर्णय, स्पष्ट नीति और ठोस आश्वासन नहीं दिया जाता, तब तक स्थिति पर कोई अंतिम निर्णय संभव नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### डीडीसी ने मैट्रिक - इंटर परीक्षा केंद्रों का लिया जायजा

**कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा संपन्न कराने को केंद्राधीक्षक व वीक्षकों को दिए निर्देश**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में संचालित मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा को शांतिपूर्ण, कदाचारमुक्त एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी



मजूमदार ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में डीडीसी द्वारा सेक्टर 12 स्थित बीएमपी विद्यालय एवं मध्य विद्यालय आजाद नगर चास परीक्षा केंद्र का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा कक्षों, वीक्षण व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, केंद्र पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं अन्य व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। डीडीसी ने केंद्राधीक्षकों एवं वीक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिया कि परीक्षा पूर्णतः कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराई जाए तथा परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा के पांचवें दिन आयोजित विषयों की जानकारी ली। डीडीसी ने केंद्राधीक्षक से छात्रों की उपस्थिति एवं अनुपस्थिति से संबंधित जानकारी प्राप्त की। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) जगरनाथ लोहरा समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मतदान कर्मियों का प्रथम चरण का प्रशिक्षण संपन्न

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर पालिका आम निर्वाचन 2026 के तहत मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से दिनांक 05 फरवरी 2026 से 07 फरवरी 2026 तक मतदान कर्मियों का प्रथम चरण का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण प्रशिक्षण कोषांग के वरिष्ठ पदाधिकारी प्रभाष दत्ता, नोडल पदाधिकारी जगन्नाथ लोहरा, कोषांग प्रभारी डॉ. अतुल कुमार चौबे, राज कुमार शर्मा तथा मास्टर ट्रेनर अमन कुमार झा, परमेश्वर शर्मा, अनिल कुमार सिंह, आशुतोष कुमार, सुमन कुमार, रंजीत कुमार, विनोद कुमार, रूपेश कुमार सहित अन्य के द्वारा संपन्न कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान पीठासीन पदाधिकारियों को मतपत्र से मतदान कराने, मतपेटी को सील करने, मतपत्र लेखा संधारण, पीठासीन की घोषणाएं, डायरी एवं विभिन्न प्रपत्रों के संधारण



से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। प्रथम चरण के इस प्रशिक्षण में कुल 1,538 मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमें 190 पीठासीन पदाधिकारी, 257 प्रथम मतदान पदाधिकारी, 448 द्वितीय मतदान पदाधिकारी तथा 643 तृतीय मतदान पदाधिकारी शामिल थे। इस अवसर पर कोषांग प्रभारी डॉ. अतुल कुमार चौबे द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान कर्मियों को निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित तकनीकी तथ्यों एवं आवश्यक दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई तथा निर्वाचन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु सजग एवं जिम्मेदार भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।

# चास नगर निगम के महापौर पद के सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह हुआ आवंटित


**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगरपालिका निर्वाचन, 2026 के अंतर्गत चास नगर निगम (वर्गझ्रख) के महापौर पद हेतु निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची आज प्रकाशित की गई। निवार्ची पदाधिकारी, महापौर, पद अनुमंडल कार्यालय चास में तैयार की गई। इस सूची के अनुसार कुल 31 अभ्यर्थियों का नामांकन वैध पाया है। अभ्यर्थियों को निम्नलिखित निर्वाचन प्रतीक आवंटित किए गए हैं -

1. अनिल कुमार वर्मा - एयर कंडीशनर, 2. अभय सिंह - छड़ी, 3. अमर कुमार चौरसिया - चूड़िया, 4. अरबिंद कुमार - बैटरी टॉर्च, 5. अरविन्द कुमार राय - बेंच, 6. अविनाश कुमार - बिस्कुट, 7. उमेश ठाकुर - बक्सा, 8. एहसानउल्लाह शाह - ईंट, 9. गजेन्द्र प्रसाद हिमाशुं - बाल्टी, 10. गोपाल मुरारका - कैमरा, 11. जमील अख्तर - कारपेट, 12. जयवीर सिंह - सीसीटीवी कैमरा, 13. जवाहर प्रसाद - चपाती रोलर, 14. निधि कुमारी - चिमनी, 15. निमाई महतो - नारियल फार्म, 16. परिन्दा सिंह - कंप्यूटर माउस, 17. पंकज कुमार रॉय - घन, 18. प्रदीप वर्मन - हीरा, 19. मो फैजुद्दीन अंसारी - डोली, 20. विनोद कुमार - ड्रिल मशीन

21. भोलू पासवान - बिजली का खम्भा, 22. मो रफीक अंसारी - बासुरी, 23. राजकिशोर गोप - फव्वारा, 24. डॉ राजकुमार - कीप , 25. राज कुमार - गैस का चूल्हा, 26. रितु रानी सिंह - चाय छन्नी, 27. विकास कुमार पाण्डेय - हरी मिर्च, 28. विनोद मंडल - ऊन व सिलाई, 29. साधु शरण गोप - हेलमेट, 30. सावित्री देवी - आइसक्रीम, 31. मो सुल्तान - कटहल। निर्वाचन से संबंधित समस्त जानकारी एवं अभ्यर्थियों की विस्तृत सूची कार्यालय सूचना पट पर प्रदर्शित कर दी गई है। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आगे की सभी प्रक्रियाएं संपन्न कराई जाएंगी।

## फुसरो नगर परिषद के अध्यक्ष पद के सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगरपालिका निर्वाचन, 2026 के अंतर्गत फुसरो नगर परिषद (वर्ग-ख) के अध्यक्ष पद हेतु निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची आज प्रकाशित की गई। निवार्ची पदाधिकारी, अध्यक्ष पद, फुसरो नगर परिषद के कार्यालय (प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय, बेरमो) में तैयार की गई इस सूची के अनुसार कुल 09 अभ्यर्थियों ने नामांकन वैध पाया है। अभ्यर्थियों को निम्नलिखित निर्वाचन प्रतीक आवंटित किए गए हैं - 1. अनु कुमारी -एअरकंडीशनर, 2. निर्मला देवी -छड़ी, 3. प्रतिभा देवी -चूड़ियाँ, 4. फुलेश्वरी कुमारी -बैटरी टार्च, 5. बीना कुमारी -बेंच, 6. ममता देवी- बिस्कुट, 7. शकुन्तला देवी - बक्सा, 8. संगीता देवी - ईंट, 9. सहोदरी देवी - बाल्टी। निर्वाचन से संबंधित समस्त जानकारी एवं अभ्यर्थियों की विस्तृत सूची कार्यालय सूचना पट पर प्रदर्शित कर दी गई है। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आगे की सभी प्रक्रियाएं संपन्न कराई जाएंगी।





नगरपालिका चुनाव-2026 के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक बोकारो ने बेरमो, फुसरो एवं चंद्रपुरा थाना क्षेत्र स्थित बूथों की सुरक्षा व्यवस्था एवं मूलभूत सुविधा का किया निरीक्षण ।

# बोकारो से फिर गायब हुई एक महिला, दो महिलाओ का मिल चुका है शव

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिले में महिलाओं का गायब होना एक रहस्य बन चुका है। अभी तक गायब हुई दो महिलाओं का पुलिस ने शव बरामद किया है, जिसमें हत्या कर पहचान छिपाने के लिए जलने तक का प्रयास किया गया था। ताजा मामला सेक्टर 12 थाना इलाकें का है। रिंकू देवी नामक महिला 4 फरवरी की सुबह करीब साढ़े दस बजे से लापता हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है, लेकिन सफलता नहीं मिली है। परिजन अनहोनी की आशंका से परेशान है। पुत्र अक्षत कुमार ने बताया कि मां दुकान से सामान खरीद कर आने की बात कह कर घर से निकली थी। मां का अंतिम कॉल पूर्वाह्न 11 बजे आया था कि अलमीरा से पैसे निकाल कर डिलीवरी वाले को दे दो। उसके बाद से वह लौटकर नहीं आई। भाई ओमप्रकाश ने बताया कि लगातार जिस प्रकार से बोकारो से महिलाएं गायब हो रही है। उनकी हत्या भी कर दी जा रही है। उन्होंने बताया, पुलिस ने के अनुसार रिंकू देवी का लास्ट लोकेशन जरीडीह थाना क्षेत्र के तुपकाडीह में बताया था। हम लोगों ने खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। परिजन न्याय की गुहार लगाने के लिए एसपी आवास पहुंचे लेकिन परिजनों को मिलने नहीं दिया गया। इस मामले को लेकर डीएसपी सिटी आलोक रंजन ने कहा कि सभी मामलों में गहराई से अनुसंधान किया जा रहा है। कई लोगों को चिन्हित कर उस पर नजर रखी जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा भी किया जाएगा। वहीं सेक्टर 12 से गायब महिला के मामले पर कहा कि जल्द इस मामले की तहत तक पुलिस पहुंच जाएगी। उन्होंने किसी गिरोह के सक्रिय होने की बात से इनकार किया। साथ ही लोगों को थोड़ी सजग रहने की जरूरत है।





# डीइओ सह डीसी की उपस्थिति में मतदान कर्मियों का हुआ प्रथम रेंडमाइजेशन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर पालिका (आम) निर्वाचन 2026 को लेकर शनिवार को एनआइसी कक्ष में मतदान कर्मियों का प्रथम रेंडमाइजेशन कार्य संपन्न हुआ। रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अजय नाथ झा की उपस्थिति में पूरी पारदर्शिता के साथ की गई। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि नगर पालिका आम निर्वाचन 2026 के सफल संचालन के लिए कुल 1,110 मतदान कर्मियों की आवश्यकता है। निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदान कर्मियों का चयन रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के माध्यम से किया गया। एनआइसी कक्ष में आयोजित इस रेंडमाइजेशन कार्य में वरीय पदाधिकारी निर्वाचन कोषांग सह उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी सह डीपीआरओ मो. सफीक आलम, कार्मिक कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी प्रेमचंद्र सिन्हा, डीआइओ धनंजय कुमार, एडीआइओ समेत अन्य उपस्थित थे। प्रशासन द्वारा नगर पालिका आम निर्वाचन को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध ढंग से की जा रही हैं, ताकि मतदाताओं को शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया उपलब्ध कराई जा सके। जानकारी हो कि, चास नगर निगम क्षेत्र में मतदान के लिए 136 मतदान केंद्रों के लिए रिजर्व सहित 750 मतदान कर्मी, फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के 65 मतदान केंद्रों के लिए रिजर्व सहित 360 मतदान कर्मी की जरूरत है। जिसमें पीठासीन पदाधिकारी (पीओ), पी-वन, पी-टू, पी-थ्री एवं पी-फोर मतदान कर्मी शामिल है।



# बीएसएल में प्रशिक्षुओं हेतु वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के अंतर्गत मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग द्वारा 07 फरवरी 2026 को प्रशिक्षुओं के लिए वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन में किया गया. इस प्रतियोगिता में वर्ष 2024-25 तथा 2025-26 बैच के प्रबंधन प्रशिक्षु (तकनीकी), इंजीनियरिंग एसोसिएट प्रशिक्षु, कनीय इंजीनियरिंग एसोसिएट प्रशिक्षु एवं तकनीकी एसोसिएट प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया. कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि निदेशक प्रभारी श्री प्रिय रंजन, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री बनर्जी राजश्री एवं अधिशासी निदेशक (संकार्य) श्री अनूप कुमार दत्त ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया. इस खेल-कूद समारोह में कुल 296 प्रतिभागियों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिनमें 266 पुरुष एवं 30 महिला प्रशिक्षु शामिल थे. कार्यक्रम के आरंभ में मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास) सुश्री नीता बा ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया, जिसके उपरांत प्रशिक्षुओं द्वारा मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया. प्रतियोगिता के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने खेल-कूद को अनुशासन का पर्याय बताया और सभी प्रशिक्षुओं को एथलेटिक मीट में सक्रिय रूप से भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया. कार्यक्रम का सफल संचालन एवं समन्वयन सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास) श्री अमित आनंद द्वारा किया गया. अपने संबोधन में निदेशक प्रभारी श्री प्रिय रंजन ने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल केवल सहभागिता का विषय नहीं है, बल्कि यह जुनून, नेतृत्व और विजय की मानसिकता का प्रतीक है. उन्होंने जोर दिया कि जब कोई खिलाड़ी इसी भावना से खेलता है, तभी वह स्वयं के साथ अपनी टीम को भी सफलता के शिखर पर ले जा पाता है. अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री बनर्जी राजश्री ने टीम भावना पर बल देते हुए कहा कि व्यक्तिगत उत्कृष्टता अत्यंत आवश्यक है, किंतु जब यही उत्कृष्टता साझा लक्ष्यों की दिशा में संगठित होती है, तभी वह सामूहिक सफलता का ठोस आधार बनती है. प्रतियोगिता के दौरान पुरुष वर्ग के लिए 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़, 10074 मीटर रिले रेस, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो तथा टग ऑफ वॉर जैसी विभिन्न स्पधाएं आयोजित की गई. वहीं महिला वर्ग में 50 मीटर एवं 100 मीटर दौड़, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, मार्बल स्पून रेस, सुई-धागा रेस, म्यूजिकल चेयर एवं टग ऑफ वॉर मुख्य आकर्षण रहे. यह वार्षिक खेल आयोजन प्रशिक्षुओं में परस्पर संवाद, आत्म-प्रेरणा तथा कार्यस्थल पर अनुशासन विकसित करने की दिशा में एक प्रभावी पहल है. इस प्रकार की गतिविधियां प्रशिक्षुओं में टीम वर्क की भावना को प्रगाढ़ करती हैं, जो भविष्य में संयंत्र के सुरक्षित संचालन, उच्च गुणवत्तापूर्ण उत्पादन और बेहतर उत्पादकता सुनिश्चित करने में अत्यंत सहायक सिद्ध होंगी.

## कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए आशीर्वचन समारोह का आयोजन

**तेनुघाट(बोकारो)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की सी बी एस ई बोर्ड परीक्षा आगामी 17 फरवरी से आरंभ होने वाली है। जिसे ध्यान में रखते हुए आज विद्यालय परिसर में आशीर्वचन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में वशिष्ठ नारायण सिंह अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी, बेरमो उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आरंभ में बच्चों द्वारा मुख्य अतिथि का तिलक लगाकर स्वागत किया। प्राचार्या ने मुख्य अतिथि को पुष्प-गुच्छ, शाल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के आरंभ में संस्कृत शिक्षक द्रविण कुमार कर के सानिध्य में मुख्य अतिथि, प्राचार्या, शिक्षक एवं कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के परीक्षार्थी बड़े उत्साह पूर्वक वैदिक हवन में शामिल हुए। हवन के बाद मुख्य अतिथि ने छात्रों को परीक्षा पूर्व शुभकामनाएँ एवं बधाइयाँ देते हुए कहा कि सफलता प्राप्ति के लिए अनुशासन, आत्मविश्वास एवं ईमानदारी पूर्वक पठन-पाठन कार्य करना जरुरी है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com